वाराणसी, सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 304, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित





अंदर- अनुष्का-विराट की शादी को पूरे हुए 5 साल

अंदर- रामपुर में कमल खिलने के तीन बड़े कारण

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# लॉन्ग टर्म विजन जरूरी : पीएम मोदी

## शॉर्टकट की राजनीति करने वाले देश को नहीं चला सकते

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (11 दिसंबर, 2022) को विपक्षी राजनीतिक दलों पर हमला करते हुए शॉर्टकट की राजनीति का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ऐसे राजनीतिक संगठनों के नेता हर करदाता के सबसे बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि शॉर्टकट से कोई देश नहीं चल सकता है, इसके लिए लॉन्ग टर्म विजन जरूरी है। उन्होंने ऐसे राजनीतिक दलों और नेताओं पर आरोप लगाया कि इनका उद्देश्य सिर्फ झूठे वादों के साथ सत्ता हासिल करना है। महाराष्ट्र के नागपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पीए मोदी ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, ह्लमैं देश की राजनीति में आने वाली कुरूपता को

**बोले पीएम**

**कुछ राजनीतिक दल निजी लाभ के लिए देश की अर्थव्यवस्था को करना चाहते हैं तबाह**

लेकर देश के लोगों को सावधान करना चाहता हूं। शॉर्टकट का सहारा लेने वाले राजनीतिक दल और नेता हर करदाता के सबसे बड़े दुश्मन होते हैं। उनका मकसद सिर्फ सत्ता हासिल करना है और सरकार बनाने के लिए झूठे वादे करते हैं।

बोले, प्रधानमंत्री ने आगे कहा, ह्लजब देश अपने लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो ये अमृत काल में अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए



देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करना चाहते हैं। वे कभी भी देश नहीं बना सकते। देश अगले 25 साल के लक्ष्य पर काम कर रहा है, कुछ राजनीतिक दल अपने निजी लाभ के लिए देश की अर्थव्यवस्था को तबाह करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने पहले भी देश में फ्रीबी राजनीति का बार-बार उल्लेख किया है और इसे देश के विकास के लिए खतरनाक करार दिया। उन्होंने महाराष्ट्र में शुरू की गई विकासात्मक परियोजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि आम आदमी के स्वास्थ्य की बात हो, संपत्ति निर्माण की बात हो, किसानों का सशक्तिकरण हो या जल संरक्षण, पहली बार देश में ऐसी सरकार आई है जिसने इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को मानवीय स्पर्श दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार का ध्यान एक समग्र दृष्टिकोण के साथ बुनियादी ढांचे के विकास पर है। हम बुनियादी ढांचे को बेजान सड़कों और फ्लाईओवर तक सीमित नहीं कर सकते। राज्यों की प्रगति इस अमृत काल में राष्ट्र के विकास को शक्ति देगी। पीएम ने सबका साथ सबका विकास का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने लोगों की भागीदारी के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी और प्रगति के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में काम किया है। मुझे खुशी है कि हम इसे जनभागीदारी से हासिल कर सके।

### मोदी ने किया गोवा में दूसरे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को गोवा के मोपा में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। वहीं इस एयरपोर्ट को लेकर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को घोषणा की इस हवाई अड्डे का नाम राज्य के पूर्व सीएम और भाजपा के दिग्गज नेता मनोहर पर्रिकर के नाम पर होगा। मालूम हो कि पर्रिकर का मार्च 2019 में निधन हो गया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि मोपा, गोवा में इस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर जी के नाम पर रखा गया है। इस सरकार के आने से इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का नजरिया बदल गया है। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, देश के छोटे से छोटे शहरों में हवाई यात्रा कराने की पहल हमने की। हमने देश में एयरपोर्ट नेटवर्क का विस्तार किया है और पिछले 8 साल में 72 एयरपोर्ट बनाए गए हैं।

# शिंदे के नेताओं की सुरक्षा में निर्भया फंड से खरीदी गाड़ियों का इस्तेमाल

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। लेकिन अभी भी विकृति खत्म नहीं हुई है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मनमोहन सिंह सरकार ने 2013 में निर्भया फंड की स्थापना की थी।

निर्भया फंड की स्थापना महिलाओं की सुरक्षा के उपाय करने के लिए की गई थी। लेकिन इस फंड को लेकर एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। दरअसल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने गंभीर आरोप लगाया है कि इस फंड का इस्तेमाल महाराष्ट्र में शिंदे समूह के मंत्रियों की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है. अगर उनका आरोप सही है तो

**इलजाम**

**एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने गंभीर आरोप लगाया**

यह वाकई महाराष्ट्र के लिए बेहद शर्मनाक बात है। सुप्रिया सुले ने कहा कि जब उन्हें इस बारे में पता चला तो वे दंग रह गई। सुप्रिया सुले ने गंभीर आरोप लगाया कि सत्ता और प्रशासन का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है. ह्लगृह मंत्री को निर्भया फंड मामले की जांच करनी चाहिए। सुप्रिया सुले ने कहा शिंदे समूह की सुरक्षा के लिए निर्भया फंड का इस्तेमाल करना गलत है। उन्होंने कहा यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए लाई गई कारों का इस्तेमाल अलग मकसद के लिए किया जा रहा है।




# दिल्ली बीजेपी चीफ का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव का असर अब प्रदेश बीजेपी में दिखना शुरू हो गया है। निगम चुनाव में सत्ता गंवाने के बाद प्रदेश बीजेपी प्रमुख आदेश गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आदेश गुप्ता ने खुद अपने इस्तीफे की पुष्टि की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी नेतृत्व ने गुप्ता का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उत्तर पूर्व दिल्ली के मेयर रह चुके गुप्ता 2 जून 2020 को दिल्ली बीजेपी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। 54 वर्षीय गुप्ता ने पूर्व

**चुनाव का असर**

**दिल्ली नगर निगम चुनाव में हार की जिम्मेदारी ली**



प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी के इस्तीफे का बाद यह पद संभाला था। आदेश गुप्ता ने कहा कि मैंने कल ही अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दे दिया था। एमसीडी चुनाव में हार की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए मैंने अपने पद से त्यागपत्र दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा जी ने मेरा इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है और नया अध्यक्ष चुने जाने तक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को दिल्ली बीजेपी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता का कार्यकाल अगले साल जून तक था। इसके बावजूद बदली परिस्थितियों और मिशन 2024 को देखते हुए आदेश गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया। आदेश गुप्ता के इस्तीफे के बाद जल्द ही पार्टी के अध्यक्ष के रूप में नए चेहरे को लाने की राह साफ हो गई है।

### कानपुर में चार बांग्लादेशी गिरफ्तार, पासपोर्ट आधार कार्ड बरामद

**कानपुर।** कानपुर से सपा विधायक इरफान सोलंकी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कानपुर कमिश्नरेट ने चार बांग्लादेशी नागरिकों को अरेस्ट किया है। इनके पास से बांग्लादेशी और इंडियन पासपोर्ट, फेंक आधार कार्ड, विदेशी करेंसी, 14 लाख कैश बरामद हुआ है। चारों बांग्लादेशी नागरिकों को सपा विधायक इरफान सोलंकी और पार्षद ने सर्टिफिकेट दिया था। चारो एक ही परिवार के सदस्य हैं, परिवार का मुखिया विदेशी यात्राएं भी कर चुका है। पुलिस का कहना है कि यह राष्ट्रद्रोह से जुड़ा मामला भी हो सकता है।

## सपा को वोट करने वाले मुसलमान रामपुर की हार पर चिंतन करें

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती पहले भी कई बार अपने बयानों में कह चुकी हैं कि सपा भाजपा का सामना नहीं कर सकती है। मुसलमान सपा को समर्थन करने पर विचार करें। रविवार को उन्होंने ट्वीट कर रामपुर



विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा की हार पर सवाल उठाते हुए कहा कि कहीं ये भाजपा व सपा की मिलीभगत तो नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सपा को समर्थन करने वाले मुसलमान समाज को चिंतन करने की जरूरी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि यूपी के मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा की हुई जीत किन्तु रामपुर विधानसभा उपचुनाव में आजम खां की खास सीट पर योजनाबद्ध कम वोटिंग करवा कर सपा की पहली बार हुई हार पर यह चर्चा काफी गर्म है।

# पहाड़ पर आज से कांग्रेस राज का आगाज

## सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आज से कांग्रेस राज का आगाज हो गया है। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के पंद्रहवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सुखविंदर सुक्खू को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सुखविंदर सुक्खू के शपथ लेने के बाद मुकेश अग्निहोत्री ने डेप्युटी सीएम पद की शपथ ली। शपथ समारोह में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल हुए। शपथ समारोह में भारी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक जुटे। वहीं राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और छत्तीसढ़ के सीएम भूपेश

**शपथ ग्रहण**

**हिमाचल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिला था बहुमत**

**शपथग्रहण से पहले राहुल गांधी के गले लगीं प्रतिभा सिंह**

**मुकेश अग्निहोत्री ने डेप्युटी सीएम पद की शपथ ग्रहण की**

बघेल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस समारोह के दौरान उस वक्त भावुक क्षण भी दिखे जब सुक्खू अपनी मां के पास गए। सुक्खू की बेटियां भी शपथग्रहण समारोह में मंच पर नजर आईं। हिमाचल प्रदेश में 1985 से हर पांच



साल के बाद सरकार बदलने का रिवाज इस बार भी कायम रहा।

सुक्खू के शपथ लेने से पहले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने मंच पर रखी वीरभद्र सिंह की तस्वीर पर फूल चढ़ाए। सुखविंदर सिंह ने भी शपथ लेने से पहले वीरभद्र सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। शपथग्रहण से पहले प्रतिभा सिंह मंच पर पहुंचीं और राहुल गांधी के गले लग गईं। मंच पर प्रियंका गांधी काले कपड़ों में नजर आईं। उनके बगल राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे बैठे थे।

# काशी में निवेश को तलाशें अधिकाधिक क्षेत्र : सीएम

## संस्कृत विवि में 'प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन' में सीएम योगी ने किया आह्वान

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्यमियों, चिकित्सकों, व्यापारियों और जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक निवेशों की संभावनाओं संग युवाओं को नौकरी देने की संभावनाएं तलाशें। विकास की गति को कहीं भी थमने नहीं देना है। यूपी देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, नौजवानों को नौकरी देने वाला राज्य बनेगा। उन्होंने नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में सभी से सहयोग देने की आह्वान किया। साथ ही कहा कि काशी में निवेश के लिए अधिक से अधिक क्षेत्र की तलाश करें।

तेलियाबाग क्षेत्र स्थित संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान में रविवार को आयोजित 'प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन' को योगी संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आह्वान किया कि काशी में निवेश के अधिक से अधिक क्षेत्रों की तलाश करें। ताकि यहां के युवाओं को रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों में न जाना पड़े। किसने सोचा था कि काशी में गरीबों को आवास की सुविधा मिलेगी। यहां 43 हजार गरीबों को उनका आवास मिल चुका है। सूबे में 45 लाख लोगों को आवास दिया गया है। काशी में जहां 2016 तक सीवर का पानी सड़कों पर बहता था, गलियों-ममुहल्लों में कूड़े के ढेर होते थे,



संसंविवि मैदान में रविवार को सीएम योगी ने प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन को संबोधित किया

**आयोजन**

**कहा : यूपी बनेगा देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और युवाओं को नौकरी देने वाला राज्य**

**आज वाराणसी में हर तरफ से है फोर लेन कनेक्टिविटी, अब हर माह आ रहे एक करोड़ पर्यटक**

घाटों की हालत बेहद दयनीय हो चुकी थी, मगर आज बदलाव हम सबके सामने है। दूसरी ओर, सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण बना है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर कोविड प्रबंधन के काम आयी और अब ट्रैफिक कंट्रोल, कूड़ा प्रबंधन और अपराध नियंत्रण में यह सेंटर सेफ सिटी के रूप में उपयोगी साबित हो रहा है। यूपी आज सेफ सिटी का भी मॉडल बना है। उन्होंने कहा कि बीते आठ साल में हम सबने बदलती हुई काशी को देखा है। विकास की इस रफ्तार को रुकने नहीं देना है। सीएम ने कहा कि आपने आठ वर्ष में काशी को वैश्विक मंच पर छाते हुए देखा है। काशी विश्वनाथ धाम, जहां पर पहले संकरी गलियों से होकर जाना होता था और जहां पहले एक साल में एक करोड़ श्रद्धालु आते थे, आज उसका कायाकल्प हो चुका है।

आज एक महीने में ही एक करोड़ श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए आ रहे हैं। आज काशी में हर तरफ से फोर लेन कनेक्टिविटी है। लखनऊ, प्रयागराज, गाजीपुर, गोरखपुर को फोर लेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी से जोड़ा गया है। साथ ही देश और दुनिया के तमाम शहरों से साथ वायु सेवा को जोड़ा गया है।

# लखीमपुर खीरी कांड के मुख्य गवाह के भाई पर तलवार से हमला

**खीरी।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया हिंसा में किसानों की हत्या के केस में गवाह के भाई ने खुद पर विपक्षियों की तरफ से जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। उधर आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद भी न तो थाना प्रभारी राजू राव ने तहरीर ली और न ही घायल का मेडिकल करवाया।



कोतवाली क्षेत्र के कल्होरी गांव निवासी सर्वजीत सिंह 25 पुत्र अंग्रेज सिंह ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 दिसम्बर की रात 10 बजे के करीब अपने मित्र के यहां मुंडन संस्कार की पार्टी में शामिल होने शिवा पैलेस गया था। आरोप है कि उसका भाई तिकुनिया हिंसा में गवाह है।

जहां विपक्षी और मुख्य आरोपी आशीष मिश्र मोनू का खास आदमी विकास चावला पहले से ही मौजूद था। जो कि उससे रंजिश रखता है। आरोप है कि विकास ने जैसे ही उसे पार्टी में देखा तभी उसने अपने अन्य साथियों के साथ एक तलवार लेकर आ गया और गाली गलौज करते हुए तलवार से हमला कर दिया।

**हड़कंप**

**आरोपी आशीष मिश्र के करीबी पर आरोप, तहरीर के बाद भी पुलिस ने चुप्पी साधी मेडिकल भी नहीं करवाया**

मामले में घायल सर्वजीत सिंह के भाई प्रभुजीत सिंह जो कि तिकुनिया हिंसा में गवाह भी है, उसने बताया कि शनिवार को थाने में तहरीर दी लेकिन प्रभारी थाना राजू राव ने न तो तहरीर ली और न ही मुकदमा दर्ज कराया। यहां तक कि मेडिकल भी नहीं करवाया। मजबूरन गंभीर हालत में उन्हें घायल भाई को लखीमपुर के निजी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। उधर, कोतवाली प्रभारी राजू राव का कहना है कि उन्हें तहरीर ही नहीं मिली है। *एजेंसी*



# ‘एनओसी’ के लिए अभी से प्रारम्भ हो गयी भागदौड़

**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**तैयारी**

**निकाय चुनाव लड़ने वाले जुट गए हैं सभी कागजात दुरुस्त कराने में**

**संबंधित विभागों के लगा रहे चक्कर, बकाया अदा कर ले रहे एनओसी**

**वाराणसी।** नगर निगम चुनाव के लिए भले ही अभी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दल चुनाव लड़ने वालों ने अभी से इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। चुनाव महापौर का हो या फिर पार्षदी का। चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशियों ने मैदान में ताल ठोंकना शुरू कर दिया है। ऐसे लोगों के लिए सोशल मीडिया भी एक महत्वपूर्ण अखाड़ा बन चुका है। संभावित प्रत्याशी इस बात को जानते हैं कि चुनाव में सबसे बड़ा काम जहां अपनी पार्टी से टिकट लेने का होता है। उतना ही बड़ा काम विभिन्न विभागों से ‘एनओसी’ भी लेने का। लिहाजा, ‘एनओसी’ के लिए संभावित प्रत्याशियों ने अभी से भागदौड़ शुरू हो गयी है।

निकाय चुनाव लड़ने या लड़ाने वाले इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि नामांकन के समय ‘एनओसी’ एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है और नामांकन पत्र दाखिल करते समय इसको लगाना अनिवार्य होता है। यदि नामांकन के समय इस दस्तावेज को नहीं लगायेंगे तो चुनाव अफसर अड़ंगा लगा देंगे और नामांकन पत्र खारिज हो जाएगा।

वैसे भी यह बात सर्वविदित है कि बिजली बिल, पानी या रिहायशी और वाणिज्यिक भवन टैक्स का बकाया होने पर चुनाव मैदान में उतरने की अनुमति नहीं मिल सकती। यहीं कारण है कि निकाय चुनाव लड़ने का जज्बा रखने वाले अभी से बकाये टैक्सों की अदायगी करने में जुट गए हैं, ताकि समय रहते ऐसे दस्तावेजों को दुरुस्त करा लिया जाएं। ताकि पर्चा दाखिला के पहले ही एनओसी उनके हाथ में हों। हालांकि इन दस्तावेजों के लिए सबसे अधिक दिक्कत उन संभावित प्रत्याशियों के सामने आ रही है, जो किराए के मकान पर रहते हैं या फिर लंबा बकाया है। खैर, सभी संभावित उम्मीदवार संबधित विभागों के चक्कर लगाने लगे हैं।

नगरीय निकाय चुनाव नियमावली के अनुसार पार्षद प्रत्याशियों को नगर निगम से रिहायशी और वाणिज्यिक भवन टैक्स और जलकल से अपने वाटर टैक्स, सीवर टैक्स भुगतान का विभाग से एनओसी लेनी होती है। इसके अलावा बिजली विभाग से बिजली बिल की वर्तमान समय तक की अदायगी की भी एनओसी प्राप्त करनी होती है। नामांकन पत्र दाखिले के समय एनओसी यह बात को प्रमाणित करती है कि प्रत्याशी के ऊपर किसी भी तरीके का टैक्स का बकाया नहीं है। यहां यह बताना समाचीन होगा कि हाउस टैक्स की एनओसी लेने के लिए पार्षद प्रत्याशियों को इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि यदि उनके पास वाणिज्यिक भवन है तो उसकी भी एनओसी लेनी होगी। ऐसे में संभावित पार्षद प्रत्याशी अपने हाउस से लेकर वाणिज्यिक भवनों का बकाया टैक्स जमा करने में जुटे हुए हैं, जिससे उन्हें बाद में एनओसी हासिल करने की चिंता न हो और पर्चा दाखिला में कोई अड़ंगा न लग सके।

## पुलिस दफ्तरों और थानों का भी लगा रहे चक्कर

पार्षद बनने का ख्वाब देने वाले संभावित प्रत्याशी रिहायशी व वाणिज्यिक भवन टैक्स, जल कर और बिजली बिल के बकायों की अदायगी करने के बाद मिलने वाली एनओसी के बाद तब तक निश्चित नहीं हो पायेंगे, जब तक उनको संबंधित थाने से इस बात का प्रमाण-पत्र न मिल जाएं कि उनके खिलाफ किसी प्रकार का कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। जी हां, नामांकन पत्र में प्रत्याशी को इस बात की भी शपथ देनी होती है कि उनके खिलाफ किसी प्रकार का कोई आपराधिक मामला किसी भी थाने में दर्ज नहीं है। निर्वाचन नियमावली के अनुसार, जिस भी उम्मीदवार पर कोई मुकदमा चल रहा होगा या किसी केस में सजा पाए होंगे तो वे चुनाव नही लड़ पाएंगे। ऐसे में संभावित उम्मीदवार थानों और पुलिस कार्यालयों के चक्कर अभी से लगाने शुरू कर दिये हैं, ताकि यहां से भी समय रहते एनओसी हासिल किया जा सके कि उनके खिलाफ कोई मुकदमा नहं है और वे किसी मामले में सजा भी नहीं पाए हैं।

### चुनाव लड़ने के लिए ये प्रमाण-पत्र जरूरी

प्रत्याशी की संपत्ति और दायित्व का।
निकाय के अधीन एक साल से अधिक के बकाये का देनदार न होने का।
आरक्षण की स्थिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति का।
यदि किसी राजनीतिक दल से प्रत्याशी बनते हैं तो उस पार्टी का प्रमाणित अनुमोदन पत्र।




## संक्षेप

### पेयजल नलकूप ठप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**पिंडरा।** पिंडरा विकास खण्ड के थाना रामपुर स्थित पेयजल नलकूप से गत 15 दिनों से जलापूर्ति ठप होने से ग्रामीणों ने जलनिगम के अधिकारियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। रविवार को सुबह नौ बजे ही ग्रामीण दर्जनो की संख्या में पहुंचे तो वहां ताला लटकते मिला और चारो तरफ गन्दगी देख आक्रोशित हो गए। ग्रामीण घण्टे भर तक इंतजार किया कि कोई जिम्मेदार वहां पहुंचे और शिकायत का निस्तारण करे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि गत 15 दिनों से नलकूप का मोटर खराब है। अधिकारी केवल आश्वासन देते है काम कूछ नहीं करते। प्रदर्शन करने वालों में सिद्ध नाथ पांडेय, रामसागर पांडेय, दिनेश पांडेय, विनय सिंह पिंटू, संजय मिश्रा, मोनू पांडेय, निक्कू सिंह, नंदू जायसवाल, निश्चल गुप्ता , उत्कर्ष व सक्षम गुप्ता शामिल रहे।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के अटेसुआ ग्राम निवासी गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त विकास यादव को रविवार को चोलापुर पुलिस ने आयर बाजार(चोलापुर) से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्त के विरुद्ध(3)1 गैंगस्टर एक्ट के अतिरिक्त गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, धोखाधड़ी, मारपीट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी थानाध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, मुर्दहां चौकी प्रभारी पंकज सिंह, हेका. मुरारी यादव, का. शिवशंकर सिंह चौहान शामिल रहे।

### चोरी के मामले में पुलिस ने दर्ज की रपट

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र के करौदी इलाके में स्थित महामना नगर में रहने वाले मानस बनर्जी के बंद घर में चोरी करने मामले में शनिवार देर रात पुलिस मुकदमा दर्ज किया। मानस का आरोप हैं कि 20 अगस्त को कलकत्ता अपने घर चले गए। वहां से दो माह के बाद वापस 29 नबवर को लौटने पर घर का ताला टुटा था। आलमारी को तोड़कर 97 हजार नकद दो लैपटॉप घड़ी और एक लाख मूल्य का जेवरात गायब था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

### महिला के शव की नहीं हो पायी शिनाख्त

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के नरोतमपुर रमना मार्ग पर सड़क किनारे झाड़ी में शनिवार को मिले महिला के शव की शिनाख्त रविवार को भी नहीं पायी। पुलिस महिला के मौत कारण को जानने में जुटी है। महिला का पोस्टमार्टम 72 घंटा बीतने के कराया जाएगा। पुलिस नारोतमपुर रमना मार्ग पर लगें प्रमुख सीसीटीवी कैमरों की जांच किया, लेकिन कैमरे का फुटेज में कुछ मिला नहीं है। इंस्पेक्टर लंका बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला का प्रथम कारण दुर्घटना लग रहा है।सीसीटीवी कैमरों का जांच करने के साथ ही महिला का शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा हैं। महिला बाहरी और मांगने खाने वाली लग रही है।

### फोन कर घर से बुलाया और पीटकर अधमरा किया

**बड़ागांव।** बड़ागावं थाना क्षेत्र के बड़वापुर (चक खरावन) गांव में शनिवार की रात युवक को घर से फोन कर बुलाकर अज्ञात ने मारपीट कर अधमरा कर दिया। गांव वालों के सूचना पर पहुंचे घायल के पिता ने बेटे को इलाज के लिए तरना स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और तहरीर दी। जानकारी के अनुसार निवासी बड़वापुर जितेंद्र कुमार पटेल 20 वर्ष रात में घर पर खाना खा रहा था। इस दौरान उसे गांव के ही नयन पटेल नामक युवक के मोबाइल फोन आया और उसे बुलाया गया। मिलने पहुंचने पर उसे अज्ञात लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

### वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के लठिया चौराहे के पास किसी वाहन की टक्कर से रविवार को बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर अखरी चौकी प्रभारी धीरेंद्र तिवारी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाइक सवार गलत दिशा से जा रहा था। अधेड़ की पहचान हरदत्तपुर घमहापुर निवासी 50 वर्षीय सियाराम पटेल के रूप में हुई। वह मोहनसराय की ओर गलत दिखा से बाइक से जा रहे थे। तभी किसी वाहन ने टक्कर मारी। मोके पर ही मौत हो गई।

### सबमर्सिबल पंप चोरी

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के रामेश्वर पुलिस चौकी के बगल में स्थित परसीपुर गांव में संतोष पासवान का निजी समरसेबल पंप शनिवार की रात चोरों उठा ले गये। इसके पूर्व जगापट्टी, रामेश्वर, परसीपुर, भुईली सहित अन्य गांव में सोलर लाइट की बैटरी भी चोरी हो चुका है। क्षेत्र में इधर भी एक महीने के अंदर हुई कई चोरियों से लोग दहशत में हैं। दो माह पूर्व पेंदूका गांव में सेरई यादव के दुकान के पास से समरसेबल व स्टार्टर खोलकर चोर उठा ले गये थे। परसीगांव निवासी संतोष पासवान जब रविवार को सुबह खेत की भराई करने पहुंचे तो देखा कि समरसेबल पंप की पाइप व बिजली का केबल तोड़कर बाहर फेंका गया था। वहीं सोलर बॉक्स तोड़कर बैटरी चोरी कर ली गई है। सोलर बॉक्स से बैटरी नदारद देख ग्रामीणों ने इसकी जानकारी डायल 112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुचकर जांच पड़ताल किया।

### फसल नष्ट करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र मुरीदपुर गांव में हृदयनारायण विश्वकर्मा के खेत सरसो की फसल कुछ लोगों ने रौंद दिया। इस सम्बंध में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मुरीदपुर गांव निवासी हृदयनारायण विश्वकर्मा की सरसो की खड़ी फसल को गांव के ही तीन लोगों ने जबरन रौंद डाली। पूछने पर मारने को दौड़ा किया। इस सम्बंध में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

### लबे सड़क ट्रक खराब, लगा जाम

**वाराणसी।** विश्वसुंदरी पुल के ऊपर भूसी लदा ट्रक खराब होने के कारण रविवार देर शाम जाम लग गया। रामनगर से मोहनसराय की तरफ जा रहे ट्रक इंजन सीज हो गया। विश्वसुंदरी पुल के ऊपर ट्रक खराब होने बाद मौके पर एनएचएआई के पेट्रोलिंग कर्मी मौके पर पहुंचे। क्रेन की मदद से ट्रक को हटावाया। जिसके बाद जाम खुला। एक लेन जाम होने कारण दूसरे लेन पर चालकों के घुसने के कारण दूसरा लेन पर भी जाम लगने लगा। विश्वसुंदरी पुल के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।

# सॉल्वर को पुलिस ने अरेस्ट कर भेजा जेल

**शिकंजे में**

**फर्जी फोटो और कूटरचित दस्तावेज से दे रहा था चकमा**



पुलिस ने साल्वर को किया अरेस्ट

**बड़ागांव।** सिविल कोर्ट स्टाफ चालक की परीक्षा में सॉल्वर को पुलिस ने वाराणसी के संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल कोईराजपुर से गिरफ्तार किया। फर्जी फोटो और कूटरचित दस्तावेज के सहारे परीक्षा देने आए सॉल्वर के कब्जे से आधार कार्ड, छह फोटो और प्रवेश पत्र बरामद हुआ। उसे रविवार को जेल भेज दिया गया।

डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर के अनुसार गिरफ्तार फर्जी अभ्यर्थी अभय कुमार, गया (बिहार) के अतरी थाना अंतर्गत आयर गांव का रहने वाला है। शनिवार को उच्च न्यायालय की ओर से आयोजित सिविल स्टाफ केंद्रित ग्रेड-4 (चालक पद) की परीक्षा कोईराजपुर स्थित संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल में थी। इस बीच कक्ष निरीक्षक को रविकांत सिंह के प्रवेश पत्र और आधार कार्ड को देखते ही कुछ आशंका हुई। फोटो भी उसका मैच नहीं कर रहा था। अभ्यर्थी से पूछताछ शुरू हुई तो वह कूटरचित दस्तावेज के सहारे परीक्षा देने की बात कबूल की। अभ्यर्थी के कब्जे से आधार कार्ड, छह फोटो बरामद हुआ। परीक्षा केंद्र के निरीक्षक की सूचना पर पहुंची बड़ागांव पुलिस ने आरोपी अभय को गिरफ्तार किया। उसके बारे में और जानकारियां बिहार पुलिस से संपर्क कर जुटाई जा रही है। उधर, बनकट निवासी राजनारायण वर्मा की भी तलाश की जा रही है।

## परिचय समारोह में प्रत्यशियों ने प्रतिबद्धता गिनाई

**रामनगर।** दी लायर्स एसोसिएशन रामनगर की ओर से रविवार को बनारस बार और सेंट्रल बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों का परिचय समारोह बटाऊबीर स्थित एक निजी परिसर में आयोजित किया गया। इस समारोह में चुनाव लड़ रहे समस्त प्रत्याशियों ने भाग लिया। सभी ने अपनी प्राथमिकतायें गिनाई और अधिवक्ता हितों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कहा कि अधिवक्ता समाज देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक मजबूत अंग है। इसके हितों की रक्षा करना हमारा दायित्व है। इसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष विघ्नेश्वर चौरसिया एडवोकेट ने किया संचालन प्रशांत सिंह अधिवक्ता ने किया। सेंट्रल बार एसोसिएशन एवम बनारस बार एसोसिएशन तथा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने अपना परिचय दिया। अपने पक्ष में मतदान का आग्रह किया। परिचय सभा में अरूण राय, सुरेंद्र यादव, सुरेश मौर्या, विष्णु श्रीवास्तव,उमेश चन्द्र पाठक, लक्ष्मेश्वर नाथ शर्मा सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# युवती का शारीरिक शोषण करने वाला गिरफ्तार



पुलिस के शिकंजे में आरोपी

**जनसंदेश न्यूज**

**कछवांरोड।** मिर्जामुराद पुलिस ने गुड़िया गांव के पास से रविवार की सुबह शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने के मुकदमे में वांछित होकर फरार चल रहे आरोपी संदीप सरोज को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाप्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त भदोही जिले के ज्ञानपुर थानांतर्गत पूरे गोसाईदासपुर गांव का निवासी हैं। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र निवासी युवती ने तीन माह पूर्व युवक के खिलाफ धारा 493, 376 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, एसआई रविकांत चौहान, कांस्टेबल वैभव त्रिपाठी व मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# सफाई नदारद, कूड़े का अंबार, बेपरवाह जिम्मेदार



कूड़े के चलते लोग हैं खस्ताहाल

**रोहनिया।** एक तरफ जहां स्वच्छ भारत का सपना पीएम सजाए हैं वहीं उनके ही संसदीय क्षेत्र में जिम्मेदारों की लापरवाही से कुड़ा करकट घर से पास जमा हो रहा है। आराजी लाइन विकास खंड के लगभग हर गांव में यही हाल है। सफाई कर्मी गांव में न के बराबर आते हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत असवारी स्वास्थ्य केन्द्र के समीप गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। यहां दो माह पूर्व लगे हैण्डपम्प का रिबोर किया गया था बावजूद हैण्डपम्प से दूषित जल(गंदा पानी) आ रहा है जिसके कारण आस-पास के ग्रामीण बहुत परेशान है। ग्राम प्रधान असवारी जियालाल का कहना रहा कि गाँव में दो सफाईकर्मी की नियुक्ति हुई है लेकिन बीते दिनों खण्ड विकास अधिकारी आराजी लाइन द्वारा दोनो सफाईकर्मी की सेवा अग्निवीर भर्ती दौड़ में लगा दी गयी थी। तब से अबतक दोनों गांव में नहीं आये।

## मृतक का आरोपी दोस्त हिरासत में

**लोहता।** क्रिकेट खेलने के विवाद में किशोर की हत्या करने का आरोपी उसका दोस्त पुलिस हिरातस में हैं। उससे लोहता पुलिस पूछताछ में जुटी है। मृतक के परिजनों ने आरोपी दोस्त के खिलाफ नामदज मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं मृतक का पीएम होने के बाद रविवार को उसे सुपुर्द ए खाक किया गया। लोहता थाना के महमूदपुर तकिया मुहल्ले की रहने वाली नूरुलनिशा के घर में उसकी बेटी गुड़िया बानो अपनी दो बेटियों और दो बेटों के साथ लगभग 15 वर्ष से रहती है। पहले गुड़िया अपने पति वजीर के साथ मुंबई में रहती थी। पति की मौत के बाद वह अपने बच्चों के साथ मायके आ गई थी। गुड़िया बानो का छोटा बेटा हुसैन (16) बुनकरी का काम करता था। वह अपने दोस्तों के साथ रोजाना महमूदपुर में ही घर से कुछ दूरी पर क्रिकेट खेलने जाता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार की शाम भी वह क्रिकेट खेलने गया था। खेलने के ही दौरान ही रन और बॉल को लेकर उसकी उसके एक दोस्त से जमकर कहासुनी हुई थी। कहासुनी के दौरान ही हुसैन का दोस्त भाग कर अपने घर गया और चापड़ लेकर आया। हुसैन को देखते ही उसने चापड़ से उसके गले पर तेजी से वार किया इस वार में उसकी मौत हो गयी।

# जीआरपी ने 18.4 लीटर शराब बरामद किया





**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जीआरपी कैंट ने जांच के दौरान रविवार को दो व्यक्तियों को पकड़कर उनके पास से 18.4लीटर शराब बरामद किया।

प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि गजबये आलम, दीपक कुमार, मुकेश कुमार यादव की ओर से स्टेशन पर जांच के दौरान सूचना मिलने पर न्यू यात्री हाल के पास खड़े दो व्यक्तियों को पकड़ा गया इनके पास तलाशी ली गयी तो उनके झोले में कुल 92 शीशी अवैध शराब बरामद किया गया। कुल 18.4 लीटर शराब की कीमत 5980 रुपए है। बताया कि दोनों की पहचान धीरज कुमार यादव (24)पुत्र कमला सिंह यादव निवासी बगाढ़ रोहतास बिहार व मुन्ना कुमार (26)साहू पुत्र रामबाबू साहू निवासी आरा बिहार के रुप में की गयी ।

### खोया मोबाइल पाकर चमका चेहरा

**वाराणसी।** स्टेशनों व चलती ट्रेनों में यात्रियों के खोये मोबाइल को उनकी पहचान करते हुए रविवार को उन्हें सौंप दिया गया। खोया मोबाइल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। लोगों ने बताया कि विश्वास नहीं होता कि आज के समय में खोये मोबाइल को वापस लिया जा सकता है। जीआरपी प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि जिन लोगों के मोबाइल की गुमशुदगी लिखायी गयी थी उसे सर्विलांस परलगाकर खोजा गया। बताया कि कुल 23 यात्रियों को उनका मोबाइल वापास किया गया।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा शास्त्री तृतीय सन् 2017 अनुक्रमांक 17319307 का माइग्रेशन खो गया है। सूरज कुमार यादव पुत्र श्री अमर बहादुर यादव ग्राम-वीरभानपुर, थाना-बक्शा, जिला-जौनपुर।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**- प्राचार्य एवम् विधि प्रवक्ता स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज दुनियापुर हरहुआ वाराणसी योग्यता/वेतनमान यूजीसी तथा बीसीआई मानक अनुसार। **संपर्क**- 9554888872, 9151669991

**आवश्यकता है**:-नेता सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय देवगांव आजमगढ़ (संबद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़) में स्ववित्तपोषित योजनातर्गत प्राचार्य एक पद व कला संकाय स्नातक में प्रवक्ताओं की, समाजशास्त्र, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, मध्यकालीन इतिहास, हिंदी, संस्कृत, गृहविज्ञान मे एक-एक पद। वेतनमान /यूजीसी/ विश्वविद्यालय / शासन परिनियमावलीनुसार । अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर प्रमाण पत्रों दो फोटो सहित आवेदन भेजे।
**प्रबंधक**- 9792448699

# महापौर और पार्षद प्रत्याशियों के लिए मंथन

**निकाय चुनाव**

**सपा के चुनाव प्रभारियों ने ताबड़तोड़ की विधानसभावार बैठकें**

**प्रभारियों ने सघन बातचीत के बाद बनायी प्रत्याशियों की सूची**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी ने नगर निकाय चुनाव को गंभीरता से लेते हुए तैयारियां शुरू कर दी है। रविवार को पार्टी के चुनाव प्रभारी विधायक आरके वर्मा व विधायक जाहिद बेग ने शहरी क्षेत्र के विधानसभावार ताबड़तोड़ बैठक की। महापौर और सभी वार्डों में पार्षदी चुनाव लड़ने वाले आवेदकों से बातचीत की। उनसे सवाल-जवाब किया। मैराथन बैठक के बाद प्रत्याशियों की सूची तैयार की, जिसे वे लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौपेंगे। प्रत्याशियों की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारियों ने कहा कि पार्टी नगर निकाय चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी। इसके लिए वरिष्ठ नेताओं और फ्रंटल प्रकोष्ठों की पूरी फौज उतारी जाएगी। प्रत्याशी चयन में पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता बरती जाएगी। साथ ही जातीय समीकरण और मेहनती कार्यकर्ताओं को ध्यान में रखकर पार्टी आगे की रणनीति बनाएगी। गणेश परिक्रमा करने वालों के नाम पर कोई विचार नही किया जाएगा। बैठक में एमएलसी लाल बिहारी यादव, सुजीत यादव लक्कड़, विष्णु शर्मा, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल, मनोज राय धूपचंडी, रीबू श्रीवास्तव, किशन दीक्षित, पूर्व विधायक अब्दुल समद अंसारी, राबिया कलाम, शालिनी यादव, आनंद मौर्य, संतोष यादव बबलू, अतहर जमाल लारी, ईशान श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल आदि थे।



## ‘भाषा और ज्ञान के वाहक सुब्रमण्यम भारती’

**वाराणसी।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय भारतीय भाषा के उन्नयन में कवि सुब्रमण्यम भारती का अवदान विषय पर आयोजित वेबिनार का समापन हुआ। कुलपति आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा को संस्कृत सहित अन्य भारतीय भाषाओं में अनुदित किया जाए इसी क्रम में उन्होंने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के तमिल भाषा के माध्यम से राष्ट्रीय ज्ञान के विशिष्ट अवदान को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि प्रो. बाबूलाल मीणा, एमएसजेराज पीजी कॉलेज भरतपुर, (राजस्थान)ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। दूसरे वक्ता प्रो. आशुतोष गुप्त, एसो. प्रो. हेमवती नंदन बहुगुणा विवि श्रीनगर गढ़वाल ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती की रचित ‘भारत का जाप करो’ कविता जो राष्ट्र प्रेम से ओत-प्रोत है के साथ साथ उनके द्वारा रचित अन्य कविताओं का बहुत ही शानदार वाचन किया। प्रो. उमा रानी त्रिपाठी पूर्व संकायध्यक्ष कवि सुब्रमण्यम भारती के भाषा एवं ज्ञान के क्षेत्र में विशेष योगदान को बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. योगेंद्र सिंह किया और ऐतिहासिक पक्ष को बखूबी रखा। इस मौके पर प्रोफेसर दान पति तिवारी, डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला, डॉ. उपेंद्र देव पांडेय, डॉ शमा, डॉ. शैलेश पांडे और डा. श्वेता अग्रहरी मौजूद रहीं।

# ताइक्वांडो की विभिन्न कला का प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** ऋषि व वैदिक अनुसन्धान, योग व प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के प्रांगण में रविवार को रिटायर्ड कर्नल गोविन्द सिंह व विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह, रिजनल अकाउंट्स ऑफिसर, वित्त एवं लेखा विभाग, ने ऋषि व ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर का शुभारम्भ वैदिक मंत्रों और पारम्परिक वैदिक विधि से किया।

इस अवसर पर ताइक्वांडो प्रशिक्षक चंद्रभान पटेल की अगुवाई मे खिलाड़ियों ने आत्मरक्षा और ताइक्वांडो के विभिन्न कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विश्व ताइक्वांडो पुमसे चैलेन्ज प्रतियोगिता मे देश के लिए एक मात्र पदक जितने वाली खिलाड़ी यश्विनी व ऑस्ट्रेलिया ओपन ताइक्वांडो पूमसे प्रतियोगिता मे काँस्य पदक जीतने वाली खिलाड़ी दीक्षा पटेल को सम्मानित किया गया। बेल्ट टेस्ट परीक्षा मे पास हुए खिलाड़ियों को अथिथि द्वारा बेल्ट टेस्ट सर्टिफिकेट दिए गये। प्रशिक्षण केंद्र की निदेशिका अपर्णा सिंह व संघ के अध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह ने बताया की इस प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य ताइक्वांडो व वैदिक पद्धति व योग के माध्यम से लोगों को सम्पूर्ण स्वास्थ्य, अनुरूपता (फिटनेस) व प्रसन्नचित्तता ( वेलनेस ) प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान संघ के उपाध्यक्ष मनीष सिंह, सहायक उपाध्यक्ष रजत मिश्र, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशांत गुप्ता मौजूद रहे।





# वाराणसी भारत



# ट्रिपल इंजन सरकार बनी तो विकास को लगेंगे पंख



सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को संस्कृत विवि में आयोजित सम्मेलन में शासन की योजनाओं से चयनित लोगों को लाभांवित किया



लोगों का अभिवादन करते सीएम योगी

**बोले मुख्यमंत्री**

### निकाय चुनाव में भाजपा की जीत से मिलेगी मजबूती

### भारत का ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है उत्तर प्रदेश

### काशी ने देश और दुनिया को दिये हैं कई मॉडल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विवि मैदान में रविवार को प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत विकास के ट्रिपल इंजन मॉडल को मजबूत करेगी। जिससे वाराणसी के विकास को तीन गुना ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेज उभरती हुई अर्थव्यवस्था है।

उन्होंने कहा कि आज देश-प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार संग स्थानीय निकायों में विकास कार्यों को और बेहतरीन ढंग से रफ्तार देने के लिए ट्रिपल इंजन की तरह कार्य करना होगा जिससे हमारे शहर को तीन गुना ऊर्जा मिले। शहर में अधिक से अधिक निवेश आए ताकि हर युवा को उसके अपने शहर में रोजगार मिले। हमें ऐसी व्यवस्था के लिए ट्रिपल इंजन की ताकत चाहिए। डबल इंजन की सरकार के साथ स्थानीय निकायों के माध्यम से विकास का रथ चलता रहे। ट्रिपल इंजन की सरकार बुलेट ट्रेन की तीव्र गति से विकास की रफ्तार चले।

योगी ने कहा कि देश ने पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में यूपी भारत का ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। शहरी निवेश, रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा और स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधाओं को हम बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ रहे हैं। हमें तकनीक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करते हुए उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बनाने में अपना योगदान देना होगा। यूपी में 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी है। ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान के जरिये प्रदेश के 1.59 करोड़ युवाओं को स्व-रोजगार के साथ जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि काशी ने देश और दुनिया को कई मॉडल दिये हैं। चाहे काशी विश्वनाथ धाम हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में वाराणसी का हब के रूप में उभरना। वर्तमान में चल रहे काशी तमिल संगमम में दक्षिण भारत के श्रद्धालु आकर यहां के वैभव को महसूस कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काशी के पुरातन गौरव को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। काशी स्वास्थ्य के नये केंद्र के तौर पर उभरा है। मठ-मंदिर व पर्यटन स्थल नये मॉडल के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

### योजनाओं से किया लाभांवित

संस्कृत विवि में रविवार को सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने आरंभ में केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को सौगात दी। उन्होंने पीएम और सीएम आवास योजना के लाभार्थियों को घर की चाबी सौंपी। विद्यार्थियों में टैबलेट वितरित किया। एमएसएमई से संबंधित उद्योगों के लाभार्थियों को चेक बांटा। साथ ही विद्यालयों में किचन शुरु करने के लिए ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वरोजगार समूहों को भी लाभांवित किया। जिसके तहत चार लोगों को आवास, छह को लैपटॉप, एमएसएमई की ओर से पर्यटन क्षेत्र के लिए 27 करोड़ का चेक, कुमार उद्योग विकास प्राइवेट लिमिटेड को 32 करोड़ का चेक आदि बांटे।

### अमृतकाल को और गौरवमयी बना रहा जी20 का नेतृत्व

प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की संसद में काशी का प्रतिनिधित्व दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। वैश्विक स्तर पर ऐसी घटनाएं घट रही हैं जिससे हमारा यह अमृतकाल और भी गौरवमयी हो गया है। आज भारत उस ब्रिटेन को पछाड़ कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जिसने यहां 200 साल तक राज किया था। वहीं, इस अमृतकाल में भारत जी20 का नेतृत्व कर रहा है। जी20 के देश दुनिया के 75% व्यापार पर अधिकार रखते हैं। इसके अलावा 85% जीडीपी, 90% पेटेंट पर भी इन्हीं 20 देशों का अधिकार है। यहीं पर दुनिया की 60% आबादी भी निवास करती है। इन 20 देशों के नेतृत्व का अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत को मिला है।

### यह है बदलता हुआ यूपी

मुख्यमंत्री योगी ने प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में कहा कि यूपी लैंड लॉक स्टेट है। यानी हम किसी सागर से नहीं जुड़े हैं। फलस्वरूप यहां के किसानों, व्यापारियों और उद्यमियों को अपने उत्पाद विदेशों में एक्सपोर्ट के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, जो काफी खचीर्ला भी था। पीएम मोदी ने काशी को देश के पहले इनलैंड वॉटर वे से जोड़ा। सो, यहां के किसानों के उत्पाद दुनिया के बाजार में पहुंच रहा है। वहीं, ओडीओपी के जरिये सूबे के परंपरागत उत्पादों को दुनियाभर में निर्यात करने की बेहतरीन सुविधा मिली है। इससे किसान, व्यापारी और उद्यमी समृद्ध हुए हैं। साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बल मिला है। यह बदलता हुआ यूपी है।

### प्रबुद्ध सम्मेलन में इनकी भी रही प्रमुख उपस्थिति

महाकवि सुब्रमण्य भारती की पोती डॉ. जयंती, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक राय, सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष एडवोकेट मुरलीधर सिंह, रामनगर इंडस्ट्रीयल स्टेट के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य, संस्कृत विवि के कुलपति डॉ. हरेराम त्रिपाठी, सूबे के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर एवं विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी आदि ने संबोधित किया। वहीं, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, महापौर मृदुला जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, विधायक डॉ. अवधेश सिंह एवं त्रिभुवन राम, सतुआ बाबा संतोष दास, प्रदेश प्रवक्ता अशोक पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर, नम्रता चौरसिया, साधना वेदांती, गीता शास्त्री आदि।

# सीएम योगी ने बाबा का किया पूजन

जनसंदेश न्यूज

**मत्था टेका**

### बाबा कालभैरव दरबार में लगायी हाजिरी

### कालभैरव की गली में बच्चों को दी टॉफिया

**वाराणसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव एवं काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया। मुख्य मंत्री के अलावा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने भी काशी विश्वनाथ धाम में हाजिरी लगायी। बाबा कालभैरव का दर्शन-पूजन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गली में बच्चों को टॉफिया भी दी।

सीएम योगी बच्चों के प्रति अपने प्यार को रोक नहीं पाते। फिर चाहे वो किसी सभा में हो या कहीं किसी और कार्यक्रम में। रविवार को भी मुख्यमंत्री योगी का ऐसा ही चेहरा वाराणसी में देखने को मिला। कालभैरव मंदिर से दर्शन-पूजन कर बाहर निकले मुख्यमंत्री ने गली में खड़ी पांच साल की राधिका और तीन साल के बालक मानव को देख रुक गए। दोनों बच्चों से बातचीत की।

उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्हें टॉफी दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। सीएम योगी कालभैरव मंदिर से निकले तो मंदिर के दरवाजे के पास खड़ी कक्षा चार में पढ़ने वाली राधिका और मानव उपाध्याय को देखकर रुक गए। सीएम योगी ने राधिका से पूछा कि बेटा आप किस क्लास में पढ़ती हो? इसपर राधिका ने भी चेहरे पर मुस्कान लिए बताया कि मैं कक्षा चार में पढ़ती हूं। वहीं बगल में खड़े तीन साल के बालक ने सीएम को प्रणाम किया। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेब से टॉफी निकाल दोनों बच्चों को दिया और उन्हें पढ़-लिख कर देश का नाम रोशन करने के लिए कहा।

इसके बाद सीएम सड़क की ओर बढ़े तो मंदिर परिक्षेत्र में खड़े लोगों ने हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। सीएम ने भी हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया और काशी विश्वनाथ धाम की ओर रवाना हो गए।



बाबा का जलाभिषेक करते आदित्यनाथ

# कवि सुब्रह्मण्यम का विदेश मंत्री ने लिया हाल हाल

जनसंदेश न्यूज

**किया नमन**

### भांजे से की बातचीत, बोले- यहां आकर धन्य हो गया

### जी-20 सम्मेलन के लिए संभावित स्थलों को देखा

**वाराणसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर अपने काशी दौरे के तहत रविवार की सुबह कवि सुब्रह्मण्यम भारती के घर हनुमान घाट पहुंचे और उनके भांजे केवी कृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान उनका कुशलक्षेम जाना। अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। कहा, यहां आकर धन्य हुआ।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि कवि सुब्रमण्यम भारती का जीवन, विचार और लेखन हमारी आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। परिवार से मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने कहा कि अब तक के सबसे महान तमिल साहित्यकारों में से एक सुब्रह्यण्यम भारती का काशी हनुमान घाट स्थित घर एक ज्ञान केंद्र और पावन तीर्थ है। उन्होंने कहा कि महाकवि के परिवार में जयंती, हेमा, रवी और संतोष से मिलकर खुशी भी हुई और गर्व भी हुआ। विदेश मंत्री ने कांची कामकोट्टी मठ में दर्शन- पूजन किया। मठ के महंत ने रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्रम देकर विदेश मंत्री को सम्मानित किया। इसके पूर्व बटुकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कमिश्नर कौशल राज शर्मा भी साथ रहे। इसके बाद विदेश मंत्री ने जी-20 सम्मेलन के आयोजन के लिए बड़ालालपुर स्थित टीएफसी आदि स्थानों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



हनुमान घाट स्थित कवि सुब्रह्यण्यम भारती के आवास पर उनके भांजे से बातचीत करते विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# वेलनेस सेंटर में टेली-परामर्श संग दवा भी मिलेगी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने रविवार को वाराणसी में आयोजित स्वास्थ्य मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित किया। यह कॉन्क्लेव यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे, 2022 के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस आयोजन का विषय बिल्ड द वर्ल्ड वी वांट ए हेल्दी फ्यूचर फॉर ऑल रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड महामारी के प्रबंधन में भारत की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने कोविड प्रबंधन और टीकाकरण के लिए दुनिया को एक उत्कृष्ट मॉडल दिया है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया भर में लोगों ने सरकारों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का विरोध किया, भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, 140 करोड़ लोगों द्वारा कोविड दिशा-निदेर्शों और नियमों का उत्साहपूर्वक पालन किया गया₹।

**बोले योगी आदित्यनाथ**

### सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य मंत्रियों का दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ

उन्होंने कहा कि भारत ने महामारी को अपने स्वास्थ्य ढांचे में तेज गति से सुधार करने के अवसर के रूप में लिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारत ने गुणवत्तापूर्ण टीके बनाए हैं, जिनकी प्रभावशीलता पूरी दुनिया में साबित हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में पिछले 8 वर्षों में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ₹वर्ष 2014 में केवल 6 एम्स थे, और वर्तमान में 22 एम्स हैं जो या तो चालू हैं या देश भर में संचालन शुरू करने के कगार पर हैं₹। उन्होंने आयुष्मान भारत, पोषण अभियान और मिशन इन्द्रधनुष



कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते सीएम योगी

जैसी प्रमुख योजनाओं द्वारा स्वास्थ्य प्रदेय पर उल्लेखनीय प्रभाव पर भी जोर दिया। यूपी में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स एचडब्ल्यूसीएस के कामकाज को और मजबूत करने पर विस्तार से बताते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में नियमित आधार पर टेली-परामर्श के साथ-साथ दवाई भी उपलब्ध होगी। इसके लिए सभी एचडब्ल्यूसी में हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल परिणामों को प्राप्त करने के लिए अंतर-मंत्रालयी सहयोग के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि दो दिवसीय विचार-मंथन सत्र भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पुनर्विचार और सुधार के लिए अतिरिक्त बढ़ावा देने में योगदान देगा। उन्होंने कहा, ₹वाराणसी में चिंतन मनन के इन दो दिनों ने हमें नीतिगत सुधारों के माध्यम से एचडब्ल्यूसीएस को मजबूत करने के लिए उपयोगी ज्ञान के साथ समृद्ध किया है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे समुदायों को स्वास्थ्य सेवाओं अंतिम मील तक उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करें।₹ एचडब्ल्यूसी की महत्वपूर्ण भूमिका की परिकल्पना करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि एचडब्ल्यूसी स्वास्थ्य और कल्याण के मंदिरों की तरह हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) और आशा कार्यकताओं जैसे कार्यान्वयन स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों के काम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ₹सीएचओ अग्रणी कड़ी हैं जो अत्याधुनिक रूप से काम कर रहे हैं और जमीनी स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वे मैदान की स्वास्थ्य सेना हैं। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

### पोर्टल का भी अनावरण

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, गोवा, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम और तेलंगाना को लक्ष्य के अनुसार एचडब्ल्यूसी के संचालन को प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया। उन्होंने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए और सशक्त पोर्टल का अनावरण किया। कार्यक्रम में बन्ना गुप्ता स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार, एम के शर्मा स्वास्थ्य मंत्री सिक्किम सरकार, धन सिंह रावत स्वास्थ्य मंत्री उत्तराखंड सरकार और डॉ सपन राजन स्वास्थ्य मंत्री सिक्किम सरकार के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तराखंड के लगभग 900 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए।

# काशी व तमिल मंदिरों से संस्कार है जीवंत : डॉ. एस जयशंकर

**संगोष्ठी**

### संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा तमिल मंदिरों में आज भी हिन्दू धर्म सुरक्षित है

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम के तहत रविवार को काशी विद्वत परिषद् के द्वारा श्री काशी विश्वनाथ धाम के त्रयंम्बक हॉल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस संगोष्ठी का उद्घाटन किया कहा कि काशी और तमिल के मंदिरों की देन है कि आज भी हिन्दू समाज अपने संस्कारों के साथ कनेक्ट है हमारे मंदिरों का योगदान समाज को जोड़ना है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसलिए इस तरह की योजना बनाई है हम सब एक होकर राष्ट्रीय भावना को बढ़ावा दे मंदिर हमारी परम्पराओं की पहचान है। विदेश मंत्री ने काशी विद्वत परिषद् की परम्परा को सराहा। विशिष्ट वक्ता के रुप में काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी ने कहा कि आज का जो विषय रखा गया है कि समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में मन्दिरों का योगदान यह विषय ही अपने आप उत्तर दें रहा है कि मंदिरों का योगदान समाज के संस्कारों तथा हिन्दू धर्म सभ्यता संस्कृति को सुरक्षित रखकर हमारे पूर्वजों और ऋषियों ने इन मंदिरों को प्रयोग शाला के रुप में उपयोग किया। एम नाचियप्पन तमिलनाडु के विशिष्ट वक्ता ने कहा कि तमिलनाडु के मंदिरों में आज भी हिन्दू धर्म सुरक्षित है और तमिल की जनता मोदी को धन्यवाद देती है। भारत में मंदिरों ने समाज को जोड़ने का काम किया है। काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो वशिष्ठ त्रिपाठी ने कहा कि काशी तमिल संगमम एक नया विश्वास समाज में खड़ा किया है हमारे मंदिरों का योगदान राष्ट्र तथा समाज को एक साथ जोड़ कर सभी वर्गों के कल्याण हेतु अनुदान योजनाऐं देते हैं। संचालन प्रो कृष्णकांत शर्मा ने किया धन्यवाद ज्ञापन मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने दिया। विशिष्ट रूप से काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य पं दीपक मालवीय, पं रमण घनपाठी, काशी विद्वत परिषद के अन्ताराष्ट्रिय संयोजक रमण त्रिपाठी, डा शुकदेव त्रिपाठी, डा कमलेश,डा संजीव कुमार राय, पद्मश्री चम्मबूकृष्ण शास्त्री, प्रदीप शुक्ला सहित अनेक गणमान्य विद्वानों तथा तमिल समाज के लोगों की उपस्थिति रही।



संगोष्ठी की शुरुआत करते जयशंकर

# पूर्व मंत्री रीता बहुगुणा का स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मलदहिया स्थित सिंह निकेतन में रविवार को प्रयागराज की सांसद व उत्तर प्रदेश की पूर्व मंत्री रीता बहुगुणा का भव्य स्वागत किया गया।

स्व.हेमवंती नंदन बहुगुणा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची रीता बहुगुणा को सिंह मेडिकल एवं रिचर्स सेंटर के प्रबंध निदेशक डा.अशोक सिंह ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की बहाली में स्व.हेमवंती बहुगुणा जी का अतुलनीय योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता, उन्होंने वर्ष 1975 के आपातकाल को भी याद करते हुए लोकतंत्र की बहाली के लिए किये गये कार्य को साझा किया। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में स्व.हेमवंती बहुगुणा जी का नाम हमेशा लिया जयेगा, क्योकिदेश के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में डा.इंद्रेश चन्द्र सिंह, डा.अमित सिंह, डा.संजू सिंह, डा.अरुण कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे।



डॉ अशोक सिंह ने रीता बहुगुणा का किया स्वागत







# नैनो यूरिया से किसान लाएं समृद्धि : मंडाविया

**निरीक्षण**

## सेहत मंत्री ने किसान समृद्धि केंद्र को देखा

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने रविवार को रामनगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का दौरा किया।

उन्होने वहां मौजूद किसानो से उर्वरक, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र और कृषि को समृद्ध बनाने जैसे विषयों पर बातचीत की, डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि किसान की आय दोगुनी होनी चाहिए ककिसान की आय दोगुनी होने के लिए उसे अच्छी खाद मिलनी चाहिए, उसको अच्छा भाव मिलना चाहिए, अच्छी तकनिकी की जानकारी होनी चाहिए।

खेती के उपयोग में आने वाली मशीनों की जानकारी होनी चाहिए और समय-समय पे मिटटी का परिक्षण होना चाहिए ताकि अगर मिटटी में कोई बीमारी है तो उसका इलाज किया जा सके कइन सभी उपायों को अपनाने से किसान की आय दोगुनी हो सकती है क इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र बनाये गए हैं जो किसानो की आय को दुगना करने में मील का पत्थर साबित होंगे क डॉ. मंडाविया ने कहा कि आज देश भर में लगभग 6000 पीएमकेएसके केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में ऐसे और केंद्र खोले जाएंगे जो किसानों को उनकी उपज से अपनी आय बढ़ाने में मदद करेंगे।

इफको नैनो यूरिया (तरल) की उपयोगिता पर बोलते हुए डॉ. मंडाविया ने बताया कि कैसे किसान नैनो यूरिया के उपयोग से न सिर्फ अपनी उत्पादकता को बढ़ाता है अपितु मिटटी की गुणवत्ता को भी बरकरार रखता है किसान नैनो यूरिया को अपनाकर समृद्धि की ओर बढ़ सकता है और इस दिशा में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।


एम्बुलेंस को सीएम ने फ्लैग दिखाकर किया रवाना

# परेड में चंदौली प्रथम, वाराणसी द्वितीय


प्रांतीय रक्षक दल के 74वें स्थापना दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में हुई मंडल स्तरीय परेड

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

## प्रांतीय रक्षक दल के 74वें स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन में हुई मंडल स्तरीय परेड

**वाराणसी।** प्रांतीय रक्षक दल यानि पीआरडी के 74वें स्थापना दिवस पर रविवार को विभाग की ओर से पुलिस लाइन मैदान में मंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोदन किया गया। उसमें वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर व जौनपुर जनपदों की हिस्सेदारी थी। पीआरडी के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में इस अवसर पर पीआरडी जवानों की परेड हुई। जिसमें चंदौली प्रथम, वाराणसी द्वितीय एवं गाजीपुर तृतीय स्थान पर रहा।

युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरुणा जोन कमिश्नरेट की पुलिस उपायुक्त आरती सिंह ने विजेताओं का पुरस्कृत किया। उन्होंने अपने संबोधन में पीआरडी जवानों उत्साह बढ़ाते हुए वर्दी की गरिमा व सम्मान समेत आम जनता की सुरक्षा और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर बल दिया। परेड के निर्णायकद्वय आईटीआई पुलिस लाइन अभिषेक कुमार शर्मा एवं जगजीवन कुमार थे। कार्यक्रम में अवधेश नारायण सिंह, शिवशंकर सिंह, रागिनी सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, बीना यादव, हरिशंकर शास्त्री, राजन कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, मो. वकार खान आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# अंगूठा लगवाते हैं, पर नहीं देते अनाज

**रोहनिया।** बूढ़ापुर और गौरा गांव के कार्डधारक अपने कोटेदार से खासे परेशान है। उनकी परेशानी का कारण है खाद्यान्न का न मिलना। कार्डधारकों का आरोप है कि कोटेदार उनसे अंगूठा तो लगवा लेता है, लेकिन खाद्यान्न नहीं देता। इस बात की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गयी है। कार्डधारकों का आरोप है कि कोटेदार पारस पांडे सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा और विभागीय अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर उनके हिस्से का खाद्यान्न डकार जाता है। आरोप लगाया कि कोटेदार एक-एक कार्डधारक के घर पहुंच जाता है और अंगूठा लगा लेता है। आश्वासन देता है कि खाद्यान्न आने पर मिल जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं होता। कार्डधारकों ने चेतावनी दी है कि यदि चालू माह में उनको खाद्यान्न नहीं मिला तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस बात की जानकारी होने पर मानवाधिकार संगठन के मंडल प्रभारी विकास सिंह ने इस मामले को मानवाधिकार आयोग में उठाने की बात कही है।

# 50 साल पूरे होने पर सनबीन में भव्य उत्सव



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सनबीम स्कूल अन्नपूर्णा के 50 साल पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विविध कार्यक्रम में करीब 500 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम एवं मंच-प्रस्तुति से अभिभावकों एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों को रस से सराबोर कर दिया।

उद्घाटन सनबीम शिक्षण समूह केअध्यक्ष डॉ. दीपक मधोक, निदेशिका भारती मधोक और महापौर मृदुला जायसवाल ने किया। सनबीम अन्नपूर्णा के छात्रों ने साज और आवाज से दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को सराबोर कर दिया। अभी आगाज है तेरा बहुत कुछ सीखना है, तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे जैसे मधुर गीत पर तालियां जमकर बजी। होप, जीरो हंगर, हिप-हॉप, रैम्पवॉक, फ्रीडम फ्रॉम स्ट्रींग कठपुतली नृत्य आदि की प्रस्तुति दी गयी। धन्यवाद समूह के मानद निदेशक हर्ष मधोक ने दिया।

## संक्षेप

### चिंतामणि गणेश में गणेश पुराण कथा आज से

**वाराणसी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत हृदय महंत पंडित चल्ला कृष्ण शास्त्री की पुण्य स्मृति में सोनारपुरा केदारघाट स्थित चिंतामणि गणेश मंदिर में गणेश महापुराण कथा का भव्य आयोजन 12 दिसंबर दिन सोमवार से होगा। यह जानकारी मंदिर में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को देते हुए देते हुए चिंतामणि गणेश मंदिर के वर्तमान महंत चल्ला सुब्बा राव शास्त्री ने दी। बताया कि कथा वाचक बृजेन्द्र व्यास महाराज द्वारा चिंतामणि गणेश मंदिर में गणेश महापुराण कथा कथा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे तक आयोजित होगी। कथा के अंतिम दिन भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### सुलगना बैनर्जी ने कथक पर की शिव स्तुति



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में कोलकाता से आई कलाकार श्रीमती सुलगना बनर्जी ने अपनी कथक की प्रस्तुति दी। आपने नृत्य का आरंभ शिव स्तुति से किया। तत्पश्चात परंपरिक शुद्ध नृत्य ताल धमाल चौदह मात्रा, अभिनय किया। सूफी ठुमरी जिसके बोल थे-आरी सखी मोरे पिया घर आए, समापन राग कलावती में तराना से सुमधुर प्रस्तुति से हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकार द्वारा संयुक्तरूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कलाकार को प्रमाणपत्र दीनदयाल हस्तकला संकुल के संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने दिया। मंच संचालन ललिता शर्मा ने किया।

### पं. रोनू मजुमदार के बांसुरी वादन ने मोहा, गायन वादन एवं नृत्य के माध्यम से याद किये गए ठुमरी सम्राट



**वाराणसी।** भारतीय संगीत जगत में उनके योगदान की स्मृति में पं महादेव प्रसाद मिश्र संगीत संस्थान वाराणसी व संस्कार भारती वाराणसी के सहयोग से रविवार को अस्सी घाट के मंच पर पं महादेव प्रसाद मिश्र स्मृति संगीत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि हेमलता शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि कमांडेंट एनडीआरएफ मनोज कुमार शर्मा थे। अध्यक्षता की पद्मश्री डॉ राजेश्वर आचार्य ने की। इस अवसर सुबह-ए-बनारस के संस्थापक सचिव डॉ रत्नेश वर्मा एवं संगीत संकाय बीएचयू के पूर्व प्रमुख प्रो वीरेंद्र नाथ मिश्र समेत काफी लोग मौजूद थे। सर्वप्रथम पं महादेव प्रसाद मिश्र संगीत संस्थान के विद्यार्थियो ने गायन प्रस्तुत किया जिनमे प्रमुख थे पं महादेव प्रसाद मिश्र के सुपौत्र स्वरांश एवं शुभ मिश्र का गायन हुआ। आयोजन में दूसरा कार्यक्रम मुंबई से आये पं रोनू मजुमदार का बाँसुरी वादन हुआ। उनके साथ तबला संगत अभिषेक मिश्र ने की। रोनू मजूमदार ने राग बिहाग में, आलापचारी के साथ ताल धमार में बद्व रचना प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। तीसरा कार्यक्रम हुआ लखनऊ से श्री अनुज मिश्र तथा से नेहा मिश्र का युगल कथक नृत्य हुआ। इसके बाद पं गणेश प्रसाद मिश्र का गायन हुआ। इनके साथ तबला संगति रही पं कुबेर नाथ मिश्र की थी।

### सद्भावना व सौहार्द का संवाहक है साहित्य



**वाराणसी।** स्थानीय कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कालेज ईश्वरगंगी के सभागार में रविवार को आयोजित साहित्यिक संघ के 31वें वार्षिक अधिवेशन के अध्यक्ष कथाकार व कवि तथा उ.प्र. हिंदी संस्थान के पूर्व निदेशक डा. सुधाकर अदीब ने कहा कि अपने समय व समाज की धड़कनों से स्पंदित होते हुए भी साहित्य व सद्भावना व सौहार्द्र का संवाहक होता है। साहित्यिक संस्थाएं तथा पत्रिकाएं इस दिशा में कितनी प्रभावशाली भूमिका निभा सकती है। इसके प्रमाण रूप में साहित्यिक संघ तथा सोच विचार का उल्लेख किया जा सकता है। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक के. सत्यनारायण ने कहा कि देश काल व वातावरण की अनेक प्रकार की विविधताओं के बावजूद मानवीय अनुभूतियों में अद्भुत समरूपता होती है। इनका आधार ग्रहण करने के कारण साहित्य अनेकता में एकता का प्रतिपादक होता है। मुख्य वक्ता प्रो. राममोहन पाठक ने कहा कि जन सहयोग के बल पर मिशनरी भावना से साहित्यिक संघ जैसी संस्था का संचालन तथा उसकी ओर से पिछले चौदह वर्षों से सोच विचार जैसी मासिक पत्रिका का प्रकाशन आज के दौर की एक उल्लेखनीय घटना है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रो. आनंद सिंह ने कहा कि भारतीय मनीषियों ने जिस आत्मविद्या का प्रदर्शन किया है उसके संस्कारों से सम्पन्न रचनाकार ही कालजयी साहित्य की सर्जना का श्रेय प्राप्त करता है। इस मौके पर कमलेश राय, डा. आरसी शुक्ल,भोलानाथ कुशवाहा, डा. सुनील कुमार दुबे, ऋचा वर्मा, डा. इशरतजहां, रमाकांत मिश्र, अभिनव अरूण, अतुल श्रीवास्तव को सेवक साहित्य श्री -2022 का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में चन्द्रभाल सुकुमार, ओम धीरज, प्रो. श्रद्धानंद, डा. रामसुधार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, आरसी शुक्ल, मनीष खत्री, हिमांशु उपाध्याय, सुरेन्द्र वाजपेयी, धर्मेन्द्र गुप्त साहिल, विजयेन्द्र नाथ मिश्र समेत काफी लोग मौजूद थे। इस मौके पर महेन्द्र मिश्र की स्मृति में काव्य पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें कई कवियों ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागत डा. रामसुधार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन वासुदेव उबेराय व संचालन डा. जितेन्द्रनाथ मिश्र ने किया।

# धान से भरा गोदाम लेकिन खरीद ठप



जनसंदेश न्यूज

**दानगंज।** चोलापुर विकास खंड स्थित साधन सहकारी समिति के धान क्रय केंद्र पर चल रही धान खरीद के तहत अब तक 90 किसानों से कुल तीन हजार 271 कुं. धान की खरीद की गयी है। उनमें से 59 किसानों का भुगतान कर दिये जाने का दावा है। जबकि 265 कृषकों के टोकन लगे हुए हैं। उन्हें इस सेंटर पर अपनी उपज बिकने का इंतजार है।

क्रय केंद्र के सचिव जितेंद्र यादव के मुताबिक ऑन लाईन तथा ऑफ लाईन के चक्कर में अन्नदाताओं के खरीदे जा चुके धान गोदाम में भरे पड़े हैं। फलस्वरूप स्थानाभाव के चलते धान की खरीद संभव नहीं हो पा रही है। गोदाम खाली न होने के कारण खरीद की गति धीमी पड़ चुकी है।

# सीडीओ ने मानदेय रोकने के दिये निर्देश

**कार्रवाई**

## मुख्य विकास अधिकारी ने रुर्बन मिशन में सम्मिलित ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना में शामिल गरथौली, धौरहरा एवं बर्थराखुर्द ग्राम पंचायतों के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने गरथौली में रुर्बन मार्ट (मंडी) की इंटरलॉकिंग और कम्युनिटी हॉल में स्टील की रेलिंग दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। पॉली हाउस ठीक ढंग से समय से न लगाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने सख्त नाराजगी जतायी।

इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह को पॉली हाउस आवंटित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय बंद और केयर टेकर नदारद था। इस पर उन्होंने ग्राम प्रधान एवं सचिव को मानदेय जारी न करने के निर्देश दिये।


सीडीओ हिमांशु नागपाल ने रुर्बन मिशन में शामिल ग्राम पंचायतों के कार्यों का मौका-मुआयना किया

श्री नागपाल ने गरथौली में ही पेयजल कनेक्शनधारकों की संख्या कम पाये जाने पर जल निगम के अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये। साथ ही चेताया कि यदि 15 दिन के भीतर मानक के अनुसार कनेक्शन पूर्ण नहीं कराया गया तो एडवर्स इंट्री दी जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने बर्थराखुर्द में मिनी स्टेडियम तक रास्ता बनाने के लिए खंड विकास अधिकारी चोलापुर को एसडीएम सदर संग तालमेल कर कार्य कराने को कहा। उगापुर ग्राम पंचायत के मुआयने में कार्य संतोषजनक पाए गए।

# कुरहुआ के ग्रामीणों ने गिनाईं समस्याएं


काशी विद्यापीठ ब्लॉक के कुरहुआ में रविवार को जनचौपाल के दौरान कई विभागों ने प्रदर्शनी भी लगायी

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए नये ग्राम पंचायत में बीडीओ ने लगायी जनचौपाल

**रोहनिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिये नये सांसद आदर्श ग्राम कुरहुआ में रविवार को खंड विकास अधिकारी रक्षिता सिंह ने जनचौपाल लगायी। काशी विद्यापीठ ब्लॉक के इस ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली।

बीडीओ ने सड़क, खड़ंजा, नाली, चकरोड, सीवर, पेयजल, तालाब आदि समेत बुनकरी और आधार कार्ड वगैरह से जुड़ी समस्याएं सुनी। उन्होंने पात्रों को आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी लगायी गयी थी। चौपाल में ग्राम प्रधान रमेश सिंह, सीडीपीओ अंजना तिवारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अरविंद यादव, समाज कल्याण विभाग के अनिल कुमार समाज, स्वास्थ्य विभाग की माधुरी, विद्युत विभाग के राजकुमार यादव, कृषि विभाग के जितेंद्र कुमार यादव, हथकरघा के रत्नाकर श्रीवास्तव समेत शंकर शरण दुबे, आलोक पाठक, मो. इमरान, मधुबाला पांडेय, पुष्पा रानी, सरोज पांडेय, प्रमिला देवी, विमला देवी, चिंता देवी तथा उषा देवी आदि की प्रमुख भागीदारी थी।

# काशी और तमिल में नया जुड़ाव : अनुराग

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम के तहत आयोजित खेल महोत्सव के दौरान केंद्रीय सूचना प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि काशी तमिल संगमम एक ऐसी सोच है जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की सोच को बल देती है। कला संस्कृति साहित्य सब क्षेत्रों में जो काशी और तमिल का मेल है यह हजारों वर्ष पुराना है। इस महोत्सव के जरिए उसको फिर एक बार जीवंत किया गया है।

श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर तमिलनाडु के अलग-अलग कोनों से 2500 लोग उत्तर प्रदेश आ रहे हैं और यहां आकर उनका एक नया जुड़ाव देखने को मिल रहा है। एक महीने तक चलने वाले काशी तमिल संगमम में 8 दिन खेलों के लिए दिए गए हैं। यह अपने आप में दिखाता है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए खेल कितना महत्वपूर्ण हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि इस आयोजन से काशी और तमिल के बीच एक नया जुड़ाव देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर आयोजित क्रिकेट मैच प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। मैच की शुरूआत में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। शानदार बल्लेबाजी करते हुए यूपी की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाया। यूपी टीम के हर्ष त्यागी ने सर्वाधिक 82 रन बनाए। यूपी की टीम ने तमिलनाडु की टीम को जीत के लिए 199 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में तमिलनाडु की टीम ने 3 विकेट के नुक्सान पर 144 रन ही बना पाई। इस रोमांचक मैच में यूपी की टीम ने 55 रन से जीत हासिल किया। श्री ठाकुर मैदान में प्लेयर के भूमिका में भी नजर आए उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए लंबे शॉट लगाया और गेदबाजी भी की। आयोजन में प्रो. सुधीर कुमार जैन, कुलपति बीएचयू, चामु शास्त्री, पदमश्री , प्रो. हरीश चंद्र राठौर, काशी तमिल संगमम के नोडल अधिकारी, प्रोफेसर सुधीर,बाला लाखेन्द्र, अभिमन्यु सिंह, यशवर्धन सिंह, प्रो. डी.सी. राय व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# श्वेता दूबे ने गायन से सबको किया रससिक्त

**संगीत**

## पं. विकास महराज के सरोद वादन ने सभी को रिझाया

**वाराणसी।** बनारस घराने के मूर्धन्य तबला वादक पं. नन्हकू महराज की जीवन भर की तपस्या एवं उनके द्वारा काशी एवं भारतीय संगीत जगत में प्रदत्त योगदान की स्मृति में पंचनाद ट्रस्ट के तत्वावधान में रामकटोरा स्थित पद्माश्रय में रविवार को सायंकाल तबला ऋषि पं नन्हकू महाराज जन्म शताब्दी संगीत समारोह आयोजित किया गया।

सांगीतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम प्रस्तुति सविता देवी की शिष्या नई दिल्ली से पधारी श्वेता दुबे का गायन हुआ। उनके साथ तबला संगति प्रभाष महाराज की रही। हारमोनियम पर त्रिलोकी। मिश्र ने संगत किया। श्वेता ने गायन में बारहमासा सुनाया। बोल थे- नई झुलनी के छइया बलम साथ ही और लोकप्रिय रचनाएं सुनाकर विराम लिया। गंगा मैया की स्तुति से भक्ति के भाव का सृजन किया। बोल थे- तेरे सहारे मोरी है मोरी मइया है गंगा मैया। अगली और अंतिम प्रस्तुति रही पं नन्हकू महाराज के सुपुत्र प्रख्यात सरोद वादक कलाकार यश भारती पुरस्कार से सम्मानित पं विकास महाराज का सरोद वादन रहा। जिसमें उन्होंने सभी को अपने वादन से अनंदित किया कार्यक्रम में विशिष्ट उपस्थिति पद्मश्री डॉ राजेश्वर आचार्य की रही। कार्यक्रम में सौरभ अग्रवाल, तन्मय अग्रवाल, विशाल महराज, अभिषेक महराज, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रीतेश आचार्य समेत काफी लोग मौजूद थे।



# ट्रक की टक्कर से मजदूर की मौत, तीन गंभीर

**हादसा**

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, पहुंची पुलिस

जनसंदेश न्यूज



चक्काजाम कर रही महिलाओं को समझाते एसएचओ

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र अंतर्गत चोगड़ा चट्टी पर अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर पर लगे थ्रेसर को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें ट्रैक्टर पर सवार मजदूर की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। लोगों ने सभी घायलों को पीएचसी चिलकहर पहुंचाया, जहां से उन्हें चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कुरेजी चट्टी पर जाम लगा दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार गड़वार थाना क्षेत्र के कुरेजी निवासी विनोद (35) पुत्र मोहन राम, शिवप्रसाद राम (40) पुत्र कन्हैया राम, मुकेश राम (30) पुत्र कन्हैया और जय राम (30) पुत्र लालमोहन राम कृषि कार्य करने ट्रैक्टर पर सवार होकर चोगड़ा गए थे।

यहां ड्राइवर ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा करके खेत मालिक से बात करने चला गया। इसी बीच गड़वार की तरफ से जा रही ट्रक ने अनियंत्रित हेकर ट्रैक्टर को भीषण टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर पर सवार विनोद निवासी कुरेजी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवप्रसाद पुत्र कन्हैया, मुकेश राम पुत्र कन्हैया राम निवासी कुरेजी और जयराम पुत्र लालमोहन राम निवासी गांव पिण्डारी, हल्दी गम्भीर रूप से घायल हो गए।

आस-पास के लोगों ने सभी घायलों को पीएचसी चिलकहर पहुंचाया, जहां स्थिति गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया।

### आश्वासन पर समाप्त हुआ जाम

**बलिया।** घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कुरेजी चट्टी पर जाम लगा दिया। इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गयी। मौके पर पहुंचे गड़वार थाना प्रभारी आरके सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। मृतक के भाई ने तहरीर दे दी है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मृतक के दो बच्चे और दो बच्चियां है।

## फंदे पर झूलता मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के गुरवा गांव में शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। इससे परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं, चर्चा है कि किरण यादव (26) पत्नी अवधेश कुमार यादव किन परिस्थितियों में अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। विवाहिता की मौत आत्महत्या और हत्या के बीच उलझी हुई है। अब पुलिस की जांच के बाद ही सच्चाई का पता चल सकेगा। तीन वर्ष पूर्व अवधेश की शादी बांसडीह रोड थाना के रोहुआ तिवारी गांव में किरण यादव से हुई थी। घटना की सूचना पाकर मायके रोहुआ तिवारी से भाई अखिलेश यादव ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर मारपीट, दहेज उत्पीड़न से प्रताड़ित करना और उसकी हत्या कर दिए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत सात पर मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

### विवाहिता ने राज्य महिला आयोग से लगायी थी गुहार

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के बिसुकिया गांव की विवाहिता की गुहार पर नरहीं पुलिस ने एसपी के निर्देश पर सास-ससुर और पति समेत सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। विवाहिता लगभग सवा माह से ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न के मामले में कार्रवाई को लेकर पुलिस से गुहार लगा रही थी। विवाहिता ने राज्य महिला आयोग से भी गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार गड़वार थाना क्षेत्र के बिसुकिया की विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर पति, ससुर, दोनों देवर पर दहेज में रुपये मांगने और पति की दो वर्ष पहले दूसरी शादी कराने का आरोप लगाया।

महिला ने एसपी को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि ससुरालीजन आए दिन मारपीट करते हैं और दहेज के तौर पर मायके से रुपये लाने का दबाव बनाते हैं।

विरोध करने पर मारपीट कर घर से भगा देते हैं। आरोप लगाया कि बीते 30 अक्तूबर को भी इन लोगों ने ऐसा ही किया तो थाने पर शिकायत की, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से यह लोग बार-बार ऐसी घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर ने विवाहिता की काउंसिलिंग कर नरही थाने को मुकदमा दर्ज करने को कहा। इसके बाद, नरही पुलिस ने ससुर, सास, पति, दोनों देवर व दोनों देवरानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस बाबत क्षेत्राधिकारी अशोक मिश्र ने बताया कि नरही थाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस कर रही संघर्ष

जनसंदेश न्यूज



नगर में निकली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कांग्रेसी

**बोले वीरेन्द्र चौधरी**

### पूर्वी जोन अध्यक्ष व विधायक के नेतृत्व में बलिया आयी भारत जोड़ो यात्रा

**बलिया।** राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा चलाए जाने के समर्थन में उत्तर प्रदेश के भी कई भागों में भारत जोड़ो यात्रा चलाई जा रही है। इसी क्रम में पूर्वी जोन अध्यक्ष एवं विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में रविवार को भारत जोड़ो यात्रा बलिया आयी। सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जनसभा कर पद यात्रा की शुरुआत किया गया। यह पदयात्रा स्व. जगरनाथ चौधरी, अमर शहीद मंगल पांडेय एवं तारकेश्वर पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी भवन पहुंची। यात्रा का आमजन ने जगह-जगह स्वागत किया।

पूर्वी जोन के अध्यक्ष एवं विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि हम भारत जोड़ो-नफरत छोड़ो के नारे के साथ देश से जातिवाद, भेदभाव मिटाने एवं सामाजिक समरसता कायम करने के उद्देश्य से आये है। हम बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगार के खिलाफ सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं।

जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एक इतिहास कायम करेगा और आने वाले समय में आताताई सरकार को उखाड़ फेंकने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश महासचिव मनिंदर मिश्रा ने कहा कि आमजन के अलावा महिलाओं, किसानों, नौजवानों एवं बेरोजगारों का लगातार समर्थन बढ़ता जा रहा है। जनता देश की सरकार से जनता ऊब चुकी है। अब वक्त आ गया है कि एक इतिहास कायम किया जाए। यात्रा में लगभग 200 यात्री बस और छोटी बहनों के साथ सफर कर रहे हैं। कहा कि सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है। हम सिर्फ जोड़ने का काम करते हैं। हम तोड़ने और सौहार्द बिगाड़ने का कार्य नहीं करते। इस अवसर पर कैलाश चौहान, राजेंद्र चौधरी, विनोद सिंह, सच्चिदानंद तिवारी, बृजेश गाट, गीता गोयल, जनार्दन यादव, उमाशंकर पाठक, ओमप्रकाश तिवारी, ओमलता, मदन यादव, जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय, रूपेश चौबे, हृदयानंद पांडेय, अजीत धुसिया, विशाल चौरसिया, बैजनाथ राम, संतोष चौबे, फूल बदन तिवारी, मुन्ना उपाध्याय, विक्की सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अंजनी चौबे, विवेक ओझा, अभिजीत सिंह, अनुभव, गोलू, विवेक तिवारी, राजा, संतोष गोयल, मुखिया पांडेय, रामेश्वर तिवारी, हरिकेन्द्र सिंह, पीएन शुक्ला, उषा सिंह, सूर्यकांत यादव, अतुल प्रकाश यादव, रामधनी सिंह, रघुवीर आदि मौजूद रहे।

## सभी छोटे-बड़े मंदिरों का कराया जायेगा सर्वे

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

### हरिकीर्तन को चबूतरा या सत्संग भवन का होगा निर्माण

जनसंदेश न्यूज



सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त से वार्ता करते नपा बलिया के अध्यक्ष अजय कुमार एवं अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश

**बैरिया।** बागी बलिया की धार्मिक स्मृति को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए बलिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में पड़ने वाले सभी छोटे-बड़े मंदिरों का सर्वे कराया जाएगा। धार्मिक स्मृति को जीवन्त करने के उद्देश्य से इन मंदिरों के सुंदरीकरण के साथ-साथ सभी मंदिरों पर हरिकीर्तन के लिए चबूतरा या सत्संग भवन का निर्माण कराया जाएगा।

उक्त बातें रविवार को सोनबरसा स्थित संसदीय कार्यालय में सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष अजय कुमार एवं अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह के साथ बातचीत के दौरान व्यक्त किया। श्री मस्त ने अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी से कहा कि आप जो कर सकते हो, वह करो। इसके लिए सांसद निधि से धन दूंगा। उन्होंने सभी मंदिरों पर हरिकीर्तन/भजन गाने के लिए वाद्य यंत्रों जैसे ढोलक, हारमोनियम, झाल, तबला, नाल, मंजीर आदि खरीदने के साथ-साथ सभी मंदिरों के लिए लाउडस्पीकर/साउंड बाक्स आदि की व्यवस्था की बात भी कही। अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह से सांसद ने कहा कि गंगा नदी के उस पार पुराने भृगु मंदिर के विकास के लिए शीघ्र कार्य योजना बनाया जाय।

भृगु कारिडोर के निर्माण के साथ-साथ पुराने मन्दिर को भी विकसित एवं आकर्षक बनाया जाएगा। सांसद ने भृगु मंदिर से गंगा घाट तक पक्की सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। कहा कि इस पर जल्द काम शुरू होगा। नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष अजय कुमार ने सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त को भरोसा दिया कि आप जैसा चाहते है, वैसा ही काम होगा। उन्होंने सांसद व सरकार से सहयोग का आग्रह किया। सांसद ने आश्वस्त किया कि विकास कार्यो के लिए भरपूर सहयोग मिलेगा, ताकि बलिया का धार्मिक इतिहास हमेशा के लिए बना रहे।

## अध्यक्ष एवं सभासदों का कार्यकाल समाप्त

**बांसडीह।** स्थानीय नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं वार्ड सभासदों की गठित बोर्ड का कार्यकाल रविवार को समाप्त हो गया। दो दिसम्बर, 2017 को सभी नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं सभासद का परिणाम आने का बाद इन सभी ने कार्यभार सभाला था। बात करें बांसडीह नगर पंचायत की तो अध्यक्ष सहित 15 वार्डो के सभासद 12 दिसंबर 2017 को शपथ लिये थे और इसी दिन बोर्ड का गठन हुआ था। बोर्ड की प्रथम बैठक 26 दिसंबर 2017 को हुई थी। वही, सहतवार नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं 14 वार्ड सभासदों का शपथ ग्रहण कर बोर्ड का गठन एक साथ 12 दिसंबर तथा पहली बैठक भी उसी दिन ही हो गई थी।
रेवती नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं 15 वार्ड सभासदों ने 12 दिसम्बर को एक साथ शपथ लेकर बोर्ड का गठन किया। बोर्ड की प्रथम बैठक भी 12 दिसंबर की ही हुआ था। वही, मनियार नगर पंचायत में अध्यक्ष समेत 15 वार्ड सभासद ने शपथ लेते हुए बोर्ड का गठन किया एवं प्रथम बैठक भी 12 दिसम्बर की ही हुआ था, रविवार को भंग हो गई।

## स्वयं सहायता समूहों में वितरित किया सेनेटरी पैड



**बलिया।** इंडियन रेस क्रास सोसायटी बलिया के अध्यक्ष/ जिलाधिकारी के निर्देशन में रविवार को विकास खण्ड बेलहरी के दुर्गा मंदिर पुरास पर ग्राम वरुणा, मठिया एवं पुरास के मंगलम बाबा महिला, हरिजन महिला, बसंत बाबा महिला, साक्षी महिला एवं हरिपाल बाबा महिला स्वयं सहायता समूह की 145 महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। सेनेटरी पैड का वितरण मंगलम महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रीना तिवारी, हरिपाल बाबा महिला स्वयं सहायता समूह की समूह सखी प्रियंका एवं साक्षी महिला स्वयं सहायता समूह की समूह सखी आरती देवी ने संयुक्त रूप से किया। रेड क्रास सोसायटी से रविशंकर तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को मलेरिया, हैजा, डेंगू, कोरोना इत्यादि संचारी रोगों के दुष्प्रभाव तथा इनसे बचने के उपाय बताया। कहा कि अपने घर के आस-पास गंदे पानी इकट्ठा न होने दें तथा सफाई का विशेष ध्यान रखें। जन्म के 21 दिन के अंदर बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें। 21 दिन के अंदर जन्म प्रमाण पत्र निःशुल्क बनेगा। इस अवसर पर मनोज तिवारी, मंजू सिंह, सुमन तिवारी, देवंती देवी आदि मौजूद रहे।

## आज डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे छात्र

**बलिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के तत्वावधान में सतीश चन्द्र कालेज के गालीबाज शिक्षक की बर्खास्तगी एवं गिरफ्तारी के साथ ही सभी महाविद्यालयों में पठन-पाठन शुरू कराने तथा धरना दे रहे शिक्षकों का धरना के समय का वेतन रोकवाने के संबंध में 12 दिसम्बर को जिलाधिकारी कार्यालय पर जबरजस्त प्रदर्शन किया जाएगा। नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नु ने कहा कि सस्ती और सुलभ शिक्षा दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन जिला व विश्विद्यालय प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहा है। सभी महाविधालयो में शिक्षण कार्य बन्द होने के बावजूद भी उन शिक्षकों का वेतन बन रहा है, जो सरासर गलत है। हम गलत का विरोध मरते दम तक करेंगे। अगर हम सबकी मांग पूरी नहीं हुई तो 12 दिसम्बर को प्रदर्शन के दौरान ही बलिया बंद तथा छात्र कर्फ्यू की घोषणा होगा। मिथिलेश यादव मोती ने कहा कि प्रदर्शन में छात्र बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर नितेश सिंह, आदित्य प्रताप योगी, यशजीत सिंह, मनीष गुप्ता, अभिषेक यादव, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

# शबाब पर पहुंचा धनुष यज्ञ मेला



धनुष यज्ञ मेला में उमड़ी भीड़



मेला में चूड़ियों की खरीदारी करतीं महिलाएं

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### लोगों ने जलेबी के साथ उठाया सब्जी का लुफ्त

### मेलार्थियों की भीड़ देख खिले दुकानदारों के चेहरे

**बैरिया।** द्वाबा के प्रसिद्ध सन्त सुदिष्ट बाबा की समाधि स्थल के समीप लगे धनुष यज्ञ मेला में दूसरे रविवार को मेलार्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेलार्थियों की भीड़ देखकर व्यवसायियों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान लोगों ने जमकर खरीदारी की। सुदिष्ट बाबा की समाधि स्थल पर भी मत्था टेकने वालो का तांता लगा रहा। सन्त सुदिष्ट बाबा की समाधि पर मत्था टेकने के बाद मेलार्थियों ने जलेबी के साथ सब्जी का लुफ्त उठाया।

संत सुदिष्ट बाबा की समाधि स्थल के समीप लगा धनुष यज्ञ मेला पूरे शबाब पर है। 20 दिसम्बर तक चलने वाले इस मेले में जहां मेलार्थियों ने घरेलू सामानों की जमकर खरीदारी की, वहीं मिठाइयों की दुकानों पर लोग जलेबी के साथ सब्जी का मजा लेते नजर आये। चाट व समोसा की दुकानों पर भी लोगों की खचाखच भीड़ रही। मेले में आए दुकानदारों का कहना है कि धनुष यज्ञ मेला में आरम्भिक दिनों में लोगों की आमद कम होती है, किंतु अब मेला में भीड़ उमड़ रही है। कभी भी इस मेले में हमारा घाटा नहीं होता। मेला में उमड़ी भीड़ को देखकर कुछ लोग अंदर जाने से कतराते नजर आये। बरेली एवं दूर-दराज के जनपदों से आई फर्नीचर, बक्सा, आलमारी, बर्तन, ऊनी कपड़े, बर्तन आदि की दुकानों पर ग्राहकों की आमद बढ गई है। मेले में चाट-समोसा व जलेबी, मिठाई की दुकानों पर भीड़ बढ़ने से दुकानदारों के चेहरा खिल उठे। मेले में बलिया समेत पड़ोसी बिहार प्रांत के ग्रामीण अंचलों से लोग रेल एवं सड़क मार्ग से पहुंच रहे है। यहां लोग परंपरागत सब्जी के साथ जलेबी खाना नहीं भूलते। वहीं, बच्चों के लिए चर्खी, झुला, ब्रेक डांस, मिक्की माउस आदि आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

> सुदिष्ट बाबा के धनुष यज्ञ मेला में व्यापारियों के साथ ही मेलार्थियों की बुनियादी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। पुलिस प्रशासन के साथ ही मेला प्रबंधन द्वारा भी सुरक्षा की चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था किया गया है। मेला में महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती है।
>
> वंदना गुप्ता, प्रधान एवं मेला प्रबन्धक

## संक्षेप

### बच्चों को कराया विद्युत धारा के उष्मीय प्रभाव का प्रयोग



**सिकन्दरपुर।** क्षेत्र के रहिलापाली स्थित बंदना एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी के प्रांगण में रविवार को बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए हाईस्कूल के बच्चों को विद्युत धारा के उष्मीय प्रभाव का प्रयोग कराया गया। इसमें विद्युत से संबंधित विभिन्न उपकरणों को शामिल किया गया। जैसे विद्युत बल्ब, विद्युत प्रेस (इस्त्री), विद्युत हीटर, स्विच, होल्डर, पंखे का रेगुलेटर, फ्यूज, इलेक्ट्रिक बोर्ड, वायर, श्रेणी क्रम एवं समांतर क्रम आदि का बच्चों ने लिखित और मौखिक दोनों प्रयोग किया। इस दौरान कोचिंग के अध्यापकों से बच्चों ने विद्युत धारा का उष्मीय प्रभाव से संबंधित अनेक प्रश्न किए। इसका बच्चों को प्रयोग और चित्र के माध्यम से जवाब दिया गया। सनोज कुमार ने कहा कि इसी तरह बच्चों को अभी से सुविधा दी जाए तो बच्चों के लिए बहुत ही कारगर सिद्ध होगा। साथ ही परीक्षा के समय आसानी भी होगी।

### तमंचा एवं कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**सिकंदरपुर।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर के कुशल नेतृत्व में शनिवार को खेजुरी पुलिस ने पटपर पुलिया पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से एक मोटर पंप मय पंखा, देशी तमंचा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। उपनिरीक्षक पन्नालाल मय हमराह कां. प्रेमचन्द्र यादव व कां. दानवहादुर यादव के साथ खड़सरा चट्टी पर मौजूद थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि पटपर पुलिया के पास दो लोग किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने पुलिया के पास दविश देकर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम रोहित कुमार राम पुत्र उमेश चन्द्र राम निवासी हरिपुर, थाना खेजुरी एवं बन्टी कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी ग्राम हरिपुर, थाना खेजुरी बताया।

### नालियों में कराया डीटीसी का छिड़काव

**रतसर।** नगर पंचायत रतसर कलां के वार्ड नंबर 10 चंद्रशेखर नगर में शनिवार की देर शाम अभिषेक उर्फ पंकज पांडेय ने कर्मचारियों के साथ मिलकर खुले नालियों में डीटीसी एवं गैमक्सीन का छिड़काव कराते हुए फागिंग कराया। इस अवसर पर नदीम अख्तर, अजीत चौबे, रजनीश पाण्डेय, सद्दाम हुसैन, सोनू गोंड, जनार्दन कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

### सहायक चकबंदी अधिकारी बने हेमंत कुमार



**बलिया।** लोवर पीसीएस में सफल सागरपाली गांव निवासी भैया हेमंत कुमार सिंह का चयन सहायक चकबन्दी अधिकारी के पद पर हुआ है। भैया सतीश चंद सिंह के पुत्र भैया हेमंत कुमार सिंह शुरू से ही मेधावी है। फिलहाल हेमंत कुमार सिंह राजस्व लेखपाल के पद पर कार्यरत है। इनका चयन सहायक चकबन्दी के पद पर होने से गांव में खुशी का माहौल है। इस मौके पर विशाल सिंह, विपिन सिंह, पुष्कर सिंह, साकेत सिंह, सतपाल सिंह, अशोक सिंह, अदालत सिंह, मुन्ना बहादुर सिंह, विक्की सिंह आदि ने बधाई दी है।

### नगर पालिका में प्रत्याशी उतारने का निर्णय

**बलिया।** लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकारिणी की बैठक रविवार को चंद्रशेखर उद्यान में हुई। इसमें नगर पालिका परिषद बलिया में अपना प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि निकाय चुनाव में लोजपा प्रत्याशी उतारेगी। कार्यकर्ता नगर पालिका परिषद बलिया के 25 वार्डों में जाकर पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर झुलन अंसारी, लखन रावत, करन रावत, राकेश खरवार, किशन राय, सुजीत रावत, राहुल कुमार, आरती सिंह, डा. एस पांडेय, उमेश पासवान, सोनू सिंह, संजय पासवान, हरेन्द्र पासवान, रामावतार पासवान, उपेन्द्र पासवान, मदनलाल पासवान, नंदू पासवान, कन्हैश पासवान, प्रीतम पासवान, मइरान खां आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सुनील पासवान तथा संचालन मन्ना साह ने किया।

### आदित्य का मार्केटिंग इंस्पेक्टर के पद पर चयन



**बलिया।** शिक्षा क्षेत्र दुबहर के पूमावि अखार से सेवानिवृत्त शिक्षक सुशील कुमार तिवारी का पुत्र आदित्य कुमार तिवारी का चयन लोअर पीसीएस के तहत मार्केटिंग इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व परिवारीजन को दिया है। उन्होंने बताया कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। मूल रूप से दलछपरा निवासी (वर्तमान में महावीर नगर परिखरा) शिक्षक पुत्र के बेटे की सफलता पर प्राशिसं के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, मंत्री डॉ. राजेश कुमार पांडेय, असीमानंद सिंह, अरूण कुमार गुप्ता, अजीत कुमार पांडेय, समरजीत बहादुर सिंह, अखिलेश सिंह शक्ति आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### गतात्मा की शांति को किया प्रार्थना

**बलिया।** लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन स्मृति परिसर में रविवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें स्वतंत्रता सेनानी पं. रामविचार पांडेय की धर्मपत्नी राजकली देवी के निधन पर शोक प्रकट किया गया। तत्पश्चात गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अजय बहादुर सिंह, शुभ्रांशु शेखर पांडेय, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, चंद्रशेखर सिंह, शिवशरण तिवारी, अशोक राय, दीना भाई, बासुदेव ठाकुर, रवि चौहान, रवि मिश्र, अकमल नईम खां मुन्ना, कृष्ण कुमार ठाकुर, लक्ष्मण यादव, ओमप्रकाश पांडेय, राघव, रविन्द्र पांडेय, स्वतंत्रदेव, मुनरिका, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता द्विजेन्द्र कुमार मिश्र ने किया।

### गंगा को गंदा करने वालों को किया जाय दंडित : तिवारी



**बलिया।** स्वयं शुद्धिकरण की शक्ति खो रही पतित पावनी गंगा के प्राण को संकट से उबारने के लिए बनी योजनाएं मुकाम तक पहुंचने से पूर्व ही सवालों के घेरे में आ गई है। न्याय एवं निर्णय के लिए तरसती गंगा स्नानार्थियों की अंधभक्ति का भी शिकार हो रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के क्रम में गंगा को गंदा करने के दोषी दंडित किये जाने चाहिए। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने रविवार को जनपद के श्रीरामपुर, महावीर घाट, बिचला घाट तथा अभिशाप बन चुके गंगा में गिरने वाले कटहल नाला का स्थलीय निरीक्षण एवं अवलोकन करने के पश्चात व्यक्त किया। कहा कि गंगा स्नान से भी आज जरूरत गंगा सफाई की है। क्योकि अपने 2525 किलोमीटर के संपूर्ण सफर में गंगाजल के आचमन पर सवाल खड़ा हो गया है। श्री तिवारी ने गंगा के व्यवसायिक उपयोग को नदी सभ्यता के अनुकूल नहीं माना। मौके पर सत्यम मिश्र, ऋषि कुमार, विनय कुमार, अनुप गुप्त, राजकुमार साहनी आदि मौजूद रहे।

### बढ़ रही ठंड, अलाव की व्यवस्था नदारद

**बलिया।** बढ़ते ठंड को देखते हुए नगर पालिका की ओर से अब तक अलाव जलवाने का न तो इंतजाम हुआ है और न ही जगह चिह्नित कर लकड़ी ही गिराया गया है। इसके चलते सुबह-शाम सार्वजनिक स्थलों पर लोग ठिठुरने को विवश हैं और नपा अभी टेंडर कराने में उलझी हुई है। शहर के रेलवे स्टेशन, रोडवेज, चित्तू पांडेय चौराहा, जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, मवेशी अस्पताल आदि स्थानों पर अब तक अलाव जलना शुरू नहीं हुआ है। जिला अस्पताल के पास अलाव नहीं जलने से अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ उनके तीमारदार सुबह-शाम ठंड से ठिठुरते नजर आ रहे हैं। यही स्थिति रेलवे स्टेशन व रोडवेज पर यात्रियों को होती नजर आ रही है। सबसे अधिक परेशानी गांव से मेहनत-मजदूरी के लिए गांव से शहर आए मजदूरों को हो रही है। शहर के चित्तू पांडेय चौराहा, रामपुर उदयभान आईटीआई चौराहा पर सैकड़ों की संख्या में काम की तलाश आये मजदूर ठिठुरते दिखे। शहर के दिनेश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, राहुल, वसीम, अफरोज आदि ने अलाव जलवाने की मांग की है।

# भाजपा और सपा से कौन होगा प्रत्याशी, चर्चाएं शुरू

**निकाय चुनाव**

## 10 साल बाद महिलाओं को मिला है चुनाव लड़ने का मौका

**बलिया।** इस बार के निकाय चुनाव में 10 साल बाद एक बार फिर महिलाओं को चुनाव लड़ने का मौका मिला है। इसे सामान्य एवं ओबीसी वर्ग की महिलाएं खोना नहीं चाहती। भाजपा एवं सपा से टिकट के लिए सामान्य एवं ओबीसी वर्ग की महिलाओं ने आवेदन करना शुरू कर दिया है। पांच दिसम्बर को आरक्षण सूची आने के बाद राजनैतिक हलचल उस समय मची, जब बलिया नगर पालिका परिषद का अध्यक्ष पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित हो गया।

सामान्य एवं ओबीसी वर्ग के पुरूष दावेदार चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन आरक्षण ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया। इसके एक दिन बाद सामान्य पुरूष वर्ग से तैयारी कर रहे दावेदार अपनी पत्नी, अपने छोटे भाई की पत्नी एवं मां को चुनाव मैदान में उतारने का प्रयास किया। जहां भाजपा से सामान्य एवं ओबीसी वर्ग की महिलाओं का अधिक संख्या में आवेदन देखा जा रहा है, वहीं सपा में भी सबसे अधिक सामान्य वर्ग की महिलाओं का अधिक आवेदन है। सपा से टिकट के लिए एक तरफ जहां पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय ने अपने छोटे भाई की पत्नी रेखा उपाध्याय को आगे करके आवेदन किया है, वहीं पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्त ने अपनी पत्नी पूर्णिमा गुप्ता के लिए आवेदन किया है। इधर, सभासद कन्हैया अपनी पत्नी रेनू, निषिद्ध श्रीवास्तव अपनी मां एवं राघव सिंह अपनी पत्नी के लिए टिकट मांग रहे है। इसी क्रम में भाजपा से महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीतू पांडेय, नगर अध्यक्ष सोनी तिवारी, गोरक्ष प्रांत की उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव, पूर्व नगर अध्यक्ष नकुल चौबे की पत्नी किरण चौबे, कृष्णा पांडेय, संध्या पांडेय, रंजना राय, इंदू मिश्रा, प्रीति जायसवाल, सरिता गुप्ता, विजयकमला, शिवांगी गुप्ता, चंदा देवी, अन्नू गुप्ता, किरन जौहरी, सुमन गुप्ता आदि ने टिकट के लिए दावेदारी की है। अब देखना यह है कि भाजपा एवं सपा से चुनाव मैदान में किसे मौका मिलता है।

### 2022 में भी आयी आगे

**बलिया।** निकाय चुनाव-2012 में पहली बार बलिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की सीट सामान्य वर्ग महिला के लिए आरक्षित हुई थी। उस समय विजयकमला एवं प्रीति जायसवाल चुनाव मैदान में थी। एक बार फिर इन महिलाओं ने भाजपा से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है।

### मंत्री एवं सांसद से साध रहे संपर्क

**बलिया।** निकाय चुनाव को लेकर भाजपा के दावेदार परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त से संपर्क साधने का प्रयास कर रही है। वहीं, निकाय चुनाव प्रभारी नरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष पूर्वांचल विकास बोर्ड को आवेदन भी दिया है। जिला संयोजक सुरेन्द्र सिंह एवं नगर संयोजक अनूप चौबे के यहां भी दावेदार चक्कर लगा रहे है।

## जागरूकता के लिए बैठक कल

**बलिया।** आयकर विभाग वाराणसी द्वारा आयकर भवन पर अग्रिम कर विषय पर 13 दिसंबर को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें आयकर दाता व्यापारी, सीए एवं आयकर अधिवक्ताओं के बीच अग्रिम टैक्स के बारे जानकारी देने के वाराणसी अपर आयकर आयुक्त लियाकत अली आफाकी सम्मिलित होंगे। इस आशय की जानकारी आयकर अधिकारी अनिरुद्ध श्रीवास्तव ने दी है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अग्रिम कर की तीसरी किस्त जमा करने के आखिरी सप्ताह के अवसर पर आयकर विभाग वाराणसी अपने परिक्षेत्र-1 के सभी आयकर दाताओं में जागरुकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम का उदेश्य है कि सभी आयकर दाता अपनी आय का सही आकलन कर तीसरे त्रैमासिक हेतु अग्रिम कर समय पर (अर्थात 15 दिसंबर तक) समुचित भुगतान कर सकें। इस संदर्भ में जिले के समस्त सदस्य सीए एसोसिएशन, आयकर बार एसोसिएशन, व्यापार मंडल एवं सम्मानित आयकर दाताओं के साथ बैठक का आयोजन 13 दिसम्बर को अपराह्न तीन बजे आयकर भवन बलिया में किया गया है।

# दमदारी से निकाय चुनाव लड़ेगी भाजपा व जीतेगी भी



कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित करते राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी

**बोले दानिश आजाद**

## मोदी-योगी सरकार में मुस्लिम बंधुओं को भी मिल रहा योजनाओं का लाभ

**सिकन्दरपुर।** कस्बे के एक मैरेज हाल के प्रांगण में भाजपा के तत्वावधान में रविवार को कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है, जो गरीबों एवं मजलुमों का ख्याल रखती है। भाजपा सरकार में सभी योजनाओं का लाभ डायरेक्ट लोगों के बीच में पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी दमदारी के साथ नगर निकाय चुनाव लड़ेगी और जीतेगी भी। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने आपके कौम के बेटा को मंत्री बनाया है। इसलिए आप लोग नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को अपना मत देकर विजयी बनाये।

कहा कि हम सभी को मिलकर तरक्की के रास्ते पर चलना है। यह तभी सम्भव होगा, जब फूलों की नगरी सिकन्दरपुर से भाजपा प्रत्याशी को जिताएंगे। नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की सरकार में मुस्लिम बन्धुओं को भी हर योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

**संक्षेप**

### एक बच्चे की मां प्रेमी संग फरार

**बलिया।** नरही थाना क्षेत्र के एक गांव में एक बच्चे की मां अपने प्रेमी के साथ भाग गयी। पति ने अपनी पत्नी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इस मामले में पति ने इसकी तहरीर थाने में देने के साथ ही पत्नी को खोजने की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार पत्नी शौच करने के बहाने घर से बाहर निकली और अपने साढ़े तीन साल के मासूम बच्चे को छोड़ कर अपने पड़ोसी लड़के के साथ तीन दिन पहले फरार हो गई। पति ने काफी खोजबीन किया, लेकिन पत्नी का पता नहीं चलने पर उसने शनिवार को नरहीं थाने में तहरीर दे दी। तहरीर के अनुसार पति ने 15 हजार नगद तथा जेवर भी ले जाने की बात कही है। पुलिस प्रेमी का अभी तक पता नहीं लगा पायी है। पति मासूम लड़के को लेकर परेशान हैं। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

### स्मार्टफोन का सकारात्मकता से करें प्रयोग : डॉ. नरेन्द्र



**सिकन्दरपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गौरी ननहुल स्थित बालेश्वर प्रसाद संस्कृत महाविद्यालय में रविवार को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महाविद्यालय के कुल 50 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने योगी सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दिया। कहा कि सरकार की मंशा हैं कि किताबी शिक्षा के साथ-साथ बच्चे आनलाइन शिक्षा का भी महत्व समझें। अगर स्मार्टफोन व टैबलेट का सकारात्मकता के साथ प्रयोग हो तो निश्चित ही इसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा। इस अवसर पर बसंत दीक्षित, चंद्रशेखर गुप्ता, राघवेंद्र मिश्रा, राजेश गुप्ता, भरत गुप्ता, अहमद रजा अंसारी, स्वयंवर प्रसाद, अनवर अहमद, रमेश वर्मा, राकेश राय, पूनम वर्मा, आचार्य कमलेश वर्मा, शुभेंद्र आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अनिल गुप्ता तथा संचालन मदन मोहन गुप्ता ने किया।

### चौदह सीट के सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन



**रेवती।** स्थानीय बाजार से लगे थाना के समीप महिला-पुरुषों के उपयोग के लिए नगर पंचायत द्वारा नवनिर्मित चौदह सीट के सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन रविवार को किया गया। इस शौचालय की मांग नगर के व्यापारी संगठन द्वारा किया जाता रहा है। शौचालय के अभाव में बाजार आने वाले दूर-दराज के लोगों विशेष रूप से महिलाओं को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। अब बाजार के पास शौचालय सुलभ हो जाने से महिला-पुरुषों को लघु शंका आदि सम्बन्धित समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा। शौचालय का उद्घाटन नगर के विशिष्ट व्यवसाई तथा व्यापारी नेता शिवजी प्रसाद केसरी द्वारा किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय शंकर पाण्डेय कनक ने कहा कि बीते चुनाव में जीत के बाद व्यवसायी बन्धुओं द्वारा बाजार के आस-पास सामुदायिक शौचालय बनवाने की आवश्यकता की बात उठाई गई थी। मैंने इसे बनवाने का आश्वासन भी दिया था। क्योंकि ऐसा शौचालय अत्यन्त आवश्यक था। जमीन की तलाश की जा रही थी कि इसी बीच कोरोना महामारी ने पांव पसार दिया। इसके चलते बजट नहीं मिल पाया। यही कारण रहा कि शौचालय बनने में विलम्ब हुआ। इस अवसर पर केसरवानी कल्याण समीति के नगर अध्यक्ष सुनील केसरी, नन्दलाल केसरी, डा. एसबी यादव, राजेश गुप्ता, शम्भू कान्त तिवारी, पप्पू केसरी, हैप्पी पाण्डेय, सतीश गुप्ता, नसीम आदि मौजूद रहे। संचालन अनिल केसरी ने किया।

### ब्लॉक स्तर पर हो रही सुरक्षा सैनिक और सुपरवाइजर की भर्तियां संपन्न

**बलिया।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार जिले के सभी विकास खण्डों पर बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी द्वारा अभ्यार्थियों को ब्लॉक स्तर पर चयन कर उनको ट्रेनिंग के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया। कमांडेंट रजनीश राय ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर भर्तियां शांति पूर्वक रविवार को संपन्न हुआ, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को 13 दिसंबर एवं कुछ ब्लॉक के अभ्यर्थियों को 26 दिसम्बर को ट्रेनिंग सेंटर जौनपुर बुलाया गया है। साथ ही 14 दिसम्बर को कुछ अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग सेंटर लखनऊ बुलाया गया है। जिसमें जिला के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं कि भर्ती पूरी तरह से एक पारदर्शिता के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें सभी छोटे-बड़े अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला।

### सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**बांसडीह।** समाजवादी पार्टी नगर कार्यकताओं का 12 दिसम्बर सोमवार को कचहरी चैराहा के पास सुबह 10 बजे से कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया हैं। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार सिंह ने बताया मैनपुरी में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा के बांसडीह विधानसभा अध्यक्ष हरेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार पाण्डेय कान्हजी व हीरालाल वर्मा होंगे।

### यूपी के सभी सीटों पर खिलेगा कमल : दयाशंकर



**बलिया।** निकाय चुनाव को लेकर जहां भाजपा में पूरी तैयारी चल रही है और संगठात्मक तरीके से सबको अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी है। वैसे राजनैतिक गलियारों में चर्चा यह भी है कि भाजपा लोकसभा चुनाव के पूर्व निकाय चुनाव को एक फोकस के रूप में माहौल बनाने की तैयारी में है। उत्तर प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिक व नगर पंचायतों की सभी सीटों पर भाजपा कमल खिलाने की पूरी तैयारी कर रही है। बसंतपुर में आयोजित सुरहा पंक्षी महोत्सव का आगाज करने के बाद पत्रकारों के सवाल पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि हम यूपी के नगर निगम, नगर पालिक व नगर पंचायतों के सभी सीटों को जीतेंगें। पहले भी जीते है और आने वाले चुनाव में भी हमी जीतेंगें।

# दुर्घटना में घायल लोगों को पहुंचाएं अस्पताल

जनसंदेश न्यूज

**बोले धर्मवीर सिंह**

## अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पूछताछ नहीं करेगी पुलिस

**बैरिया।** दुर्घटना के समय घायलों को छोड़कर लोगों का भागना मानवता के विरुद्ध है। उस समय घायलों को अस्पताल पंहुचाना आवश्यक कार्य है। यह बातें एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने रविवार को थाना परिसर में गणमान्य लोगों की आयोजित बैठक में व्यक्त किया।

कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों का आंकड़ा तब बहुत कम हो सकता है, जब उन्हे समय से इलाज मिल जाय। यह तभी सम्भव है, जब घायलों के प्रति स्थानीय लोग व राहगीर संवेदशीलता का परिचय देते हुए उन्हे अस्पताल पहुंचायें। दुर्घटना में घायल लोगों की मदद में हाथ बढाने पर घायलों की जानें बच सकती है, किंतु लोग तमाशबीन बने रहते है। वहीं, कुछ लोग वीडियो बनाने में व्यस्त रहते है। सबका दायित्व होना चाहिए कि घायलों को पहले अस्पताल पहुंचाया जाय।

कहा कि क्षेत्र में अनेक ऐसी दुर्घटनाएं देखने को मिल रही है, जिसमें घायलों को लोग अस्पताल पहुंचाने के मामले में असंवेदनशील हो जाते है। उन्हें सोचना चाहिए कि जीवन रक्षा मानव का सबसे बड़ा फर्ज है। उन्होंने कहा कि कानून में यह व्यवस्था है कि जो घायलों को अस्पताल पहुंचायेगा, उससे पुलिस कुछ भी पूछताछ नही करेगी। उन्हें कोई परेशान नही करेगा।

## साहित्य अकादमी के जिलाध्यक्ष बने डॉ. फतेहचंद

**बलिया।** अखिल भारतीय विकास संस्कृत साहित्य परिषद के स्थान पर रविवार को विकास संस्कृत साहित्य अकादमी जिला इकाई का गठन किया गया। डॉ. बृजेश सिंह अकादमी के महामंत्री एवं राष्ट्रकवि के द्वारा डॉ. फतेहचंद बेचैन को विकास संस्कृत साहित्य अकादमी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके उपरांत इकाई की कार्यकारिणी के शीर्ष पदाधिकारियों एवं सदस्यों के गठन हेतु बृजेश सिंह के निर्देश तथा प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार अंशु की उपस्थिति में आम सहमति से गठन किया गया। संरक्षक मंडल में डॉ. राजेंद्र प्रसाद विद्रोही, डॉ. रमाशंकर वर्मा मनहर, विंध्याचल सिंह, डॉ. संतोष प्रसाद गुप्त, डॉ. नन्द जी नंदा भोजपुरी भूषण, डॉ. फतेहचंद बेचैन, डॉ. जितेंद्र स्वाध्यायी, सत्यम राय आनंद आदि शामिल है। परामर्शदाता मंडल में नरेंद्र कुमार अनुराग, श्रीराम प्रसाद सरगम, डॉ. अरविंद उपाध्याय आदि को मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को डॉ. बृजेश सिंह द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# अपने समाज को एकता की डोर में बांधना लक्ष्य

**बोले अनिल सिंह**

## क्षत्रिय भारत महासभा के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज



मुख्य अतिथि को भगवान श्रीराम का चित्र प्रदान करते लोग

**बलिया।** क्षत्रिय भारत महासभा के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन रविवार को संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक, वरिष्ठ अधिवक्ता सुवास सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने राष्ट्रीय संरक्षक सुवास सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अनिल सिंह ने कहा कि यह संगठन भगवान श्रीराम के दिखाये हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए चलने के प्रति संकल्पित है।

कहा कि हमारा लक्ष्य क्षत्रिय समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुंच कर उसका उत्थान करना और अपने समाज को एकता की डोर मे बांधना है। कहा कि हम अपने समाज के किसी व्यक्ति का गलत तरीके से हो रहे उत्पीड़न को बर्दाश्त नही करेंगे। राष्ट्रीय संरक्षक सुवास सिंह ने कहा कि यह संगठन निश्चित रूप से क्षत्रिय समाज को एकजुट करके राजपूतों की पुरानी प्रतिष्ठा को प्राप्त करेगा। अशोक सिंह ठेकेदार ने कहा कि संगठन के माध्यम से अपने समाज की गरीब बेटियों की शादियों को कराने की भी योजना बनायीं जानी चाहिये। जिलाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक सिंह, शैलेन्द्र सिंह पप्पू, विनोद सिंह, उमेश सिंह, पवन सिंह, अरुण सिंह, डब्ल्यू सिंह, पीडी सिंह, अनिल सिंह, बृजेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, आनंद सिंह, जयंत कुमार सिंह, नागेश सिंह, उपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी अधिकारी के डर से दुकानों के शटर हुए डाउन



**दोहरीघाट, मऊ।** दोहरीघाट नगर मे जैसे ही जीएसटी अधिकारी के आने की खबर लगी सभी दुकानों के शटर धड़ाधड़ बन्द हो गये थोडी देर मे पुरे बाजार मे सन्नाटा छा गया। समझ ये नही आ रहा कि व्यापारी चोरी कर रहे है कि नहीं आखिर जीएसटी अधिकारियों के नाम पर इतना डर कैसे हो गया है कि दुकान ही बन्द कर भाग खड़े हो जा रहे है।

बाजार में मानो लॉकडाउन की स्थिति नजर आने लगे है चाय पानी की दुकानें खुली रहे बाकी सभी दुकानों के शटर डाउन हो गए डर के मारे लोगों ने बाजार को भी खाली कर दिया पूरे दिन शटरडॉउन रहे हो लोगों को सामान खरीदने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जहां हर तरफ शादी विवाह का माहौल है इस समय किराना की दुकानों का इस तरह बंद हो जाना लोगों के लिए काफी दिक्कत होने लगी पूरे दिन बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोगों का कहना है कि जीएसटी ऑफिसर कभी भी किसी भी समय आ सकते हैं। इस वजह से आज पूरे दिन दुकानें बंद रहेंगे। पूरे दिन डर का माहौल लोगों के मन में बना रहा और दुकानें बंद रहीं।

## ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अतरही गांव के निवासी रामधनी बिंद का 18 वर्षीय पुत्र ने रविवार को ट्रेन से कटकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अतरही गांव निवासी रामधनी बिंद का पुत्र विकास बिंद जंगीपुरकला गांव के समीप वाराणसी-फैजाबाद रेल मार्ग पर ट्रेन से कटकर जान दे दी। स्वजनों ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। आज वह घर से अचानक गायब हो गया था। खोजबीन करने के बाद सूचना मिली की कोई युवक रेल मार्ग पर कटा पड़ा है। जब हम लोगों ने पास जाकर देखा तो युवक की पहचान विकास बिंद के रूप में हुई। वहीं घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पूर्वांचल चौकी इंचार्ज संतोष कुमार यादव को दी। सूचना मिलते ही उन्होंने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पूर्वांचल चौकी इंचार्ज संतोष कुमार यादव ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दर्जनों बसपा कार्यकर्ताओं ने ग्रहण की सपा की सदस्यता



**मऊ।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव की अध्यक्षता में बसपा छोड़कर रामप्रवेश साहनी ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जन लोकप्रियता और पार्टी की नीतियों में आस्था प्रकट करते हुए अपने दर्जनों साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप सदस्यता ग्रहण करनेवाले राजेंदर निषाद, जवाहर निषाद, अशोक निषाद, हरिमोहन निषाद, सत्याराम निषाद, संजय निषाद। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से निवर्तमान राष्ट्रिय सदस्य अल्ताफ अंसारी, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव साधू, धर्म प्रकाश यादव, हाजी इरफान, निवर्तमान जिला महासचिव कुद्दूस अंसारी, अखिलेश यादव आदि नेता उपस्थित थे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में छह रिहायशी छप्पर राख

**गभिरन।** शाहपुर सानी गांव में शनिवार की आधी रात अबूझ हालत में लगी आग से आधा दर्जन रिहायशी छप्पर व उसमें रखे हजारों के गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। गांव निवासी सुजीत नाविक उर्फ फुन्नन के रिहायशी छप्पर में रात 12 बजे अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर उनके तीनों छप्परों को अपनी आगोश में ले लिया। ग्रामीणों के जुटने तक आग बढ़ती हुई बगल स्थित वीरेंद्र नाविक के दो छप्पर व अजय नाविक के छप्पर तक पहुंच गई। ट्यूबवेल चलाकर बाल्टियों से पानी फेंक आग पर काबू पाया जा सका। तब तक उसमें रखा खाद्यान्न व गृहस्थी का सामान राख हो गया। अगलगी में एक लाख से अधिक की क्षति का अनुमान है।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने अग्नि पीड़ितों में बांटी राहत सामग्री



**मधुबन, मऊ।** तहसील क्षेत्र के गजियापुर में विगत दिनों गैस सिलेंडर फटने से लगी आग से छह परिवारों का पूरा सामान जल कर राख हो गया था। गजियापुर में कुड़े के ढेर से निकली चिंगारी से 6 परिवारों की 12 रिहाइशी झोपडियां, एक पम्पीग सेट, एक बाइक, एक साइकिल सहित पांच बकरियां जल कर राख हो गई थी। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया था।

दशरथ चैहान के घर की महिलाएं दरवाजे पर स्थित अलाव का राख रिहाइशी झोपड़ी के बगल में फेका था। राख में स्थित चिंगारी हवाओं के चपेट में आकर उग्र रूप धारण कर लिया। देखतें ही देखतें आग रिहाइशी झोपडियों को अपने आगोश में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि नंदलाल चैहान, राजकुमार चैहान, बेवा नेमा चैहान, जंगी चैहान, श्रीकांत राजभर एवं दशरथ चैहान की दो दो रिहाइशी झोपडियां राख हो गई थी। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि चंद्रमणि यादव गुड्डू द्वारा रविवार को उन पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर राशन सामग्री में आंटा, चावल, दाल, साबुन, सर्फ, बर्तन सेट, कंबल रोजमर्रा के सामान पीड़ित परिवारों को दिया गया। राहत सामग्री पाकर पीड़ित परिवारों के चेहरे खिल उठे लोग यह कहने में नहीं चुके की प्रमुख नहीं रहते हुए भी जनता की सेवा में लगे हुए हैं जबकि वर्तमान प्रमुख हमेशा दूरी बनाए रहते हैं। चंद्रमणि यादव का सहयोग पाकर चारों तरफ लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

## आपूर्ति निरीक्षक पद पर चयन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम गुतवन बाजार निवासी दीपक सेठ का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा 2019 की परीक्षा में आपूर्ति निरीक्षक के पद पर चयन होने से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव वासी उनके आवास पर बधाई देने पहुंचे। दीपक सेठ ने अपनी इस कामयाबी के पीछे अपने पिता सुभाष सेठ, माता सुमन सोनी व छोटे भाई अनुज सेठ का काफी योगदान बताया।

## दो गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** गैरजमानती वारंटी जालन्धर पुत्र मुन्नीलाल निवासी सजईंकला, रामसेवक पुत्र वंशीलाल निवासी रामपुर सवाई को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया व उपनिरीक्षक अंजनी सिंह ने पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह करीब दस बजे दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

# शासन के निर्देश पर नपं में हटाया अतिक्रमण



**दोहरीघाट, मऊ।** नगर पंचायत दोहरीघाट में शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी आदेश के अनुपालन में उप जिलाधकारी सुरेश कुमार व क्षेत्राधिकारी उमाशकर उत्तम के नेतृत्व में के सड़क किनारे पटरियों पर अवैध कब्जा जमाए ठेले चाय की दुकानों आदि लोगों को हटाते हुए पटरियों को खाली कराया गया। वही कुछ लोगों पर जुमार्ना लगाया गया साथ ही दोबारा पटरियों पर अवैध कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई। इस दौरान नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** रविवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना मधुबन पुलिस द्वारा गजियापुर बैक के पास से मुअसं 477/22 धारा 354,504,506 भादवि. में वांछित अभियुक्त आबिद पुत्र मो. असगर निवासी गजियापुर थाना मधुबन, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा डाडी चटट्ी से मु.अ.सं. मु.अ.सं. 481/22 धारा 376,313,504,506 भादवि. में वांछित अभियुक्त जशविन्दर उर्फ जशवेंद्र पुत्र स्व. रामकवल निवासी देईथान इंदारा थाना कोपागंज मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# पच्चीस हजार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**कामयाबी**

### पुलिस मुठभेड़ में अपराधी के पैर में लगी गोली

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** पच्चीस हजार इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश के पैर में गोली लगी है जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस अपराधी की पुलिस को काफी समय से तलाश थी। इसके ऊपर लूट व चोरी के कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। बीते शनिवार को नगसर पुलिस नगसर रेलवे क्रॉसिंग के पास बैरिकेटिंग लगाकर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान करीब 10.30 बजे रात्रि एक अज्ञात बाइक सवार बदमाश तेज गति से आ रहा था। जिसे चेकिंग के लिए पुलिस रोकने का प्रयास किया। बदमाश बाइक की रफ्तार बढ़ाकर पुलिस टीम पर फायर कर दिलदारनगर की तरफ भागने लगा। थानाध्यक्ष नगसर कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए बदमाशों का पीछा किया। इधर दिलदारनगर थाना क्षेत्र में भ्रमणशील स्वाट टीम व थाना दिलदारनगर पुलिस संयुक्त रूप से रकसहा मोड़ पर बदमाश की घेराबंदी की। अपने को घिरा देखकर बदमाश पुलिस टीम पर पुनः फायर कर दिया। बदमाश की फायरिंग के जवाब में पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग से उक्त बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। घायल बदमाश को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।


रकसहा मोड़ पर मुठभेड़ के बाद पुलिस अधिकारी से जानकारी लेते एसपी ओमवीर सिंह।


रकसहा मोड़ स्थित मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को हिरासत में ले जाती पुलिस।

**पूर्वांचल का कुख्यात अपराधी था जितेंद्र**

पूछताछ में अभियुक्त की जितेंद्र कुमार पुत्र शिवपूजन निवासी ग्राम गरथहां थाना सिंधौरा जनपद वाराणसी के रूप में पहचान हुई। बदमाश पर दिलदारनगर थाना का वांछित अपराधी है। जिस पर 25000 रुपए का इनाम भी रखा गया है। बदमाश पर पूर्वांचल के विभिन्न जिलो में दर्जनों मुकदमा दर्ज है।

# राशन के गेहूं की बोरी में मिला कंकड़-पत्थर

**यह है हाल**

### विभागीय अधिकारी ने कार्रवाई के बजाय भरपाई का सुनाया फरमान

**सादात।** कोटे की दुकान पर राशन वितरण के लिए आए गेहूं के बोरियों से पत्थर के टुकड़े निकल रहे हैं। कोटेदार के यहां आए दो बोरियों में से पांच किलो पत्थर निकले है। विभाग की लापरवाही का खामियाजा कौन भुगतेगा, इसे लेकर महिला कोटेदार परेशान है। उनका कहना है कि इसकी भरपाई वह कैसे कर पाएंगी। सादात ब्लाक के ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में कोटे की दुकान पर कार्डधारकों को वितरित करने के लिए आए राशन की बोरियों से पत्थर के टुकड़े निकलने लगे।

करीब छह माह तक यहां की दुकान पड़ोस के गांव अकबरपुर से सम्बद्ध कर दिया गया था। विभागीय कार्यवाही के बाद बीते नवम्बर माह की 19 तारीख को इब्राहिमपुर की दुकान एक स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष श्वेता सिंह के नाम आवंटित किया गया। कोटेदार श्वेता सिंह ने बताया कि 08 दिसम्बर को देवकठिया जंगीपुर से डोर टू स्टेट डिलेवरी के अंतर्गत उसे 143 बोरी में 72 कुंतल चावल और 94 बोरी में 48 कुंतल गेहूं मिला है। दुकान से अंत्योदय के 51 और पात्र गृहस्थी के 502 कार्डधारक सम्बद्ध हैं। शनिवार को पहले दिन वितरण का कार्य शुरू ही हुआ था कि गेहूं के 49 किलो की बोरी में से करीब ढ़ाई किलो पत्थर के टुकड़े निकले। दूसरे दिन रविवार को भी एक और बोरी से पत्थर के टुकड़े निकले। दुकान संचालिका श्वेता सिंह ने बताया कि वीडियो बनाकर दिखाते हुए इसकी शिकायत जखनियां तहसील के आपूर्ति निरीक्षक प्रवीण गुप्ता से की गई तो उन्होंने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर आगे के उठान में इसकी भरपाई कराने का आश्वासन दिया। हैरानी की बात है कि गेहूं की बोरी में पत्थर कैसे आया, जहां से उठान हुआ है वहां जिम्मेदार कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध है। जिस पर अधिकारी कार्रवाई के बजाय भरपाई की बात कर रहें है।

## संक्षेप

### रिहायशी झोपड़ी में लगी आग


भकसी गांव के जोगिंदर यादव की रिहायशी झोपड़ी में लगी आग को बुझाते ग्रामीण।

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के भकसी गांव के जोगिंदर यादव की रिहायशी झोपड़ी में शनिवार की रात अज्ञात कारणों से आग लगने से घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित जोगिंद्र यादव बताया की रात्रि में खाना खाने के बाद घर के सभी सदस्य सोने चले गए तभी मध्य रात्रि में अचानक मड़ई से धुंआ निकलने लगा। शोर गुल करने पर घर के परिजन बाहर निकल गए।अगल बगल के लोग आग को बुझाने में जुट गए। लेकिन जब तक लोग आग पर काबू पाते आग की तेज लपटों ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया। इस घटना में एक मोटर साइकिल,5 बोडा गेहूं,चौकी राशन सहित घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। समाज सेवी सुनील यादव ने रविवार की सुबह अगलगी की सूचना हल्का के लेखपाल व तहसील कर्मियो को दिया।

### पुलिस थानों में जगह का अभाव, जब्त वाहन हो रहे कबाड़

**गाजीपुर।** पुलिस थानों में विभिन्न मामलों में जब्त बाइक, कार व ट्रक धूप और धूल में पड़े होने से कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। इनमें से अधिकतर को तो लम्बे समय से इनके मालिक छुड़ाने के लिए नहीं आ रहे हैं। जबकि कई वाहन एनडीपीएस जैसे दूसरे संगीन मामलों में होने के कारण छूट नहीं पा रही है। न्यायालय से इन मामलों का निस्तारण नहीं होने से वाहन भी छूट नहीं पाते है। यहां थाना परिसर में जगह के अभाव में एक बाइक के ऊपर दूसरी जब्त बाइक खड़ी कर रखी है। ऐसा नहीं है कि पुलिस थाने में सिर्फ दुपहिया वाहन ही बंद है बल्कि शराब तस्करी के मामले में जब्त कई लग्जरी कारें भी जब्त हैं। थाने के बाहर सड़क पर खड़े ट्रकों के भी जंग लग रही है। इनमें से कई चोरी तो कई शराब तस्करी जैसे मामलों में जब्त है। स्थिति यह है कि ये जब्त वाहन इतने अधिक हो गए है कि अब तो पुलिस थाने में इन्हें रखने की जगह भी नहीं बची है। इसके चलते पुलिस इन्हें कहीं सड़क पर, तो कहीं दूसरों की जगह में खड़ा कर रही है। थाने के सामने सड़क पर जब्त वाहन खड़े रहने से कई बार थाने के सामने जाम की स्थिति हो जाती है। ऐसे में बाहर खुले में रखे इन लाखों रुपयों के वाहनों की धूप, धूल और बरसात में मिट्टी हो रही है। इसके पीछे मुख्य कारण जब्त वाहनों की निर्धारित समय पर नीलामी नहीं होना भी माना जा रहा है।

### साहित्य चेतना समाज ने आयोजित की प्रतियोगिता


महुआबाग इंटर कालेज में परीक्षा देते विद्यार्थी।

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में हिन्दी सुलेख-श्रुतलेख,अंग्रेजी सुलेख-श्रुतलेख,सामान्य हिन्दी ज्ञान एवं सामान्य अंग्रेजी ज्ञान प्रतियोगिता आदर्श इण्टर कॉलेज महुआबाग में आयोजित की गयी। दो वर्गों में आयोजित इन प्रतियोगिताओं के कनिष्ठ वर्ग में कक्षा चार से छह एवं मध्यम वर्ग में कक्षा सात एवं आठ के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इन प्रतियोगिताओं नगर के साथ ही सुदूर ग्रामीण अंचल के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को जनवरी 2023 में आयोजित संस्था के 38वें वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं गाजीपुर गौरव सम्मान समारोह में स्मृति-चिह्न व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डा.पारसनाथ सिंह,डा.रविनन्दन वर्मा,राजीव मिश्रा, कामेश्वर द्विवेदी,तृप्ति श्रीवास्तव,जितेन्द्र सिंह,आनन्द प्रकाश अग्रवाल, हर्षित श्रीवास्तव,राघवेन्द्र ओझा,शशिकांत राय, अरविन्द श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता प्रभारी प्रभाकर त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने लेखपाल को पीटा

**सादात।** बहरियाबाद थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव में लेखपाल की पिटाई का मामला सामने आया है। सरकारी कर्मचारी की पिटाई से तहसील में हड़कंप का माहौल बन गया है। लेखपाल ने तीन लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है। ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भरतपुर में अंत्येष्टि स्थल की भूमि की पैमाइश लेखपाल बलजीत सिंह कर रहे थे। उनके साथ बेंवदा के लेखपाल अनुभव सिंह भी थे। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि रविशंकर सिंह ने सड़क किनारे अंत्येष्टि स्थल के लिए जमीन का सीमांकन करने को कहा। इसे लेकर अपशब्द भाषा का प्रयोग करते हुए लेखपाल का कागजात छीनकर फाड़ते हुए उसकी पिटाई कर दी। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित लेखपाल बहरियाबाद थाने पहुंचकर प्रधान प्रतिनिधि रविशंकर सिंह सोनू, अंकित सिंह व आकाश सिंह के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। शनिवार की देर रात पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

# इंजीनियर ने इलेक्ट्रानिक पैनल सिस्टम का किया निरीक्षण

**दिलदारनगर।** दानापुर मंडल के वरीय मंडल संकेत एवं दूरसंचार विभाग के इंजीनियर मनीष कुमार विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों संग शनिवार की देर शाम स्थानीय स्टेशन पर पहुंचकर नया इलेक्ट्रॉनिक पैनल सिस्टम को लेकर हो रहे कार्य का जायजा लिया। वरीय मंडल सिंग्नल अभियंता टीम के साथ सबसे पहले दिलदारनगर ताड़ीघाट सेक्शन के बीच इंटरलॉकिंग के लिए चार नम्बर एलसी गेट और फ्रंट टर्मिनल कार्य का निरीक्षण कर नया इलेक्ट्रानिक पैनल सिस्टम को दो माह तक कार्य पूरा कर सिस्टम चालू होने का वरीय सिंग्नल मंडल अभियंता ने आश्वासन दिया। इसके बाद विभाग के कर्मचारियों के संग आयोजित संगोष्ठी में सुरक्षा संबंधी मुद्दे के साथ-साथ सिग्नल विफलता के दौरान किए जाने वाले एहतियाती उपायों पर चर्चा किया गया।


दिलदारनगर स्टेशन परिसर में निरीक्षण करते इंजी. मनीष कुमार।

इसके उपरांत कर्मचारियों द्वारा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिथिलेश कुमार,रमेश चंद्र राय,राजेश कुमार व चंदन कुमार को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।
निरीक्षण के दौरान सहायक मंडल सिंग्नल अभियंता अशोक कुमार, अवधेश कुमार,आरके सिंह,नंदन कुमार, पी के लाल व सिंग्नल अभियंता रजनीश कुमार सहित अन्य अधिकारी साथ मे मौजूद रहे।

### सीएम आरोग्य मेला में 98 मरीजों का इलाज

**मरदह।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला रविवार को आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाक क्षेत्र के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 98 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डा.अशोक कुमार सिंह 43 मरीजों को देखा साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.पी.सी.यादव ने 21,प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पाडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 17 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ.इमरान उस्मानी ने 20 मरीजों का इलाज किया। इस प्रकार मेला में कुल 98 मरीजों की जाँच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया।जिसमें, लीवर 1,टीवी 2, एनिमिया के 1, ए.एन.सी. 2 सांस के- 12, उदर के 10, मधुमेह - 7, चर्मरोग 13 - , हाईपर टेंशन 4 - अन्य रोगी 15 मरीजों को देखा गया।इस मौके पर डा.राजीव गोड़,फार्मासिस्ट रमेशचन्द्र चतुर्वेदी, राकेश पाण्डेय, रमेश यादव,विनोद कुमार सिंह, शत्रुध्न कुमार गोंड,ओ.पी.यादव, नरेंद्र कुमार यादव, अभिषेक यादव,संजय रावत,अरविन्द शर्मा,अरूण कुमार सिंह, राजेश सिंह,आदि लोग मौजूद रहे।

# रोक के बावजूद खेतों में जलाई जा रही पराली, बाज नहीं आ रहे किसान

**सेवराई/गहमर।** पराली जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद भी इसका कोई असर तहसील सेवराई क्षेत्र के किसानों पर नहीं दिख रहा है। रोक के बावजूद खेतों में पराली जलाई जा रही है। जिससे पर्यावरण समेत मानव के स्वास्थ्य तथा खेतों के मिट्टी को नुकसान हो रहा है। कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मी के द्वारा समय-समय पर किसानों को जागरुक किया जाता है। कानूनी कार्रवाई की हिदायत भी दी गई है। लेकिन इसके बाद भी कई किसान जान बूझकर तो कई नासमझी में पराली जला रहे हैं। धान की फसल कटने के पूर्व ही सभी किसानों के साथ कृषि कार्यालय के कर्मियों ने गांव-गांव गोष्टी व बैठक करते हुए पराली जलाने से होने वाले नुकसानों के विषय में जानकारी दी थी। कृषि अधिकारी उदयराज ने बताया कि अमूमन प्रत्येक गांव में किसानों को जागरुक किया जा रहा है। पराली जलाने के नुकसान के विषय में जानकारी दी जा रही है।


गहमर स्थित खेत में जल रही पराली।

बताया जा रहा है कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा क्षमता किस तरह कम हो रही है। बावजूद किसान समझने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, क्षेत्र में धान की कटनी रफ्तार पकड़ चुकी है। किसान जल्दबाजी में धान काटकर रबी फसल की बोआई करना चाहते है। इसी कारण धान की कटनी के बाद पराली को जला रहे हैं। ताकि खेत खाली हो और गेहूं की बोआई ससमय हो सके। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष फसल कटनी से पहले हार्वेस्टर मालिकों को यह निर्देश दिया जाता है कि प्रत्येक हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर का उपयोग करना अनिवार्य है। लेकिन यह आदेश केवल कागज पर सिमटता दिख रहा है। जहां भी हार्वेस्टर चल रहा हैं वहां देखने वाला कोई नहीं है कि हार्वेस्टर में स्ट्रारीपर लगा है या नहीं। पराली जलाने से किसानों के लिए मिट्टी में मौजूद कई लाभदायक पदार्थ तो नष्ट हो जाते है। जिससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ -साथ मिट्टी की उर्वरता शक्ति भी क्षीण होती है।

# प्रबंध समिति चुनाव को लेकर रही गहमा-गहमी

जनसंदेश न्यूज

**गहमर।** इंटर कालेज गहमर में प्रबंध समिति व विद्या प्रचारिणी सभा के प्रबंधक व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के मत के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा में मतदान अधिकारी कृपाशंकर सिंह, प्रेक्षक नवीन कुमार पाठक व चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह के देख रेख में संपन्न हुआ। मतदान में प्रबंध समिति व विद्या प्रचारिणी के कुल 1744 सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। चुनाव के कारण इंटर कालेज मार्ग पर, रेलवे स्टेशन गहमर तक जाम की स्थिति बनी रही।

पुलिस को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। शिक्षण संस्थान का संचालन करने वाली प्रबंध समिति व विद्या प्रचारणी सभा के प्रबंधक व अध्यक्ष सहित विभिन्न पद के लिए रविवार को मतदान हुआ। गहमर इंटर कालेज में प्रातः आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान में भाग लेने के लिए गहमर, करहिया, खुदरा पथरा, शेरपुर गदाईपुर, सायर, रायसेनपुर, हथौरी, सहित पडोसिय राज्य से लोगों ने भाग लिया। मतदान करने के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ लग गयी जो शाम चार बजे तक जमी रही।

प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी, उपाध्यक्ष पर दो, प्रबंधक पद पर चार सदस्य तथा विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष पद के लिए चार, उपाध्यक्ष के लिए दो तथा मंत्री पद सहित विभिन्न पदों के प्रत्याशियों के लिए मतदान किया गया। मतदान को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया, सीओ विजय आनंद शाही, प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय व कई थानों की पुलिस व पीएससी मौजूद रही।


इंटर कॉलेज गहमर में निरीक्षण करते उप जिलाधिकारी राजेश प्रसाद चौरसिया सीओ विजया आनंद साही।

# दुकान में युवकों ने की तोड़फोड़

जनसंदेश न्यूज

**मौधा।** खानपुर थानाक्षेत्र के जगदीश नगर चौराहे पर बबलू यादव की दुकान पर कुछ अज्ञात युवकों द्वारा तोड़फोड़ किया गया। जगदीश नगर चौराहे पर बबलू यादव पुत्र बनवारी यादव ग्राम मकरसन की मिठाई की दुकान है। युवकों द्वारा मिठाई का काउंटर ईट पत्थर द्वार तोड़ दिया गया। जब सुबह बबलू यादव अपने दुकान पर आए देखे तो दुकान का काउंटर टूटा पड़ा है। जिसकी सूचना मौधा चौकी इंचार्ज आशुतोष शुक्ला को दिया। मौधा चौकी इंचार्ज आशुतोष शुक्ला व दुकानदार बबलू यादव ने पास के दुकान में लगे सीसीटीवी में जब देखें तो उन चार युवकों में से एक की पहचान सोनू यादव पुत्र रामबिलास ग्राम नसीरपुर की हुई और तीन युवकों की तलाश जारी है। सोनू यादव व तीन अज्ञात के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज हो गई है। जिसे खानपुर थानाध्यक्ष ने संजय मिश्रा ने बताया कि जल्द ही तीन युवकों को भी तलाश कर लेंगे उनके खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्यवाई करेंगे।

# उतरौली की बेटी प्रज्ञा रही यूनिवर्सिटी में अव्वल

जनसंदेश न्यूज

**गौरवान्वित पल**

### दीक्षांत समारोह में मिला प्रशस्ति पत्र, ग्रामीणों में खुशी

**गाजीपुर।** शिक्षक की बेटी ने पिता का नाम उंचा किया है। प्रज्ञा पांडेय ने काशी हिन्दु विश्वविद्यालय वाराणसी से परास्नातक में प्रथम स्थान पाया है। जिसे विश्वविद्यालय के आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय ने मेघावी प्रज्ञा को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मान किया है।

सेवराई तहसील के उतरौली गांव निवासी अरूण पांडेय की पुत्री प्रज्ञा पांडेय प्रारंभ से ही मेघावी छात्रा रही है। वह हर परीक्षा में प्रथम स्थान पर रही है। इनकी शिक्षा हाईस्कूल गाजीपुर के तुलिका पब्लिक स्कूल से हुई है। वहीं इंटरमीडिएट की शिक्षा इंटर कालेज उतरौली से हुई है। इनके पिता अरूण पांडेय इंटर कालेज उतरौली में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि प्रज्ञा पांडेय काशी हिंदु विश्वविद्यालय में स्नातक से ही पढ़ाई कर रही है। परास्नातक में प्रथम स्थान पाने के बाद वह पीएचडी करने की मन बना रही है। प्रज्ञा पांडेय ने बताया कि मेरे माता पिता ने मुझे आगे बढ़ने के लिए मौका दिया। साथा ही प्रज्ञा ने कामयाबी का श्रेय अपने माता पिता व गुरूजनों को दिया। प्रज्ञा की कामयाबी से पूरे गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है।


काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रशस्ति पत्र लेती प्रज्ञा पांडेय।

# कर्मनाशा पुल के मरम्मत की जगी आस

जनसंदेश न्यूज

**बारा।** ताड़ीघाट - बारा मार्ग एनएच 124 - सी पर स्थित कई साल से क्षतिग्रस्त हो चुके कर्मनाशा पुल की मरम्मत की अब आस जग गई है। एनएच ने पुल की मरम्मत के लिए 305.46 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार कर शासन में मंजूरी के लिए भेज दिया है। वहां से जल्द स्वीकृति की उम्मीद अधिकारी लगा रहे हैं।

यूपी-बिहार को जोड़ने वाली कर्मनाशा नदी पर दो सौ मीटर लंबे पुल का निर्माण वर्ष 1979 में हुआ था। वर्ष 2020 में कर्मनाशा पुल के एक्सपेंशन ज्वाइंट, बेयरिंग, रेलिंग व कंक्रिट का उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया था। आधुनिक यंत्रों से पुल के हर बिंदुओं की गहनता से जांच - पड़ताल करने के बाद सेतु निगम के अधिकारियों ने रिपोर्ट शासन को सौंप दी थी। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की टीम में शामिल इंजीनियरों ने उस समय कर्मनाशा पुल के एक्सपेंशन ज्वाइंट व रेलिंग क्षतिग्रस्त होने और बेयरिंग में ग्रीसिंग करने की बात कही थी। अधिकारियों की रिपोर्ट पर पुल क्षतिग्रस्त होने का बोर्ड तो लगा दिया गया था लेकिन भारी वाहनों का आवाजाही धड़ल्ले से जारी रहा। मोरबी हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कर्मनाशा पुल पर भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए डीएम आर्यका अखौरी के निर्देश पर एनएच विभाग द्वारा पुल के दोनों ओर बीते 22 नवंबर को दस फीट ऊंचा हाईट गेज लगाया गया लेकिन दो दिन बाद ही हाईट गेज टूट गया। एनएच विभाग के जेई घनश्याम पांडेय ने बताया कि पुनः हाईट गेज लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुल की मरम्मत के लिए 305.46 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजा गया है। शासन से मंजूरी के बाद बजट मिलने पर पुल की मरम्मत का कार्य शुरू कराई जाएगी।


यूपी-बिहार को जोड़ने वाली क्षतिग्रस्त कर्मनाशा पुल।

# डबल इंजन की सरकार ने जनता के साथ किया छलावा

जनसंदेश न्यूज

**बोले अफजाल**

### सांसद ने 19 करोड़ की लागत वाली सड़कों का किया शिलान्यास

**जमानियां\दिलदारनगर।** जमानिया विधानसभा के ग्रामसभा फुल्ली और दिलदारनगर क्षेत्र में 19 करोड़ की लागत से बनने वाले तीन संपर्क मार्गों का शिलान्यास सांसद अफजाल अंसारी द्वारा रविवार को किया गया। इस अवसर पर ग्राम सभा फुली में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि सांसद श्री अंसारी ने बताया कि जमानिया विधानसभा में आज जिन तीन संपर्क मार्गों का शिलान्यास किया गया है, उनमें दिलदारनगर से पलिया ताजपुर कुर्रा संपर्क मार्ग 5 किलोमीटर ,दूसरा दिलदारनगर खजूरी अरंगी संपर्क मार्ग तथा तीसरा दिलदारनगर जमानिया मुख्य सड़क के किलोमीटर 5 से कैनाल पटरी उतरौली संपर्क मार्ग 14 किलोमीटर है।

इन तीनों सड़कों की कुल लागत 19 करोड़ के लगभग है। जिसमें से सिर्फ फूली उतरौली संपर्क मार्ग की कुल लागत 10 करोड़ 90 लाख के लगभग है। आगे उन्होंने कहा कि अब तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत धन का आवंटन हुआ है। जिससे जिले की कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधीन इन सड़कों का निर्माण होना है। आगे उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई योजना के तहत जिले में कुल 250 किलोमीटर की 36 सड़कों जिनकी कुल लागत 190 करोड़ रुपए के लगभग है को अब तक स्वीकृत कराया जा चुका है। जिनमें से 92 किलोमीटर सड़कें पूर्ण हो चुकी हैं और बची हुई सड़कों पर शिलान्यास का कार्यक्रम चल रहा है।

जिसे दिसंबर 2023 तक कार्यदाई संस्था को पूर्ण करना है। अभी 120 किलोमीटर की तेरह सड़कों का स्टीमेट हमारे द्वारा प्रस्तावित है जिसका स्टीमेट बनाया जा रहा है। जिस पर स्वीकृति मिलने के बाद उनका भी शिलान्यास किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि हमारी मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों को अच्छी गुणवत्ता वाली बनाया जाए जिससे हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो सके।


दिलदारनगर के फुल्ली में सड़क का शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करते सांसद अफजाल अंसारी।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा जमानिया के विधायक पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद ओमप्रकाश सिंह ने भी विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा भी सभा में प्रस्तुत किए तथा सांसद श्री अंसारी द्वारा विधानसभा क्षेत्र में कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य पर उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में डबल इंजन के सरकार के रहते हुए भी उतना विकास नहीं हुआ जितना कि हम लोग अपेक्षा करते थे।

किंतु फिर भी हम अपने बूते नहरों, बिजली तथा सड़कों के साथ-साथ ग्राम सभा फूली.में जल्द ही एक पावर हाउस का निर्माण होगा जिसकी स्वीकृति शासन द्वारा मिल चुकी है।

हमारे निरंतर प्रयास का नतीजा है कि ईमानदारी के साथ जनता के बीच हमारे कार्यों का खाका उपस्थित रहे और जनता की पाई पाई का हिसाब अपने प्रयास से चुकाऊंगा।

इस मौके पर पूर्व विधायक उमाशंकर सिंह कुशवाहा, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता नीरज तथा सहायक अभियंता प्रवीण भी उपस्थित थे। सपा विधानसभा जमानिया अध्यक्ष अनिल यादव, नगर पालिका जमानिया अध्यक्ष एहसान जफर,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष काशीनाथ यादव, सपा नगर अध्यक्ष जमानिया सद्दाम खान, पूर्व प्रधान हरबंस यादव, मीडिया प्रभारी सपा प्रमोद यादव,रजनीकांत यादव, विजय यादव दयाशंकर यादव, अनिल यादव, वहीं दिलदारनगर के कार्यक्रम में इनके अलावा डा. माधव मुकुंद पूर्व ब्लाक प्रमुख अब्दुल कलाम खान, कृष्णानंद यादव, मेराज खान, भदौरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि औरंगजेब खान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अलीशेर राईनी भोलू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने किया।

## जनसंपादकीय

# राजनीतिक पार्टियों के प्रयोग और उनकी सफलता

गुजरात , हिमाचल प्रदेश और महानगर पालिका (एम.सी. डी. ) दिल्ली के संपन्न चुनावों के परिणाम से तीनों ही पार्टियों जो प्रमुख रूप से मैदान में थी को जनता जनार्दन ने जश्न मनाने का मौका दे दिया। इन चुनावों में सभी पार्टियों ने अपनी - अपनी जीत के लिए भरपूर प्रयास किये और परिणाम के पूर्व ही दावे भी किये कि जीत हमारी ही होगी। परिणामों में गुजरात में भाजपा ने सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर प्रचंड बहुमत के साथ विजयी हुई है। हिमाचल प्रदेश में मतदाताओं ने अपने रिवाज को कायम रखते हुवे सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को मात्र 1 प्रतिशत वोट कम देकर कांग्रेस की सरकार बनाने का मौका दे दिया। एम.सी.डी. में मतदाताओं ने अपना मत भाजपा को अधिक दिए परन्तु आप के पार्षद ज्यादा चुनकर आने से अरविंद केजरीवाल की पार्टी को अपना मेयर चुनने को मौका दिया है। भाजपा और आप पार्षदों की संख्या में अंतर काम होने से अब मेयर किसका चुना जाता है देखना होगा।

इस चुनावों में सभी सक्रिय और बड़ी पार्टियों ने कई नए प्रयोग किये , जिसमें से कुछ सफल हुवे और कुछ असफल भी। भाजपा के प्रयोगों की चर्चा करें तो गुजरात में 27 सालों से काबिज भाजपा की सरकार ने डेढ़ साल पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों को हटाकर एक नए और अनूठा जोखिम भरा प्रयोग किया था। इस प्रयोग का विधानसभा चुनावों पर क्या असर होगा यह एक कौतूहल का विषय तो था ही। परंतु मुख्यमंत्री सहित भाजपा की प्रचंड जीत से यह साबित हुआ कि यह प्रयोग सफल रहा। इस प्रयोग से पार्टी के युवा और कर्मठ कार्यकर्ताओं को अपना राजनितिक भविष्य अवसर प्रदान करने वाला और सुरक्षित महसूस होने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सर्वाधिक सभाएं एवं सबसे लम्बा और ऐतिहासिक रोड शो जिसमें अधिक से अधिक विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से सीधा संपर्क हो सके कर एक अनूठा प्रयोग किया। जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। चुनाव की ठीक कुछ दिन पहले मोरबी के पुल टूटने से 135 लोगों की असामयिक मौत होना प्रदेश के लिए बहुत बड़ी घटना थी। इस घटना के पीछे प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार ही मुख्य कारण था, यह स्पष्ट दिखाई देता था। विपक्षी पार्टियों ने भी इसे पुरजोर ढंग से उठाकर पूरा फायदा उठाने की कोशिश की , परंतु भाजपा के सबका साथ , सबका विकास , सबका विश्वास के नारे की गूंज में मौत का रुदन दब सा गया। आदिवासी मतदाताओं को लुभाने की योजना के प्रयोग ने भी अपना काम किया और लगभग सभी आदिवासी क्षेत्रों की विधानसभा सीटें पर जीत हासिल कर ली। संगठन की दृष्टि से पन्ना प्रमुख बनाने का प्रयोग गुजरात से ही शुरू हुआ था। इस चुनाव में पन्ना समितियों का प्रयोग किया गया , जिससे कम मतदान का प्रतिशत कम होने के बावजूद पार्टी को आशातीत सफलता मिली। इसका श्रेय निश्चित ही गुजरात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी. आर. पाटील को जाता है। पाटील के पन्ना प्रमुख के इस प्रयोग को गुजरात में सफलता के बाद पूरे देश में लागू किया गया था। इसी प्रयोग के आधार पर भाजपा आज कई राज्यों में सत्तारूढ़ है। पाटिल की संगठन में इस नवोन्मेषी योजना की सफलता और उनकी संगठन क्षमता को देखते हुए कोई आश्चर्य नहीं कि पुरस्कार स्वरूप उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का उत्तराधिकारी चुन लिया जाय।

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने भी इन चुनावों में कई प्रयोग किये परन्तु उनके सभी प्रयोग लगभग असफल रहे है । गुजरात में अपने ही पार्टी के प्रभावशाली नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के साथ संगठन को मजबूत करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। अहमद पटेल के निधन के बाद प्रदेश में कोई सर्वमान्य और संकट मोचक नेता खड़ा नहीं कर पाई। हार्दिक पटेल जैसा पाटीदार समाज के नेता को कांग्रेस में शामिल करवा कर प्रभारी अध्यक्ष बनाया और अपमानित किया , जिससे वे नाराज होकर भाजपा में चले गए। हार्दिक पटेल को अपना भविष्य भाजपा में सुरक्षित दिखा। भाजपा ने भी उन्हें इस बार चुनाव लड़वाकर पूरी ताकत से जिताया और विधायक बनवा दिया।

गाँधी परिवार ने गुजरात चुनाव से दूरियां बनाए रखी। राहुल गांधी केवल एक बार बेमन से मुँह दिखाई की रस्म अदा करने अपनी तथाकथित भारत जोड़ो यात्रा से ब्रेक देकर प्रचार करने चले गए। प्रचार में भी मतदाताओं से कांग्रेस को वोट देने की अपील करने के बजाय मोदी पर हमला कर चले गए। नए नवेले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस के नरेंद्र मोदी को गाली देकर वोट लेने वाले पुराने प्रयोग से कोई सबक नहीं सीखा। जिससे कांग्रेस को पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है। नरेंद्र मोदी को रावण कहकर और नुकसान कर गए।

प्रियंका गांधी को हिमाचल प्रदेश तक सीमित रखकर, प्रचार की पूरी कमान उनके हाथ देकर एक सफल प्रयोग किया। कांग्रेस को वहाँ सफलता मिल गई और भाजपा से सत्ता छीन ली। भाई की अपेक्षा बहन मतदाताओं को ज्यादा प्रभावित कर सकती है , इस प्रयोग को और राज्यों में दोहराया जा सकता है। अब कांग्रेस के पास देश में तीन राज्यों में सत्ता होगी। कांग्रेस के सभी बड़े नेता और स्टार प्रचारक चुनावों में प्रचार के बजाय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सक्रिय रहें। कांग्रेस का यह प्रयोग उसे भरी पड़ा है । राहुल गांधी के बिना भी चुनाव लड़े जा सकते है और सफलता भी मिल सकती है , इससे क्या यह साबित होता है कि कांग्रेस में राहुल गांधी अप्रासंगिक हो गए है ? वे भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के लिए नहीं , अपने व्यक्तिगत अनुभव के लिए कर रहे है। भाजपा का हिमाचल प्रदेश में , पुराने विधायको को टिकट नहीं देने का गुजरात वाला प्रयोग असफल रहा। हिमाचल प्रदेश में भाजपा के बागी उम्मीदवार ज्यादा मैदान में आ गए और पार्टी को नुकसान पहुंचाया।

विद्यार्थी जब मेरिट में आने के लिए तैयारी करता है और उसे प्रथम श्रेणी में सफलता मिलती है तो वह निराश होने के बजाय खुश होता है। वैसे ही आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेता गुजरात में 13 प्रतिशत वोट मिलने के बाद हो खुश रहे है। गुजरात में 13 प्रतिशत को वोट मिलने के बाद आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। इस सफलता से केजरीवाल इतने खुश नजर आ रहे है कि एम.सी.डी. की जीत इसके सामने उन्हें छोटी नजर आ रही है। उनका कांग्रेस की वोट कटवा पार्टी और अपने आप को राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष बनने का प्रयोग इन चुनावों में सफल रहा है। झूठ और झूठे वादों के साथ एक कट्टर ईमानदार नेता साबित करने का उनका प्रयोग बुरी तरह से असफल रहा है। आई.बी. की झूठी रिपोर्ट का हवाला देकर गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भारी बहुमत से सरकार बनाने का दावा कर अपने मुख्यमंत्री के नाम की भी घोषणा करने वाले अरविंद केजरीवाल बुरी तरह से बेनकाब हो गए है। कागज पर लिखकर सीटों की घोषणा करने वाले लगा तो तीर, नहीं तो तुक्का जैसा प्रयोग करके पूरी तरह से फेल साबित हुए है।

हैदराबाद से गुजरात में आकर 13 सीटों पर चुनाव लड़कर , जमानत तक गंवाने वाले, देश में हिजाब पहनने वाली महिला को प्रधानमंत्री बनाने का सपना देखने वाले मुस्लिमों के मसीहा आसेहुद्दीन ओवैसी मीडिया में जरुरत से ज्यादा कवरेज तो पा जाते है पर चुनावों में मुँह की खानी पड़ती है। जिनके वे मसीहा बने घूमते है , उन्ही लोगों ने उन्हें धूल चटा दी। उनके सपने बुरी तरह से टूटने के बाद यह उम्मीद करें की दूसरे राज्यों में ओवैसी अब ऐसा प्रयोग नहीं दोहराएंगे।



**यशवंत गोरे**

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )**

---

## रामपुर से समाजवादी पार्टी की हार ने आजम खां के पतन की तहरीर लिख दी

# रामपुर में कमल खिलने के तीन बड़े कारण

निस्संदेह रामपुर में पहली बार कमल खिला है। समाजवादी पार्टी (सपा) के उस गढ़ में, जहाँ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कभी सफलता नहीं मिली, विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार आकाश सक्सेना की मात्र 34 हजार वोटों से जीत, हालाँकि ज्यादा मायने नहीं रखती, पर एक बड़ी सफलता जरूर है। राजनीति के गलियारे में इस सफलता के बहुत से मायने निकाले जा रहे हैं। यहाँ तक कहा जा रहा है कि रामपुर में सपा अब खत्म हो गई और मुस्लिम राजनीति भी नेतृत्व-विहीन हो गई है। रामपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का वह जिला है, जहाँ सर्वाधिक मुस्लिम आबादी है, जिसके परिणामस्वरूप 50 प्रतिशत से भी अधिक यहाँ मुस्लिम मतदाता हैं। सपा से पहले रामपुर कांग्रेस का गढ़ रहा है। अगर 1957 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार असलम खां की जीत को एक अपवाद मान लें, तो 1952 से 1977 तक यहाँ कांग्रेस की ही जीत हुई है। यह वह दौर था जब कांग्रेस का रथ ब्राह्मण, मुस्लिम, दलित और पिछड़ी जातियों के पहियों से चलता था। बनिया समुदाय तब भी कांग्रेस के साथ कम और उस समय की हिन्दुत्ववादी पार्टी जनसंघ के साथ ज्यादा था। लेकिन रामपुर में कांग्रेस की राजनीति का एक सच यह भी है कि वह कोठी खास बाग (रामपुर नवाबी पैलेस) की चारदीवारी में कैद रहती थी, और चुनाव के ऐन वक्त ही बाहर आती थी। रामपुर की आम जनता में न राजनीति की कोई समझ थी और न चेतना थी। कोठी खास बाग के दरबार में हाजिरी लगाने वाले कुछ लोग, जिनमें ब्राह्मण और हिंदू-मुस्लिम जमींदार शामिल थे, जनता के बीच जाकर, खास तौर से दलित बस्तियों में जाकर खैरात बाँट देते थे, और उनके वोट पक्के हो जाते थे। वे न भी खैरात बांटते, तब भी जनता में कांग्रेस को वोट देने से इंकार करने का साहस नहीं था। इस तरह रामपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार, जो स्वयं नवाब होते थे या उनके रिश्तेदार या चहेते, भारी बहुमत से जीतते रहते थे। फिजा बदली, 1980 के दशक में, जब रामपुर की राजनीति में आजम खां नाम के एक करिश्माई शख्स का उदय हुआ, जो न दरबारी था, न जमींदार घराने से था, न समृद्ध परिवार से था, और न अभिजात वर्ग से था। वह था एक साधारण परिवार का, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से वकालत पढ़कर आया, एक तेज-तर्रार नौजवान, जिसने आते ही कोठी खास बाग से पंगा ले लिया। उसने लेबर यूनियन बनाकर बीड़ी-मजदूरों, रिक्शा-चालकों और कपड़ा मिल के कामगारों को, उनके हकों के लिए, बिल्कुल वामपंथी अंदाज में, सड़कों पर उतार दिया। रामपुर की गली-गली में आजम-आजम की धूम मच गई। आजम खां रातोरात गरीब-मजलूमों के नेता बन गए और जो राजनीति कोठी खास बाग में कैद थी, वह चारदीवारी तोड़कर जनता के बीच आकर बैठ गई। फिर तो, हर नुक्कड़- चौराहे पर, हज्जाम की दुकानों पर और चाय के खोखों और चाकू-बाजार के पटरों पर, और बुद्धिजीवियों की महफिलों में आजम खां ही लोगों की जुबान पर रहते थे। निस्संदेह आजम खां ने रामपुर में राजनीति का मिजाज ही नहीं, रुख भी बदल दिया था। अब राजनीति का तानाबाना जनता के बीच बुना जाने लगा था, जिसका परिणाम यह हुआ कि 1977 में कांग्रेसी उम्मीदवार मंजूर अली खां की जीत के बाद, फिर नवाब खानदान का कोई वारिस नहीं जीता। राजनीति में आजम खां ने नवाब परिवार के

## जनादेश



**कँवल भारती**

आधिपत्य की ईंट से ईंट बजा दी थी। एक प्रकार से यह रामपुर की जनता के हित में ही था, क्योंकि जन-प्रतिनिधि बनकर भी नवाब हकीकत में अभिजात वर्ग का ही प्रतिनिधित्व करते थे। रामपुर नवाब के वर्तमान वारिस नवाब काजिम अली खां उर्फ नावेद मियां आजम खां की राजनीति के ऐसे शिकार हुए कि नावेद मियां को रामपुर सदर से कभी जीत हासिल नहीं हुई, और स्वर क्षेत्र से भी, जहाँ से वह एक बार विजयी हुए थे, आजम खां के बेटे अब्दुल्ला से हार गए। आजम की अवामी राजनीति का ही, गालिब के शब्दों में, नावेद मियां के सीना-ए-बिस्मिल से (ऐसा) परफशां निकला कि वह आजम खां के दुश्मन नंबर एक हो गए।

आजम खां ने पहला विधानसभा चुनाव रामपुर सदर से 1980 में जनता पार्टी (एस) के टिकट पर लड़कर जीता था। 1985 में वह लोकदल के टिकट से लड़े और जीते, 1989 में वह जनता दल और 1991 में जनता पार्टी के टिकट पर जीते। 1993 में वह सपा में आए, और तब से 2022 तक कुल छः चुनावों में उन्होंने अपनी जीत हासिल की। लेकिन इसी वर्ष भड़काऊ भाषण के अपराध में उनको तीन साल की सजा होने के बाद उनकी विधायकी समाप्त हो गई, और उपचुनाव में पहली बार रामपुर सदर से सपा की हार और भाजपा की जीत हुई। कहा जा रहा है कि रामपुर से सपा की हार ने आजम खां के पतन की तहरीर लिख दी है।

यह हार कैसे हुई? इसके तीन बड़े कारण हैं, जिन पर चर्चा करना जरूरी है। पहला कारण है, जिला प्रशासन ने उन मुस्लिम इलाकों को पुलिस छावनी में बदल दिया, जहाँ सपा के वोटर थे। अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक पुलिस ने कई इलाकों में मुसलमानों को घरों से ही नहीं निकलने दिया। कई जगहों पर पुलिस ने वोटरों के पहचान पत्र चेक किए, और यह जानकर कि वे मुसलमान हैं, उन्हें घरों को वापस भेज दिया। जबकि पहचान पत्र चेक करने का काम मतदान अधिकारियों का है। जिन लोगों ने पुलिस की इस कार्यवाही का विरोध किया, उन पर लाठी-चार्ज किया गया। मुस्लिम इलाकों में पुलिस की इस दहशत ने नागरिकों को बाहर नहीं निकलने दिया, जिससे बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। इन बूथों पर सबसे न्यूनतम मतदान हुआ, और अखबार की खबर के अनुसार 45 बूथ ऐसे रहे, जहाँ वोटों की संख्या सौ के अंक तक भी नहीं पहुँच सकी। सपा प्रत्याशी आसिम रजा का बयान है कि 252 बूथों पर पुलिस ने प्लानिंग करके लोगों को वोट नहीं डालने दिया। कई बूथों पर तो सिर्फ 25, 28, 34, और 40 वोट ही पड़े, जबकि इन बूथों पर लगभग 900 और 1000 के बीच वोटर थे। इसका क्या मतलब है? क्या यह बलपूर्वक मतदान को रोका जाना नहीं है? इस ज्यादती के खिलाफ सपा प्रत्याशी ने चुनाव आयोग को शिकायत भेजकर पुनः मतदान कराने की मांग की है। पर शायद ही चुनाव आयोग इसका संज्ञान ले।

दूसरा कारण, कांग्रेस के नवाब काजिम अली उर्फ नावेद मियाँ की बगावत है, जिन्होंने खुले आम भाजपा के उम्मीदवार का न सिर्फ समर्थन किया, बल्कि उसके पक्ष में प्रचार भी किया। यह बगावत यहाँ तक थी कि भाजपा के कई बड़े नेता और योगी सरकार के कई मंत्री भी, जो भाजपा-प्रत्याशी के प्रचार के लिए रामपुर आए, नावेद मियां से मिलने उनके आवास नूर महल जाते थे। इस बगावत के लिए, हालाँकि कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से छः साल के लिए निष्कासित कर दिया है, पर इसका कोई असर नावेद मियां पर नहीं पड़ना है, क्योंकि अभिजात वर्ग हमेशा सत्ता के साथ रहता है, और वह बिना किसी संकोच के, भाजपा में भी शामिल हो सकते हैं। सपा-प्रत्याशी को हराने में नावेद मियां की भूमिका एक बड़ा कारक है।

तीसरा कारण यह है कि प्रदेश में योगी सरकार के आने के बाद मुसलमानों में एक नई दहशत का वातावरण विकसित हुआ है। इस वातावरण में सुरक्षित रहने के लिए भाजपा की शरण ही आसान तरीका है। इस वजह से भी रामपुर में बहुत से मुसलमान भाजपा में शामिल होकर राष्ट्रवादी हो गए हैं। भाजपा का एक मुस्लिम विंग भी है, जो पसमांदा मुसलमानों को भाजपा से जोड़ने का काम करता है। हालाँकि इन राष्ट्रवादी मुसलमानों की बहुत बड़ी तादाद रामपुर में नहीं है, पर ऐसे लोग जितने भी हैं, उन्होंने उपचुनाव में सपा के खिलाफ भाजपा का ही समर्थन किया है। इनमें कुछ वे मुसलमान भी शामिल हैं, जिन पर आजम खां ने जुल्म किए थे, जिसकी प्रतिक्रिया में वे भाजपा में गए।

इसके अतिरिक्त, एक कारण वह वर्ग भी है, जो आजम खां के जुल्मों का शिकार हुआ है। इनमें मुसलमान और हिंदू दोनों शामिल हैं, पर अधिकतर मुसलमान ही हैं। इनमें अधिकांश पीड़ित लोग अभी भी आजम खां के खिलाफ अदालतों के चक्कर काट रहे हैं। स्वाभाविक है कि उन लोगों ने सपा के पक्ष में मतदान करने की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

लेकिन गौर तलब सवाल हार-जीत का नहीं है। चुनाव में जीत-हार कोई बहुत बड़ा मुद्दा नहीं है। दो उम्मीदवारों के संघर्ष में किसी एक को हारना ही होता है। यहाँ बड़ा मुद्दा आजम खां के पतन का है। एक ऐसा जन नेता, जो ट्रेड यूनियन के नेता की तरह उभरा हो, जिसने रामपुर के बीड़ी-मजदूरों, रिक्शा-चालकों और अन्य कामगारों के हक की लड़ाई लड़ी हो, और जो रामपुर की अवाम में लोकप्रिय हो, उसकी राजनीति का पतन क्यों हो गया? असल में एक कामयाब आदमी जब आसमान की बुलंदियों पर चला जाता है, तो वह जमीन के मसायल भूल जाता है, या उनकी ओर से आँखें मूँद लेता है। आजम खां ने यही किया। जिस नवाबी अभिजात्यता के खिलाफ बगावत के लिए वह जाने जाते थे, बाद में उन्होंने स्वयं भी उसी अभिजात्यता को ओढ़ लिया। जिन गरीबों के लिए वह कभी आवाज उठाया करते थे, उन्हीं गरीबों को वे सताने लगे थे। अधिक से अधिक जमीनों और संपत्तियों को हथियाने का पागलपन उन पर सवार हो गया था। इस पागलपन में उन्होंने मान-मर्यादा, कानून, सिद्धांत, इंसानियत सब भुला दी थी। इस हविश को पूरा करने में उन्होंने न यतीमखाना देखा, न मदरसा और न गरीबों के घर, सब पर बुलडोजर चलवा दिया था। तब रामपुर की पुलिस उनके इशारे से उठती थी और उन्हीं के इशारे से बैठती थी। वह कहते थे कि हुजूर के फैसले अल्लाह करता है, और नीचे के फैसले मैं करता हूँ। इस उत्तर प्रदेश की सपा सरकार के मुखिया भी रामपुर के मामले में कोई दखल नहीं देते थे। रामपुर के कई नेताओं और बुद्धिजीवियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को आजम खां के गलत कार्यों के खिलाफ शिकायतें भेजीं, पर किसी शिकायत का कोई संज्ञान नहीं लिया गया। आजम खां रामपुर के अघोषित मुख्यमंत्री बने हुए थे। उनका विरोध करने की हिम्मत किसी में नहीं थी। ऐसा नहीं है कि किसी ने विरोध नहीं किया, पर जिसने भी विरोध किया, उनको झूठे मुकदमों में जेल भिजवा दिया गया, जिनमें उनके जुल्म का एक शिकार इन पंक्तियों का लेखक भी है। हालाँकि में संस्कृत की इस कहावत का कायल नहीं हूँ कि विनाश काल आता है, तो बुद्धि विपरीत हो जाती है। पर आजम खां ने अपने गलत कार्यों में अपने बेटे को ही नहीं, बल्कि अपनी पढ़ीलिखी प्रोफेसर बीवी को भी फंसा दिया। परिणामतः उनके कर्मों का खामियाजा उनके बेटे और उनकी बीवी ने भी जेल में रहकर भोगा।

जिस समय आजम खां जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए धन उघाने और जमीन हथियाने की मुहीम को अंजाम दे रहे थे, उसी समय उनके एक-एक कार्य का दस्तावेजीकरण भी भाजपा के आकाश सक्सेना द्वारा किया जा रहा था। नावेद मियां भी इसमें आकाश का सहयोग कर रहे थे। इन दोनों ने मिलकर जो पटकथा तैयार की, उसका आजम खां को दूर-दूर तक अंदाजा नहीं था। जब सारी पटकथा तैयार हो गई, तो आजम खां के दुर्भाग्य से उत्तर प्रदेश की सपा सरकार भी चली गई, और भाजपा सत्ता में आ गई। इधर योगी आदित्य नाथ मुख्यमंत्री बने, और उधर आकाश सक्सेना की लिखी पटकथा पर अभिमंचन का काम शुरू हुआ। एक-एक कर आजम खां के खिलाफ धड़ाधड़ नब्बे मुकदमे दायर हो गए, जिनमें कई मुकदमों में उनका बेटा और उनकी बीवी भी अभियुक्त हैं। रामपुर के जिस जिला अधिकारी के खिलाफ चुनावी सभा में आजम खां ने अपमानजनक भाषण दिया था, उसने भी पटकथा के अभिमंचन में सूत्रधार का काम किया। परिणामतः आजम खां को अपने बेटे और बीवी सहित आत्मसमर्पण करना पड़ा। लगभग ढाई साल जेल में रहने के बाद उन्हें जमानत मिली। और अभी जिस पहले केस में उन्हें तीन साल की सजा हुई है, और जिसकी अपील उनके द्वारा जिला जज एवं सत्र न्यायलय में की गई है, उसी ने रामपुर में उनके राजनीतिक रथ को रोक दिया है। हालाँकि, यह कहना बड़ा मुश्किल है कि आजम खां का सियासी पतन हो गया है। पर इस बात को समझना मुश्किल नहीं है कि उनकी बाकी जिंदगी अब नब्बे मुकदमों में पैरवी करते हुए ही बीतेगी, और जिन मामलों में सजा होगी, उनमें खिलाफ अपील करते हुए। लेकिन इस बात से मेरी सहमति बिल्कुल नहीं है कि आजम खां के सियासी पतन से मुस्लिम राजनीति का भी पतन हो गया है। मेरे विचार में मुस्लिम राजनीति जैसी कोई चीज न पहले कहीं थी और न भारतीय राजनीति में अब दिखाई दे रही है। असल में तो मुसलमानों ने अपनी राजनीति का विकास अभी किया ही नहीं है।

**(लेखक दलित बुद्धिजीवी एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 09412871013.)**

---

# भारत में बाल अधिकार समझौते के तीन दशक

यह भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार समझौते को अंगीकार करने का का 30वां वर्ष है.भारत सरकार द्वारा 11 दिसम्बर 1992 को इस बाल अधिकार समझौता पर हस्ताक्षर कर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी. गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा द्वारा 20 नवम्बर 1989 को बाल अधिकार समझौते को पारित किया गया था यह ऐसा पहला अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो सभी बच्चों के अधिकारों को समग्रता से पहचान प्रदान करता है. ये अधिवेशन चार मूल सिद्धांतों पर आधारित है जिसमें जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार और सहभागिता का अधिकार शामिल है.यूएनसीआरसी के कुल 54 अनुच्छेद हैं जिसमें के 1 से 42 तक के अनुच्छेद में बच्चों के अधिकार शामिल हैं.जबकि अनुच्छेद 43 से 54 में इन बाल अधिकारों को लागू करने की कार्यप्रणाली और विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों से सम्बंधित है.

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों पर अब तक होने वाली संधियों में सबसे ज्यादा देशों से स्वीकृति इसी समझौते को प्राप्त हुई है. इस समझौते पर विश्व के 193 राष्ट्रों की सरकारों ने हस्ताक्षर करते हुए अपने देश में सभी बच्चों को जाति, धर्म, रंग, लिंग, भाषा, संपति, योग्यता आदि के आधार पर बिना किसी भेदभाव के संरक्षण देने का वचन दे चुके हैं.

इस समझौते ने भारत सहित दुनिया भर के लोगों में बच्चों के प्रति नजरिये और विचारों को बुनियादी रूप से बदलने का काम किया है तथा बाल अधिकार-आधारित दृष्टिकोण आधारित ढांचों व कार्यपद्धति को स्थापित किया है.आज इस संधि का असर सभी मुल्कों के कानूनों और नीतियों पर साफ-तौर पर देखा जा सकता है.भारत में अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार समझौते के 30 साल का सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है. यूएनसीआरसी को स्वीकार करने के बाद हमारे देश में बच्चों के पक्ष में कई उल्लेखनीय पहल किये गये हैं, कई नए कानून, नीतियाँ और योजनायें बनायीं गयीं हैं.

इसी कड़ी में भारत सरकार द्वारा साल 2013 में दूसरे राष्ट्रीय बाल नीति की घोषणा की गयी जिसमें कहा गया है कि सरकार अधिकार आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुये दीर्घकालिक, टिकाऊ और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम

## प्रसंगवश



**जावेद अनीस**

से बच्चों के समग्र और सामंजस्यपूर्ण विकास के लिये प्रयास करेगी. राष्ट्रीय बाल नीति-2013 में चार प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान की है: (1) जीवन रक्षा (2) स्वास्थ्य और पोषण (3) शिक्षा और विकास (4) संरक्षण और भागीदारी. इसके बाद भारत सरकार द्वारा 24 जनवरी 2017 (राष्ट्रीय बालिका दिवस) को बच्चों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना, 2016 की घोषणा की गयी. यह राष्ट्रीय बाल नीति, 2013 में निहित सिद्धांतों पर आधारित है. कार्य योजना के चार प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं- अस्तित्व, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा और विकास, संरक्षण और भागीदारी. बच?चों के लिय रा?ट्रीय कार्य योजना 2016 इन चार प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के तहत प्रगति मापने के लिए उद्दे?य, उप-उद्दे?य, रणनीतियां, कार्यबिंदु और संकेतकों को परिभाषित करती है. कार्य योजना के रणनीति और कार्य बिंदुओं को मुख?य रूप से विभि?न मंत्रालयों और विभागों के मौजूदा कार्यक्रम और योजनाओं से लिया गया है.इसमें सतत विकास लक्ष?यों (एसडीजी) को भी ध?यान में रखा गया है.

इसलिए हम देखते हैं कि भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार समझौते को अंगीकार किये जाने के बाद से देश में बच्चों से सम्बंधित कई सूचकांकों में पहले के मुकाबले सुधार देखने में आया है. मिसाल के तौर पर अगर शिक्षा की बात करें तो समझौते के बाद भारत में बच्चों तक शिक्षा की पहुँच में काफी सुधार हुआ है, 1980 के दौरान जहाँ 15 साल से अधिक उम्र वालों में से साक्षरता की दर 40.8 प्रतिशत थी वोआज बढ़कर 74.4 फीसदी हो चुकी है. आज प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर सौ प्रतिशत होने के करीब है. इसी प्रकार से इस दौरान बाल मृत्युदर में भी काफी सकारात्मक सुधार देखने को मिला है. संयुक्त राष्ट्र की बाल मृत्यु दर में स्तर और रुझान रिपोर्ट 2020 के अनुसार 1990 से 2019 के बीच देश में बाल मृत्युदर में लगातार कमी हुई है, 1990 में जहाँ पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर (प्रति 1000 जीवित जन्म में) 126 थी, जो 2019 में घटकर केवल 34 रह गई. यानी 1990 से 2019 के बीच इस दर में 4.5% वार्षिक कमी दर्ज की गयी है.

लेकिन इन उपलब्धियों के बावजूद अभी भी कई चुनौतियां कायम हैं. देश में शिक्षा की गुणवत्ता लगातार कम हो रही है, साथ ही हमारी सावर्जनिक शिक्षा व्यवस्था लगातार ध्वस्त होती गयी है, शिक्षा पर सरकारों द्वारा खर्च भी कम हुआ है. 1994 में भारत के कुल जी.डी.पी. का 4.34 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया जाता था, जो आज घट कर 3.35 प्रतिशत रह गया है. इसी प्रकार से इस दौरान बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है जोकि बहुत चिंताजनक है. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक पिछले डेढ़ दशक के दौरान बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और यह आंकड़ा 1.8 से बढ़कर 28.9 फीसदी तक जा पहुंचा गया है. इसी प्रकार से देश में 0-6 वर्ष आयु समूह के बाल लिंगानुपात में 1961 से लगातार गिरावट जारी है. वर्ष 2001 की जनगणना में जहां छह वर्ष तक की उम्र के बच्चों में प्रति एक हजार बालक पर बालिकाओं की संख्या 927 थी, वहीं 2011 की जनगणना में यह अनुपात कम हो कर 914 हो गयी है.

इधर करोना महामारी ने पूरी दुनिया में बाल अधिकारों पर व्यापक असर डाला है. बच्चे इस महामारी के सबसे बड़े पीड़ितों में से एक हैं खासकर गरीब और वंचित समुदायों के बच्चे. संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि कोरोना संक्रमण और इसके प्रभावों के चलते दुनिया भर में करीब 42 से 66 मिलियन बच्चे अत्यधिक गरीबी की दिशा में धकेले जा सकते हैं. महामारी के कारण करोड़ों बच्चों की औपचारिक शिक्षा व्यापक रूप बाधित हुई है, उनके पोषण पर असर पड़ा है और वे पहले से ज्यादा असुरक्षित हो गये हैं. कोरोना महामारी के कारण स्कूलों के बंद हो जाने से बच्चों की शिक्षा पर बहुत प्रभाव पड़ा है विश्व बैंक के अध्ययन के अनुसार, स्कूल बंद होने के कारण न केवल सीखने की हानि होगी, बल्कि इसके चलते ड्रापआउट के दर में बड़ी वृद्धि भी हो सकती है जिसका असर असर बाल श्रम के रूप में देखने को मिल रहा है. संसद में पेश की गयी राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के आंकड़ों के मुताबिक 2019-20 से 2020-21 के बीच बाल श्रमिकों की संख्या में 6.18% की वृद्धि हुई है.

कोविड 19 का बच्चों मानसिक स्वास्थ्य पर काफी गहरा प्रभाव देखने को मिला है. किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर कोविड-19 की महामारी के प्रभाव को समझने के लिए माइंड स्पेशलिस्ट्स द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार कोविड का किशोरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और वे अपने आप को पहले के मुकाबले अधिक चिंतित, क्रोधित, निराश और उदास महसूस करने लगे हैं. रिपोर्ट के अनुसार आने वाले भविष्य में वे अपनी शिक्षा से सम्बंधित आशंकाओं को लेकर भी चिंतित हैं साथ ही वे आनलाईन शिक्षा को भी भौतिक कक्षाओं के मुकाबले पर्याप्त और प्रभावी नहीं मानते हैं.

इसी प्रकार से महामारी में लड़कियों की शिक्षा के प्रभावित होने के चलते उनका कम उम्र में शादी होने का खतरा बढ़ गया है. राष्ट्रीय हेल्पलाइन चाइल्डलाइन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार साल 2020 में अप्रैल से लेकर अक्टूबर माह के बीच चाइल्डलाइन को बाल विवाह से सम्बंधित 18,324 डिस्ट्रेस कॉल्स किए गए थे.

इस प्रकार हम देखते हैं कि पिछले 30 वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है लेकिन बाल अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार समझौता आज भी उतने ही मायने रखते हैं. इस दौरान कुछ नई चुनौतियां भी सामने आई हैं आज बच्चों को कुछ नये खतरों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर प्रवास व शहरीकरण और महामारी जैसे वैश्विक चुनौतियाँ शामिल हैं. लेकिन इस दौरान बच्चों को अपने अधिकारों को प्राप्त करने के नये अवसर और सकारात्मक माहौल मिले हैं.


भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ बाल संधि को स्वीकार किये जाने के 30 साल पूरे होने का यह मौका खास है इस दौरान हुई उपलब्धियों का जश्न जरूर मनाया जाना चाहिए लेकिन इसके साथ यह मौका देश बाल अधिकारों को लेकर नई संकल्पों और उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने का भी है ।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

---

## व्यंग्य

# चांद की शिकायती पाती !



**प्रभात गोस्वामी**

हमारे पड़ोसी चाँदमल अक्खड़', उर्फ चाँद ने सरकार को एक शिकायती पत्र लिखा . वकील चाँद , ईश्वर ने मनुष्य को बड़ी शिद्दत व करीने से घड़ा था . धरती को मनुष्य के रूप में एक अनुपम कृति भेंट की थी . लेकिन बढ़ती विसंगतियों और कुसंगतियों के चक्कर में मनुष्य किसी आधुनिक चित्रकारी जैसा हो गया है , जिसे अब रचियता भी नहीं पहचान पा रहा है ! उसने संबंधों की डोर को पतंग के मांझे और गली में आपस में उलझे बिजली के तारों- सा उलझा दिया है .

वैसे तो मनुष्य चाँद को बेहद पसंद करता है . पर कई बार उसकी हरकतों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है . कल की ही बात ले लीजिए . अपनी प्रेमिका को खुश करने के लिए डब्बू प्रेमी गा रहा था, चाँद चुराकर लाया हूँ ,चाँद चुरा कर लाया हूँ , चल बैठें चर्च के पीछे ! अब चाँद , सूरज ढलते ही धरती को रोशन करने की तैयारी कर रहा था . उधर, प्रेमी ने यह अफवाह फैलाना शुरू कर दिया कि चाँद को उसने चुरा लिया है . लेकिन पढ़ी-लिखी प्रेमिका ने इस मीठे झूठ पर यकीन न करते हुए चर्च के पीछे आने से साफ मना कर दिया . कहा ,प्रेम के मंदिर में बैठे प्रेमियों को किसी और जगह चोरी छिपे बैठने की कहाँ जरूरत होती है ?... फिर इतना भी सुंदर नहीं चाँद . इसमें भी दाग है . लो कल्लो बात. मोहब्बत हो तो चाँद अच्छा , नहीं तो दाग दिखने लगा . अब आप ही बताइए, प्यार का नशा उतरने का दोष भी चाँद के सर पर उंडेला जा रहा है .

अब बब्बन भिया की बात करते हैं . नकली चीजें खरीदते-खरीदते इनकी फितरत भी नकली हो गई है. नकली चीजें बनाने लगे . भाई ने चाँद का हमशक्ल भी बना डाला . फिल्मों में हमशक्ल होते हैं . जुड़वां भाई-बहन भी होते हैं. अब चाँद का भी डुप्लीकेट ! बब्बन गा रहे हैं , कैसी हसीन आज बहारों की रात है / एक चाँद आसमान पे है ,एक मेरे साथ है . अब उनकी नजरें पूरी तरह से असमान पर टंगे असली चाँद से हटकर डुप्लीकेट चाँद पर टिकी हुई हैं . इस पर कार्यवाही होनी चाहिए . उधर, मिट्ठू परदेसी जब भी ये गीत गाता है , मेरे सामने वाली खिड़की में ,एक चाँद का टुकड़ा रहता है, ये टुकड़ा, शब्द सुनकर ही मेरा दिल दहलने लगता है ! उसकी खिड़की से दिखाई देता फ्रिज मेरी चिंताओं में इजाफा कर देता है ! सरकार मिट्ठू पर नजर रखने की जरूरत है.

चाँद आगे लिखता है कि आदमी की नादानी देखिए, हमारे भाईलोग चाँद को देखकर ईद मुबारक कहते हैं . कुछ आशिक अपनी महबूबा को छत पर जाने से इसलिए रोकते हैं कि किसी रकीब की बुरी नजर न लग जाए ! अब अपने स्वार्थ के लिए ऐसे लोग चाँद की महनत पर यह कहते हुए पानी फेर देते हैं कि माह-ए-नौ देखने तुम छत पे न जाना हरगिज / शहर में ईद की तारीख बदल जाएगी ! अब ये आशिक लोग अपनी मर्जी से महबूबा को खुश करने के लिए त्यौहार का दिन बदलने लगेंगे, तो फिर असमान में चमकते चाँद की कीमत ही नहीं रहेगी !

अचानक मेरी नींद खुल गई . पड़ोसी चाँदमल अक्खड़ सुबह से गा रहा था, सपना मेरा टूट गया और मुझे कुछ न मिला.

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं, हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# जयंती पर याद किये गये तमिल महाकवि सुब्रमण्यम भारती

**कार्यक्रम**

## सीपीएस ग्रुप आफ स्कूल ने मनाया भारतीय भाषा उत्सव

**जनसंदेश न्यूज**



सेंट्रल पब्लिक स्कूल जाफरपुर में भाषण देती छात्रा।

**आजमगढ़।** सीपीएस ग्रुप आफ स्कूल जाफरपुर, मुबारकपुर एवं फरिहा शाखा में आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया।

सभी शाखाओं में छात्र, छात्राओं, अध्यापकों एवं विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य द्वारा महाकवि की जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके व्यक्तित्व व देशहित में किये गये योगदान पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि महाकवि एक महान तमिल कवि थे। उनको महाकवि भारतियार के नाम से भी जाना जाता है। वे एक कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा उत्तर व दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु के समान थे। छात्र छात्राओं ने विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक पोशाक का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही भारतीय भाषाओं के विभिन्न महान कवियों एवं लेखकों के बारे में बताया गया। इस दौरान कविता, निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता तथा नाटक का आयोजन किया गया। विद्यालय की चेयर परसन तरन्नुम खानम ने सभी को शुभकामनाएं दी। प्रबंधक नवाज अहमद खां ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव देश की एकता एवं अखण्डता को मजबूत बनाने एवं देश के नागरिकों में आपसी प्रेम, सद्भाव एवं मातृ भाव बढ़ाने हेतु भारतीय भाषा उत्सव के माध्यम से एक दूसरे को जोड़ने की एक कड़ी है। प्रबंधक आजाद अहमद खां ने कहा कि महावि ने समाज में एकता, प्रेम एवं भाईचारा का संदेश देते हुए भारत को अनेकता में एकता को रेखांकित किया है। प्रधानाचार्या रेखा सिंह ने छात्र छात्राओं को भारतीय भाषाओं को सीखने और जानने के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। इस तरह के कार्यक्रम द्वारा लुप्त प्राय भारतीय भाषाओं के निरंतर विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

# स्मार्टफोन से छात्र स्वयं करेंगे ज्ञानार्जनः संगीता आजाद



छात्र-छात्राओं के साथ सांसद संगीता आजाद व पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन

**ठेकमा (आजमगढ़)।** आजाद पीजी कालेज में समारोह का आयोजन कर सांसद संगीता आजाद एवं पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन के द्वारा 650 छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गये।

आजाद पीजी कालेज में स्मार्ट फोन वितरण समारोह को संबोधित करती हुई सांसद संगीता आजाद ने कहा कि स्मार्टफोन बच्चों तक पहुंचाने की सरकार की एक अच्छी सोच है इससे निर्धन छात्र भी कोचिंग नियम ट्यूशन पर आधारित न होकर स्वयं अपना ज्ञानार्जन प्राप्त कर सकेंगे संस्था के प्रबंधक एवं पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन ने कहा कि स्मार्टफोन और टेबलेट वितरण योजना डीजीशक्ति के तहत छात्रों के लिए एक बहुद्देशीय ज्ञानार्जन की योजना है यह एक सरकार का सराहनीय कदम है हम चाहते हैं कि इस स्मार्टफोन से पहले की अपेक्षा अब छात्र अधिक ज्ञानार्जन कर अच्छा अंक प्राप्त कर अपना और संस्था का नाम समाज में रोशन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान वकील चैरसिया ने किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्मार्टफोन वितरण कालेज के प्रवक्ता चंद्रभान, डॉ दिनेश कुमार एवं प्रवक्ता मनीष कुमार, हरिश्चंद्र राम, आशीष चैहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित ऑटो पलटा, युवती की मौत

**हादसा**

## आधा दर्जन घायल, इलाज के लिए भर्ती

**जनसंदेश न्यूज**



मृतका के घर जुटे लोग।



मृतक के घर पर जुटी स्थानीय लोगों की भीड़।

**माहुल (आजमगढ़)।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के पलिया आईटीआई के पास तेज रफ्तार आटो पलट गया जिसके चलते लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को अंबारी पुलिस द्वारा शाहगंज भेजा गया। इलाज के दौरान माहुल निवासी एक युवती की मौत हो गयी।

एक आटो अहरौला से जौनपुर जनपद के शाहगंज के लिए जा रही थी। एक ही परिवार के 4 लोग अहरौला से बैठे थे जबकि माहुल से दो बहनें सुनीता 28 वर्ष पुत्री गामा सोनकर एवं सरोजा 42 वर्ष पुत्री गामा सोनकर बैठी थी। सुनीता अपनी बड़ी बहन सरोजा को दवा दिलाने शाहगंज जा रही थी। आटो जैसे ही पलिया आईटीआई के पास कुंवर नदी का पुल क्रॉस की, सामने से सड़क पर कुत्ता आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार आटो अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आटो 3 से 4 बार पलटी खाया। अंबारी पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को शाहगंज इलाज के लिए भेजवा दिया। जहां इलाज के दौरान सुनीता की मौत हो गयी। जबकि उसकी बड़ी बहन सरोजा का इलाज चल रहा है। अन्य घायलों में अहरौला के मड़ना गांव निवासी एक ही परिवार के तबरेज पुत्र नवी अहमद, हकीम, रूबी बानो और अहरौला निवासी समानन्द शामिल हैं। जैसे ही सुनीता की मौत की सूचना उसके घर माहुल पहुंची काफी संख्या में लोग जुट गए। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। आटो अंबारी पुलिस के कब्जे में है।

### इकलौते पुत्र की दुर्घटना में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बागखालिस बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक व कार में टक्कर हो गयी। इलाज के दौरान बाइक सवार इकलौते पुत्र की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर बागखालिस बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को आजमगढ़ से निमंत्रण देकर बाइक से वापस आते समय हिमांशु सिंह 22 वर्ष पुत्र धर्मराज सिंह निवासी समता नगर की विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात्रि उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने उसके चचेरे भाई अभिषेक सिंह की सूचना पर मुकदमा पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मौत की सूचना पर परिवार व जीयनपुर कस्बे में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृतक हिमांशु सिंह की एक वर्ष पूर्व आरती से विवाह हुआ था जिनके पास एक-दो माह की छोटी बच्ची है। मृतक अपने माता-पिता की इकलौता पुत्र था। पत्नी आरती और माता संध्या देवी व बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पिता की गला दबा कर हत्या करने का सगे भाई पर लगाया आरोप

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जमीन मुहम्मदपुर गांव में बड़े भाई ने छोटे भाई पर वृद्ध पिता की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जीयनपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रामशरण पुत्र सतई ने जीयनपुर थाने पर रविवार की शाम अपने वृद्ध पिता सतई 90 वर्ष की गला दबाकर हत्या करने का आरोप छोटे भाई रामवृक्ष पर लगाया। पुलिस ने जांच के लिए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छोटे भाई रामवृक्ष ने वृद्ध पिता सतई से बीते 9 सितंबर को सगड़ी तहसील पर हिब्बा चार बीघा जमीन का कराया था जिसको लेकर दोनों भाइयों में कई बार मारपीट हो चुकी है। वहीं आजमगढ़ न्यायालय में मुकदमा चल रहा है जिसमें 14 दिसंबर को पिता की गवाही होनी थी। रामशरण ने आरोप लगाया कि 24 जून को पिता दुर्घटना के उपरांत मानसिक रूप से अर्धविक्षिप्त हैं जिनसे हिब्बा कराया गया।

# सांसदों ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

**बैठक**

## हर घर नल योजना सहित उठे कई मुद्दे

## डीएम ने समय से कार्य पूर्ण कराने का दिया निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**



बैठक में उपस्थित सांसद दिनेश लाल यादव, संगीता आजाद, एमएलसी विक्रांत सिंह, डीएम विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** सांसद दिनेश लाल यादव एवं सांसद लालगंज संगीता आजाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक हुई।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना में जनपद के 13 ग्रामों में हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने का कार्य चल रहा है, अभी भी कुछ ग्रामों में ओवरहेड टैंक का निर्माण पूर्ण नहीं है।

जिस पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि 2 माह में उक्त कार्य को पूर्ण करायें एवं जिन ग्रामों में अभी भी ओवरहेड टैंक का निर्माण पूर्ण नहीं है, उसकी सूची सांसदगण एवं जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा उक्त ग्रामों में जो सड़कें टूटी है, उसको मोटरेबल बनाएं। जनपद में 3 सीवरेज परियोजनाओं का कार्य चल रहा है, जिसमें 45 प्रतिशत कार्य पूर्ण है, एसटीपी एवं एफएसटीपी का भी कार्य चल रहा है, जिस पर सांसद ने शेष कार्य को पूर्ण कराने के लिए कहा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2022-23 में 14585 कृषकों का फसल बीमा कराया गया है। जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि समितियों पर यूरिया की समस्या है। जिस पर सांसद लालगंज ने उप कृषि निदेशक से कहा कि समस्त समितियों में जितनी यूरिया उपलब्ध कराई गई है, उसकी सूची समितिवार उपलब्ध कराएं।

जनप्रतिनिधियों द्वारा धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद में समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निस्तारण कराने का निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी समस्याएं बताई जा रही है, उसका निस्तारण कराएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में जनप्रतिनिधियों द्वारा सीएचसी, पीएचसी पर रेबीज इंजेक्शन, दवाओं की अनुपलब्धता, चिकित्सकों की उपलब्धता एवं कमी के बारे में अवगत कराया गया।

इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य विक्रांत सिंह रिशु, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य राजस्व अधिकारी जेपी सिंह, परियोजना निदेशक केके सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक आज

**आजमगढ़।** मण्डल के जनपदों में 50 लाख तथा उससे अधिक लागत की तथा 50 करोड़ से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति सम्बन्धी मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक 12 दिसम्बर को मण्डलायुक्त मनीष चैहान की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागर में आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए मण्डलीय अर्थ एवं संख्या अधिकारी डा. नीरज श्रीवास्तव ने सम्बन्धित कार्यदायी विभागों एवं प्रशासकीय विभागों के अधिकारियों से अद्यतन प्रगति के साथ उक्त बैठक में समय से उपस्थित होने की अपेक्षा की है।

# स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे



स्मार्ट फोन के साथ छात्राएं।

**जनसंदेश न्यूज**

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के मां चनरमी देवी महिला महाविद्यालय कौड़िया कोयलसा में उत्तर प्रदेश शासन के योजना के अंतर्गत 216 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य शिवाजी पीजी कॉलेज तेरही डॉ.राजेंद्र सिंह रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि छात्राओं को स्मार्टफोन के जरिए आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ा जाए जिससे छात्रों में बेहतर स्किल डेवलपमेंट हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय के प्रबंधक गीता यादव ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्मार्टफोन के जरिए आप लोग घर बैठे ही ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं साथ ही इंटरनेट के माध्यम से अनेक तरह की जानकारियां भी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम पंचायत अधिकारी रविंद्र यादव ने बताया कि छात्राओं को शासन की मंशा के अनुरूप महाविद्यालय परिसर में स्मार्टफोन वितरित किया गया। इस मौके पर केशव प्रसाद यादव, ईशा यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# गोविंद साहब मेले में बढ़ रही भीड़, दुकानदार खुश

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पूर्वांचल का प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला गोविंद साहब अपने पूरे शबाब पर है। भीड़ बढ़ने से दुकानदार हुए खुश नजर आ रहे हैं।

आजमगढ़ अंबेडकर नगर की सीमा पर पड़ने वाला पूर्वांचल का प्रसिद्ध गोविंद साहब मेला इस समय अपने पूरे शबाब पर है। जहां लगातार मेलार्थियों की भीड़ बढ़ती जा रही है, वहीं लगातार भीड़ बढ़ने से मेले में दूर-दूर से आए दुकानदार काफी खुश नजर आ रहे हैं। मेले में मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले मेला में आये लोगो के लिए ठहरने, पेयजल, तथा शौचालय की व्यवस्था मेला प्रशासन द्वारा कराया गया है। किसान लोहे तथा लकड़ी की जमकर खरीदारी कर रहे हैं, वही दूर दूर से आए मेलार्थी प्रसिद्ध गोविंद सरोवर में स्नान कर प्रसाद चढ़ा रहे हैं तथा मेले का प्रसिद्ध खजला व लाल गन्ने का प्रसाद अपने घरों को ले जा रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से कई कंपनी पीएसी तथा महिला व पुरूष पुलिसकर्मी मेले में लगातार चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

मेले में बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन झूला सर्कस मौत का कुआं आदि भी लगाया गया है जहां सबसे अधिक भीड़ दिखाई दे रही है। बीएचएस हॉस्पिटल ईटायल भवानीपुर अतरौलिया द्वारा निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया गया है।



गोविंद साहब मेले में उमड़ी मेलार्थियों की भीड़।

# उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु थे सुब्रमण्यम भारतीः असफर अली

**आयोजन**

## शिब्ली कॉलेज में महाकवि की जयंती पर भारतीय भाषा दिवस का किया गया आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**



शिब्ली कालेज में जयंती पर उपस्थित लोग।


**आजमगढ़।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के तत्वाधान में शिब्ली नेशनल महाविद्यालय के मोकिमा वीवी हाल में रविवार को महाकवि सुब्रमण्यम भारती के पावन जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अफसर अली ने कहा कि सुब्रमण्यम भारती तमिल कवि थे। उनको महाकवि भारतियार के नाम से भी जाना जाता है। उनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। वही अरबी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोहिउददीन आजाद इस्लाही ने कहा कि वह कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु समान थे। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अल्ताफ अहमद ने कहा कि उनका जन्म 11 दिसंबर 1882 को भारत के दक्षिणी प्रांत तमिलनाडु के एक गांव एट्टयपुरम में एक तमिल ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय विद्यालय में ही हुई। मेधावी छात्र होने के नाते वहा के राजा ने उन्हें भारती की उपाधि दी। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुनीर ने कहा कि सुब्रमण्यम भारती उच्च शिक्षा वाराणसी से हासिल किया। अगले 4 वर्ष उनके जीवन में खोज के वर्ष थे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ताहिर ने कहा कि वे इंडिया के नाम से अखबार निकाला करते थे। उन्होंने कहा था कि भूख से दुनिया में अगर किसी की मौत हुई तो इंकलाबी आंदोलन होगा। तलवार उठाने में जज्बा की जरूरत होती हैं। वह जज्बा लोगों में पैदा करना होगा। दर्शन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ बी के सिंह ने कहा कि बनारस प्रवास की अवधि में उनका हिंदू आध्यात्म व राष्ट्रप्रेम से साक्षात्कार हुआ। सन 1900 तक वे भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में पूरी तरह जुड़ चुके थे। हिंदी विभाग के शरद राय ने कहा कि भगिनी निवेदिता, अरविंद और वंदे मातरम के गीत ने भारती के भीतर आजादी की भावना को पल्लवित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर अफसर अली, चीफ प्रॉक्टर डॉ एहतेशयामुल हक, प्रोफेसर सादीक, डॉ मुकर्रम अली, डा राफे, अरूण यादव, बदीउउजुमा, तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षणेतर कर्मचारी, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, अरबी एवं फारसी के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**पटवध प्रतिनिधि** के अनुसार राजकीय इंटर कॉलेज जोकहरा .में तमिल लेखक कवि समाज सुधारक पत्रकार और साथ ही साथ भारतीय स्वतंत्रता के कार्यकर्ता सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिवस को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के अध्यापक ज्ञान प्रकाश राय ने कहा कि श्री भारती तमिल कविता के अग्रदूत थे बहु भाषा विद भी थे, उनको महाकवि भारतीयार के नाम से भी जाना जाता है इनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है एक कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी भी थे। सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण पर श्री भारती की रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं महा कवि का जीवन विचार और लेखन हमारी आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। महान संस्कृतियों के बीच एकता और समानता का ही उत्सव है। इस अवसर पर श्री राय के अलावा विद्यालय के कर्मचारी पंचानंद राय, अजय कुमार सिंह, अरुण राय, केदार यादव, महातम यादव, विजय कुमार राय एवं सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं विद्यालय प्रांगण में उपस्थित थे।

## संक्षेप

### ग्रामीणों की शिकायत पर नायब तहसीलदार ने रुकवाया निर्माण कार्य




**पवई (आजमगढ़)।** पवई बाजार में शाहगंज रोड पर बंजर की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण की लिखित सूचना कुछ ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी फूलपुर को दी थी। उप जिलाधिकारी ने तहसीलदार फूलपुर को आदेशित किया था कि मौके पर जाकर ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जा रोका जाय। नायब तहसीलदार फूलपुर सुशील कुमार ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य को देखते हुए एक सप्ताह के अंदर पक्ष विपक्ष को अपना अपना कागजात दिखाने के लिए कहा और मौके पर हो रहे निर्माण को रुकवाया। ग्रामीणों द्वारा हल्का लेखपाल के ऊपर आरोप लगाया गया था कि लेखपाल कुछ जमीन लेकर अवैध निर्माण करा रहे हैं। नायब तहसीलदार द्वारा इसकी जांच की गई जो बेबुनियाद निकला। नायब तहसीलदार सुशील कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों को एक सप्ताह के अंदर कागजात प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। कागजात देखने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। हल्का लेखपाल करुणेश सिंह का कहना है जो भी मेरे ऊपर जमीन लेने का आरोप लगाया गया था। उसकी जांच नायब तहसीलदार द्वारा की गई। इसमें कोई सत्यता नहीं है।

### शतचंडी महायज्ञ के लिए निकाली गयी कलश यात्रा




**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के भैंसहां गांव के कमपोजिट विद्यालय प्रांगण में रविवार को नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा महायज्ञ का आयोजन विधि विधान से किया गया। कलश यात्रा रविवार को शुरू हुई। दुवार्सा धाम प्रयागराज से चलकर आये यज्ञाचार्य धर्मेंद्र जी के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालु और कन्याए कलश लेकर जयकारा लगाते हुए चल रही थी जिसमें घंटा घड़ियाल और बैंड बाजे की धुन से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होकर भक्तिमय हो गया। देवनदी के पावन तट पर जल भरकर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर यज्ञ पंडाल की परिक्रमा करके कलश यात्रा का समापन किया गया। इस पावन यज्ञ में अपने कथा ज्ञान का रसपान कराने केरल से चलकर आए आचार्य पंडित राघवेंद्र शास्त्री जी द्वारा भक्तों में कथा का आयोजन किया गया है जो 11 दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेगी। इस अवसर पर शशिकांत मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, संजीव मिश्रा, दीपक मिश्रा, तारकेश्वर मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्र, चंद्र प्रकाश मिश्रा, नमित पांडे, टिंकू मिश्रा, राहुल मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, रमाकांत यादव, बच्चू लाल सोनकर, भलई राजभर आदि उपस्थित रहे।

### वैभव के ईओ बनने पर हर्ष का माहौल



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** कोयलसा ब्लॉक अंतर्गत सरैया रत्नावे गांव निवासी वैभव सिंह का चयन अधिशासी अधिकारी के पद पर होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। घर पहुंच कर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। किसी भी परीक्षा का परिणाम आता है तो बूढ़नपुर तहसील अछूती नहीं रहती है। इसी का एक उदाहरण आज वैभव सिंह ने दिया। वैभव सिंह के पिता डॉ.मिथिलेश सिंह बूढ़नपुर बाजार में प्रैक्टिस करते हैं तथा सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हमेशा आगे रहते हैं। वैभव सिंह बेसिक शिक्षा आजमगढ़ से पूरी करने के पश्चात कक्षा 6 से प्रयागराज अपने चाचा नीरज सिंह के यहां पहुंच गए और आगे की शिक्षा उन्होंने वहीं से पूरी की और वही से तैयारी करते हुए इस लक्ष्य को प्राप्त किया। वैभव शुरू से जुझारू प्रवृत्ति के थे और अपने चाचा नीरज सिंह से प्रेरणा लेते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। वैभव के बड़े भाई विकास सिंह कानपुर में बैंक मैनेजर के पद पर हैं और उनकी बहन आकांक्षा सरकारी टीचर हैं। वैभव सिंह का चयन होते ही पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है लोग उनके घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं।

### धर्मांतरण के मामले में दो गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना रौनापार पुलिस ने धर्मान्तरण के मामले में आरोपित में 2 लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। आशीष गुप्ता पुत्र स्व.लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता निवासी मसुरियापुर थाना रौनापार की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों कान्ती देवी पत्नी राजकुमार व राजकुमार पुत्र दलसिंगार निवासीगण कादीपुर थाना रौनापार व कुछ सहयोगी नाम पता अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उनकी तलाश में थी। पुलिस ने अभियुक्तों कान्ती देवी पत्नी राजकुमार व राजकुमार पुत्र दलसिगांर को उनके घर कादीपुर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके कब्जे से इसाई धर्म से सम्बन्धित धार्मिक पुस्तकें आदि बरामद किया।

### तमंचा, कारतूस के साथ एक धराया



**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में कार्रवाई करते हुए अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। अभियुक्त के विरूद्ध कुल एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। महराजगंज पुलिस शनिवार को क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मनोगा का पुरा से अभियुक्त सोनू यादव पुत्र केदार यादव निवासी त्रिपुरारपुर खालसा थाना महराजगंज को एक अदद तमन्चा .303 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .303 बोर के साथ हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान कर दिया।

### चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना बरदह पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। रविवार को बरदह पुलिस भगवानपुर पुलिया के पास संदिग्ध ब्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गम्भीरपुर की तरफ से आ रहे मोटर साइकिल चालक को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पंकज मौर्या पुत्र चतुरी मौर्या निवासी जमुआवा थाना बरदह बताया। उसके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि यह मोटर साइकिल चोरी की है जिसे मैं बेचने के लिए ले जा रहा था।

### सांड़ के हमले में युवक घायल

**पवई (आजमगढ़)।** पवई थाना क्षेत्र के कछरा गांव से लेकर सड़क तक छुट्टा पशुओं का आतंक जारी है। कछरा पेट्रोल पंप के पास एक युवक को सांड ने पटक दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पवई थाना क्षेत्र के कछरा गांव निवासी पारस पाल 46 वर्ष पुत्र शेरई किसी कार्यवश बाजार जा रहे थे। पेट्रोल पंप के पास एक सांड ने पारस पाल पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

### जीएसटी टीम की सूचना पर धड़ाधड़ बंद हो गयी दुकानें

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्टेट जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा एसआईबी टीम की छापेमारी की सूचना पर कस्बा समेत आसपास की दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गयी। दोपहर बाद स्थिति सामान्य हुई। जनपद में जीएसटी की विशेष टीम द्वारा कई दिनो से छापेमारी की जा रही है। रविवार को कस्बे में टीम के आने की सूचना पर कपड़ा, सरार्फा कारोबारियों समेत अन्य प्रतिष्ठान के शटर गिर गये। यह स्थिति दोपहर बाद तक रही। कोटिला बाजार में भी दुकाने बंद रहीं। दोपहर बाद धीरे धीरे दुकाने खुली और स्थिति सामान्य हुई। हालांकि बडे. कारोबारियों के साथ ही छोटे कारोबारी भी अपने दुकानों को बंद कर रखे थे। कारोबारी एक दूसरे से सम्पर्क कर स्थिति का आकलन लेते रहे।

### मण्डलायुक्त कल करेंगे विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चैहान की अध्यक्षता में शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता वाले चिन्हित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक 13 दिसम्बर को उनके कार्यालय सभागर में आहूत की गयी है। यह जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त ओपी आर्य ने दी है। श्री आर्य ने सम्बन्धित विभागों के मण्डलीय अधिकारियों से सम्पूर्ण सूचनाओं के साथ समय से बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# मातृभाषा के साथ किसी एक अन्य भाषा का ज्ञान जरूरी : मंडलायुक्त

जयंती

## सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का काम करती है भाषा : सीडीओ

जनसंदेश न्यूज


आयुक्त का स्वागत करते डीआईओएस

**मीरजापुर।** जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में महाकवि सुब्रण्यम भारती के जयंती के अवसर पर भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। जनपद में मुख्य कार्यक्रम मंडलायुक्त, विन्ध्याचल मण्डल डा० मुथुकुमार स्वामी बी तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में नगर के आर्य कन्या पाठशाला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के स्वागत पुष्पगुछ अंगवस्त्रम व स्वागत गीत गाकर किया गया। सुन्दर मुन्दर जायसवाल नगरपालिका बालिका इ0का0 की छात्रा दीपिका द्वारा महाकवि सुब्रण्यम भारती के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया, आर्य कन्या पाठशाला इ0का0 की छात्रा शगुन वाडिया द्वारा भरत नाट्यम की प्रस्तुत दी गयी। छात्रों द्वारा भारत गणराज्य के राज्यों के नाम की तख्तियों के माध्यम से भारत प्रदर्शनी प्रस्तुत किया जो अत्यन्त ही सराहनीय रहा। मंडलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल, डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने कहा कि आज महाकवि के सैकड़ों वर्ष स्वर्गवासी हुए हो गये और आज भारतीय भाषा उत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य यही दशार्ता है कि भारतीय संविधान में 22 भारतीय भाषाओं को अंगीकार किया गया है, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृ भाषा के साथ-साथ कम से कम एक अन्य भारतीष भाषा को सीखना चाहिए इसका अखिल भारतीय सेवाओं आदि के लिए लाभ है, क्योंकि सेवा क्षेत्र में दूरस्थ अन्य प्रदेश में तैनाती होने पर वहां की भाषा को सीखना और उस भाषा में काम करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में 22 भाषाओं के आलावा लगभग 2200 बोलिया है, जो भारत की विविधता को दशार्ता है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारतीय भाषाएं अलग-अलग होते हुए भी सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है यह भाषाएं अलग-अलग नहीं है, बल्कि हम सभी के लिए है। इसके साथ ही महाकवि सुब्रण्यम भारती जी के सामाजिक कार्यों पर भी प्रकाश डाला गया। महाकवि सुब्रण्यम भारती के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि महाकवि का विचार था कि ‘जिस दिन संसार में कोई व्यक्ति अन्न के अभाव में भूखा मरेगा उस दिन पूरे संसार का विनाश हो जायेगा। बिना भाषा के छात्र न तो गणित और न ही अन्य कोई विषय समझ पायेंगे, इसके लिए भाषा का ज्ञान अत्यन्त ही आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक, द्वारा सभी अतिथियों, कार्यक्रम में सहयोगी प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मण्डलायुक्त द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# शादी की हल्दी लगने के पहले उठ गई कर्मी की अर्थी

## सड़क दुर्घटना में सिचाई कर्मी की मौत से कोहराम

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के बरकछा फ्लाई ओवर पर डिवाइडर से टकरा जाने से बाइक सवार सिंचाई विभाग के कर्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के अनंतपुर, तेंदुआ कला गांव निवासी रामकेश प्रजापति पुत्र कैलाश नाथ प्रजापति उम्र 29 वर्ष शनिवार को लालगंज अपनी बहन के यहां किसी कार्यक्रम में गया था। वापस घर लौटते समय बरकछा के पास फ्लाई ओवर पर बने डिवाइडर से टकरा जाने से उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक सिंचाई विभाग में कार्यरत था।

उक्त घटना से परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं साथियों ने बताया कि मृतक की शादी के लिए रविवार को लड़की के परिजन देखने के लिए आने वाले थे। युवक घर आ रहा था कि रास्ते में मौत के मुंह में समां गया।

### घायल लावारिस मवेशी का कराया प्रधान संघ अध्यक्ष ने इलाज

**हलिया।** स्थानीय कस्बा में किसी अज्ञात वाहन ने लावारिस गाय को धक्का मार कर घायल कर दिया था। इसकी सूचना रविवार को ग्रामीणों ने प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ को दिया। मौके पर पहुचे प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने पशु पालन विभाग की टीम को सूचित दिया। सूचना पर पहुंचे पशुधन प्रसार अधिकारी ने घायल गाय का उपचार किया है।

# बदल गए कटरा और लालगंज थाना प्रभारी

जनसंदेश न्यूज

फेर बदल

### प्रेम शंकर तिवारी को कटरा

### ज्ञानू प्रिया को मिला लालगंज थाना का प्रभार




**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र ने पुलिस महकमा को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए शनिवार को स्थानांतरण की सूची जारी किया। जिसका प्रभाव कटरा और लालगंज थाना पर पड़ा हैं। पुलिस विभाग की जारी सूची में कटरा कोतवाली के निरीक्षक नवीन कुमार तिवारी को न्यायिक सम्मन सेल का प्रभारी बनाया गया है।

इस सेल के प्रभारी निरीक्षक प्रेमशंकर तिवारी को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कटरा बनाया गया है। इसी प्रकार लालगंज थाना में तैनात निरीक्षक रामनरायन राम को जन शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जबकि महिला निरीक्षक ज्ञानू प्रिया को पुलिस लाइन जन शिकायत प्रकोष्ठ से प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज बनाया गया है। जिले में कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिए एसपी मातहतों के साथ सायं काल रूट मार्च कर आम जनता और व्यापारी समुदाय से संवाद स्थापित करने में लगे है। इसके साथ ही विभागीय फीड बैक लेकर सुरक्षा और व्यवस्था कानून को चुस्त बनाये रखने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। ताकि अपराधियों में कानून का भय और सभ्रांत नागरिकों में कानून के प्रति सुरक्षा का विश्वास कायम रहे।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के मुस्किरा गाँव के सामने विंध्यवासिनी कन्या इंटर कालेज के पास रविवार सुबह 10 बजे अनियंत्रित हुई बाइक सड़क किनारे खाईं में कूद गयी। जिसमें चालक समेत दोनो बाइक सवार घायल हो गये। चालक बिना हेलमेट के ही बाइक चला रहा था। थाना क्षेत्र के पटेहरा कला निवासी राज (22) पुत्र सुरेश गोंड रविवार को अपनी बाइक से अपने साथी अमर (24) को लेकर दीपनगर से लालगंज की तरफ जा रहा था। मुस्किरा गाँव के सामने विंध्यवासिनी कन्या इंटर कालेज के पास पहुंचा ही था कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गयी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुँचे संतनगर थाना प्रभारी कमल टावरी ने अपने वाहन से दोनों घायलों को इलाज हेतु दीपनगर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहाँ से राज की हालत को गंभीर देख परिजन अपने निजी साधन से वाराणसी के ट्रामा सेंटर ले गए।

# आशा कार्यकर्त्रियों का समय से किया जाय भुगतान

## कर्मचारी संगठन की ब्लाक इकाई का हुआ गठन

जनसंदेश न्यूज


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को स्वागत करतीं स्टाप

**हलिया।** विकास खंड के गलरा ग्राम पंचायत भवन में रविवार को आशा, आशा संगिनी कर्मचारी संगठन उत्तर प्रदेश की मीरजापुर जिलाध्यक्ष रेखा सिंह की अध्यक्षता में आशा संगिनी व आशा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर ब्लॉक इकाई का गठन किया और प्रोत्साहन राशि आदि भुगतान आदि समस्याओं पर विचार विमर्श किया।

आशा कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से ब्लाक अध्यक्ष पद पर सपना सिंह, संगठन मंत्री पद पर गीता सिंह कोषाध्यक्ष पद पर आरती मिश्रा का सर्वसम्मति से चयन किया। जिलाध्यक्ष रेखा सिंह ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपने कार्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं ने कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं तथा समय से प्रोत्साहन राशि आदि का भुगतान नही मिलने की समस्या बताई और कहा कि आयुष्मान कार्ड का भुगतान अभी तक नही हो सका है। जिला अध्यक्ष रेखा सिंह ने समस्याओं के समाधान हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी कामेश्वर तिवारी से वार्ता कर आशा कार्यकर्ताओं का भुगतान समय से किए जाने की मांग की। इस दौरान जिला महामंत्री हेमलता सिंह आशा संगिनी आरती मिश्रा, गीता सिंह, रंजना सिंह, गुलाबकली, अनारकली, आशा श्यामादेवी, निशा सिंह,मंजू श्रीवास्तव, रन्नो देवी, संध्या सिंह, अरूणा देवी, पूजा पांडेय कुसुम कली, ब्लॉक संरक्षक मनकामना मिश्र आदि मौजूद रहीं।

# खाद के अभाव में नहीं हो पा रही है किसानों की खेती

## सहकारी समिति पर खाद उपलब्ध कराये जाने की किसानों ने की मांग

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के सहकारी समिति पर खाद न मिलने की वजह से किसानों की गेहू की बुवाई प्रभावित हो रही है। किसान बाजार में प्राइवेट दुकानदारों से खाद लेने को मजबूर हैं किसानों ने मांग की है कि सहकारी समिति पर खाद उपलब्ध कराया जाए। जिससे किसानों की गेहूं की बुवाई किया जा सके। क्षेत्र में इस समय गेहूं की बुवाई के लिए पीक समय चल रहा है ऐसे में किसान गेहूं की बुवाई के लिए खाद की जरूरत है। किन्तु सहकारी समिति पर खाद उपलब्ध नहीं है। सुबह होते ही किसानों का जमावड़ा सरकारी समिति पर हो जाता है और देर शाम किसान हताश होकर अपने घर चले जाते हैं। समिति के कर्मचारियों द्वारा कहा जाता है कि खाद आने वाली है किंतु आज तक समित पर खाद नहीं पहुंची जिससे किसान अपनी गेहूं की बुवाई करने के लिए बाजार में प्राइवेट दुकानदार के यहां से यूरिया डीएपी फास्फेट लेने को मजबूर हैं। क्षेत्र के मेढरा निवासी राकेश पांडे ने कहा कि विगत 1 हफ्ते से मेरा खेत बुवाई के लिए तैयार है किंतु खाद के अभाव में गेहूं की बुवाई नहीं की जा रही है। निनवार उत्तर निवासी सुभाष चंद पटेल ने कहा कि गेहूं की बुवाई खाद के अभाव में पिछड़ रही है कहां की सहकारी समिति पर खाद आने का इंतजार भारी पड़ रहा है अब मजबूर होकर बाजार के प्राइवेट दुकानों से खाद लेकर गेहूं की बुवाई किया जाएगा। बनवारी निवासी रामलाल ने कहा कि सहकारी समिति पर खाद की उपलब्धता न होने की वजह से बाजार के प्राइवेट दुकानों द्वारा मनमानी तरीके से अधिक मूल्य पर खाद वितरित किया जा रहा है। किसानों की मजबूरी है कि प्राइवेट दुकानों से अधिक मूल्य पर खाद लेने को मजबूर हैं। किसानों ने मांग की है कि सहकारी समिति लालगंज पर तत्काल यूरिया डीएपी फास्फेट की उपलब्धता कराई जाए, जिससे किसान अपनी गेहूं की बुवाई कर सकें।

### गांव का लाल बना सहायक चकबंदी अधिकारी

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के गंगहरा कला गांव निवासी किसान परिवार से कृष्ण कुमार द्विवेदी के पुत्र राजीव द्विवेदी सहायक चकबंदी अधिकारी बनकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सफलता मिलने पर लोग घर पहुंच कर बधाई दे रहे हैं। लालगंज विकासखंड अंतर्गत गंगहरा कला गांव निवासी राजीव कुमार द्विवेदी शुरू से ही पढ़ने में होनहार रहे। हाई स्कूल से लेकर ग्रेजुएशन तक की शिक्षा रावर्टसगंज से प्राप्त किया। इसके बाद दिल्ली में तैयारी कर रहे थे।

# धोखाधड़ी के अभियोग में दो शातिर आरोपी व आरोपिता गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान, मीरजापुर पर 12 मार्च 2022 को वादी घनश्याम पुत्र मुन्नीलाल निवासी पियूरी थाना लालगंज मीरजापुर द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध वादी को मृत दिखाकर कूट रचित दस्तावेज व शपथ प्रमाण पत्र तैयार कर वरासत कराने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर धारा 419,420,467,468,471, 504, 506 भादवि बनाम रामबरन आदि 06 नफर पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त अभियोग का संज्ञान लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को निरीक्षक अपराध रमेश प्रसाद मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबीर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से दो आरोपी व आरोपिता रामबरन पुत्र पुरू, मंजू पुत्र रामबरन निवासीगण पियूरी थाना सन्तनगर मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# लोकतंत्र की हत्या कर रही है प्रदेश सरकार : जयवीर सिंह

जनसंदेश न्यूज


सपा प्रवक्ता को पुस्तक भेंट करते लोग

**मीरजापुर।** माता विंध्यवासिनी के धाम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के एमएलसी जयवीर सिंह ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। नवनिर्वाचित विधायक मदन भैया का काफिला मुज्जफर नगर के खतौली जाने से रोके जाने पर कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र बचा नहीं है।

सरकार का विश्वास लोकतंत्र पर नहीं है। मतदान के दिन रामपुर में घर-घर घुसकर लोगों को मारा गया। सरकार के इस कृत्य पर कहा कि खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे। कहा कि सपा में शिवपाल सिंह यादव के आने से समाजवादी पार्टी और मजबूत हुई है। प्रदेश की जनता और नेता सभी चिंतित थे। शिवपाल के आने से सपा को मजबूती मिली है। हम लोग मिलकर 2022 का चुनाव लड़ा था। मैनपुरी की जनता ने इस समर्थन को भरपूर आशीर्वाद दिया है। माता विंध्यवासिनी का दर्शन पूजा करने के बाद जय वीर सिंह ने कहा कि मां का आशीर्वाद तो हर पल चाहिए, हमको भी और दल को भी। प्रदेश की जनता 2022 में भी सपा की सरकार चाहती थी। लेकिन छल बल के कारण परिणाम नहीं आया। नई सरकार बनने से लोगों का उत्पीड़न बढ़ा है। सपा प्रवक्ता को तीर्थ पुरोहित विद्यानंद मिश्र एवं सत्यम चतुर्वेदी ने दर्शन पूजन कराया और माता विंध्यवासिनी की तस्वीर और विंध्य महात्म पुस्तक भेंट किया।

# गांव के मेले में लाखों भक्त आज करेंगे माता शीतला का दर्शन-पूजन

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के गड़बड़ा शीतला धाम में लगने वाला तीन सोमवार को 15 दिवसीय मेले का गवयी मेले में लाखों भक्तों को पहुँचने का अनुमान लगाया जा रहा है। मेले में झूला, दुकानें सजी हुई है। गवयी मेला के बाद कोटार शिव धाम में सभी दुकान तेरस के मेले में चली जाएगी। जिसमें प्रयागराज, भदोही, वाराणसी, सोनभद्र, मध्य प्रदेश के सीधी, सिगरौली, रीवा, सतना आदि जगहों से भक्तो का आगमन होगा परन्तु मेले में पिछले मेले लोगों का दोना पत्तल की गंदगी का चारों तरफ अंबार लगा हुआ है ऐसे में दर्शनार्थियों को दर्शन पूजन के लिये उसी पर होकर गुजरना होगा। लेकिन अभी तक कोई साफ सफाई नहीं कराया गया है। स्थानीय निवासी रवीशंकर तिवारी, देवी माली, संतोष तिवारी, राधे चौरसिया, गायत्री पांडेय, दिनेश तिवारी आदि लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मेला की सफाई कराए जाने की मांग किया है।

# डॉक्टरों की लापरवाही से पीएचसी पर नहीं लगता जन आरोग्य मेला

यह है हाल

### शासन के आदेशों का अधिकारी नहीं कर रहे अनुपालन

### परेशान मरीज अधिकारियों से बार-बार लगा रहे गुहार

### जिले के आलाधिकारी नही ले रहे हैं संज्ञान

जनसंदेश न्यूज


अस्पताल गेट पर डाक्टर का इंतजार करते ग्रामीण।

**राजगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खटखरिया पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन न होने से मरीजों को बगैर इलाज ही वापस लौटना पड़ा। जिससे आक्रोशित मरीज सरकार व जिले के उच्चाधिकारियों को कोसते दिखाई दिए। ग्रामीणों द्वारा बार बार मांग किये जाने के वावजूद भी जिला के उच्चाधिकारी संज्ञान नही ले रहे हैं।

आम जनता को उत्तम और नजदीकी मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए शासन की ओर से प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक की उपस्थिति में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन करने का आदेश दिया गया है।परंतु जिले के उच्च अधिकारियों की मनमाना रवैया के आगे शासन का आदेश भी हवा हवाई साबित हो रहा है।

जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खटखरिया पर जन आरोग्य मेला का आयोजन नहीं किया जा रहा है।वही नजदीकी व उत्तम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के बजाए मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने तुगलकी फरमान जारी कर खटखरीया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सक का स्थानांतरण कर, औपचारिक रूप से पीएचसी खटखरिया को बंद कर दिया गया है।बेहद दबावों के बाद सप्ताह में केवल दो दिन खोलने का आदेश दिया गया है।

जिले की ध्वस्त स्वास्थ्य व्यवस्था से भाजपा सरकार के दावों की धज्जियां उड़ रही हैं वहीं स्वास्थ्य महकमा शासन की मंशा पर पानी फेरने में जुटा हुआ है।

जंगल पहाड़ से सटे नक्सल प्रभावित खटखरिया क्षेत्र के ग्रामीण नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराने से वंचित हो रहे हैं। ऐसे में आस पास के दर्जनों गांवों के लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रत्येक दिन संचालित कराने तथा जन आरोग्य मेला का आयोजन कराने के लिए जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह से कई बार मांग की है। परंतु कोई संज्ञान नहीं ले रहा हैं। जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोग सरकार व जिले के उच्च अधिकारियों को कोसते हुए नजर आ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 188 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** क्षेत्र के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में रविवार को कुल 188 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 49 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 74 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वही नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 65 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने औक्षक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार, एलटी राकेश कुमार, बैजनाथ, दशरथ, अरविंद कुमार सिंह, फार्मासिस्ट संजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार, मायावती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



**मीरजापुर।** थाना को0देहात, जनपद मीरजापुर पर 01 दिसम्बर को वादी डा0ओम प्रकाश शाही पुत्र स्व0चन्द्रेश शाही निवासी बरकछा कला थाना को0देहात मीरजापुर द्वारा घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे आभूषण व नगदी चोरी करने तथा सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे में तोड़फोड़ करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। उक्त सूचना के आधार पर थाना को0देहात पर धारा 457,380,427 भादवि बनाम बइश्तवाह पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त चोरी की घटना का यथाशीघ्र अनावरण करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी व बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0देहात को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 विजय राय चौकी प्रभारी बरकछा थाना को0देहात मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से उक्त अभियोग की विवेचना के दौरान प्रकाश में आये दो आरोपियों सुनील कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व0जीतलाल विश्वकर्मा, दीपू कुमार सरोज पुत्र बद्री प्रसाद सरोज निवासीगण बरकछा थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से जले हुए तार से निकला तांबा व एल्युमिनियम कुल वजन 04.100 किग्रा बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### दुकान से हजारों रुपये का सामान लेकर चोर हुए चम्पत



**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जेके स्टेट हाइवे स्थित हरिहरपुर गांव के सामने अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करनें का प्रयास किया, जिसमें एक दुकान से हजारों रुपए का सामना लेकर चोर चम्पत हो गए। रविवार की रात जनपद चंदौली स्थित बौरी गांव निवासी राजकुमार की दुकान से हजारों रुपए का समान लेकर अज्ञात चोर फरार हो गए। वहीं कमलेश विश्वकर्मा और सिंह विल्डिंग मैटेरियल के दुकानों का अज्ञात चोरों ने ताला चटकाकर चोरी का प्रयास किया, लेकिन आवागमन के चलतें चोरी करने में असफल रहे।

### दान पात्र से निकला 35750 रुपया



**मीरजापुर।** बदेवरानाथ मंदिर की दानपेटी से निकले 35750 रुपए आज ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उपाध्याय व मंदिर के महंत महेंद्र गिरी तथा कमलेश उपाध्याय व अन्य की उपस्थिति में मंदिर पर लगे कुल 5 दान पेटियों को खोला गया मंदिर पर लगे सीसीटीवी की निगरानी में गणना की गई जिसमें 35750 निकला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उपाध्याय द्वारा बताया गया उक्त धनराशि से पुस मास में लगने वाले वृहद मेले के पूर्व मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा तथा मंदिर पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाया जाएगा व जन सामान्य व भक्तों के लिए जो भी आवश्यक सुविधा होगी उसकी व्यवस्था की जाएगी।

### सत्यनारायण अध्यक्ष, महामंत्री चुने गये अमित कुमार



**चील्ह।** विकासखंड कोन के ब्लॉक कार्यालय के सभागार में रविवार को सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव सकुशल संपन्न कराया गया। जानकारी के अनुसार सतनारायण यादव व बाबूलाल अध्यक्ष पद के दावेदार में जिसमें सतनारायण यादव को 102 मत मिले व बाबूलाल को 54 मत मिले 48 मतों से सतनारायण यादव को विजई घोषित किया गया। वही महामंत्री पद के लिए अमित कुमार निर्विरोध चुने गए। सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव ब्लॉक कार्यालय कोन के सभागार में गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। सुबह से ही सफाई कर्मियों का जमावड़ा लगा रहा। निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र पांडे के मौजूदगी में चुनाव संपन्न कराया गया। नवनिर्वाचित प्रत्याशी को चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र पांडे व जिला अध्यक्ष प्रधान संघ चंद्रशेखर यादव चंदू द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख कोन शंभू नाथ यादव, जिला अध्यक्ष प्रधान संघ चंद्रशेखर यादव चंदू, रामबाबू यादव, सफाई कर्मी मनीष, गुलाब, बाल्मिक, अशोक मंजीत, बनारसीलाल, मुरारी, राकेश यादव, पप्पू, तेजू यादव आदि सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना पड़री, जनपद मीरजापुर पर 10 दिसम्बर को थाना पड़री क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के स्वयं(वादिनी) के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना पड़री पर धारा 376 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक पड़री को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को प्र0नि0 पड़री माधव सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में त्वरित कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपी शिवपूजन पुत्र रामलखन निवासी टेढ़ा थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### फिर एक साथ रहने को राजी हुए 22 बिछड़े दम्पति

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 22 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक सीमा सिंह, महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी प्रीति चौबे व सपना तथा सदस्यगण निर्मला सिंह, डा0कृष्णा सिंह, पार्वती पाण्डेय आदि उपस्थित रही।

### हर्षोल्लास से मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव

**अदलहाट।** आदर्श इंटर कॉलेज में रविवार को महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती का जन्म दिवस विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। बड़े ही उल्लास पूर्वक भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाते हुए विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध प्रतियोगिता वाद विवाद प्रतियोगिता जूनियर सीनियर छात्र-छात्राओं द्वारा चम्मच दौड़ में विजेता प्रथम शिवम तिवारी द्वितीय आकृति विश्वकर्मा तृतीय अभय कुमार, सुई धागा दौड़ में प्रथम गुड़िया बानो द्वितीय गंगा प्रसाद तृतीय आंचल पटेल जलेबी दौड़ प्रथम रुपाली विश्वकर्मा द्वितीय कुंदन कुमार प्रजापति तृतीय अंशु कुमार सुई धागा दौड़ कुर्सी दौड़ जलेबी दौड़ वालीवाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रथम द्वितीय तृतीय विजेता छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शशि शेखर भट्ट जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन में हरिशंकर त्रिपाठी सहायक अध्यापक, राहुल सिंह व्यायाम शिक्षक, लक्ष्मण सिंह सहायक अध्यापक संतोष कुमार यादव सहायक अध्यापक, एवं पवन कुमार पांडे जी सहायक अध्यापक, का विशेष योगदान रहा।

### विंध्याचल में तीर्थ पुरोहित शनि ने की अलाव की व्यवस्था

**मीरजापुर।** सूर्य अस्त होते ही दिसंबर माह में सर्द रातों में ठंडी हवा के झोंको से आम जनता सिहर जा रही हैं। विंध्य पर्वत पर विराजमान माता विंध्यवासिनी के धाम में अलाव की गर्माहट का जिम्मा नगर पालिका परिषद के बजाय एक तीर्थ पुरोहित शनि दत्त पाठक ने सम्हाल रखा है। विंध्याचल धाम में दर्जन भर से अधिक स्थानों पर अलाव जलने पर तीर्थ यात्रियों को सहुलियत मिल रही हैं। जिसके ताप से राहत मिलने पर लोगों ने प्रसन्नता जताया है। विंध्यवासिनी धाम में प्रदेश ही नहीं देश के विभिन्न प्रांतों से भक्तगण दर्शन पूजन करने आते हैं। दिसंबर में शीत लहरी के बाद भी अब तक कोई राहत कार्य आरम्भ न किए जाने पर आश्चर्य जताया। कहा कि दूर दराज से आने वाले भक्त गंगा नदी किनारे माता के धाम में बहने वाले ठंडी हवा से सिहर उठते हैं। दर्शनार्थियों की भीड़ के बावजूद उनके दिक्कतों अनदेखी पर केबी डिग्री कॉलेज के छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष शनि दत्त पाठक ने अलाव का जिम्मा सम्हाला। विंध्याचल धाम के दर्जन भर से अधिक स्थानों पर अलाव की लकड़ी गिराकर अलाव जलवाया गया।

# हाइवा की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की मौत

## एक ही बाइक पर सवार थे दोनों भाई ककरी वारफाल के पास हुआ हादसा

जनसंदेश न्यूज




**अनपरा।** कोयला ढ़ोने वाली ट्रिप ट्रेलर के चपेट में आने से रविवार की देर शाम अनपरा शक्तिनगर मार्ग पर ककरी वार फाल के पास दो सगे बाइक सवार भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिक्षेत्र में मातम फैल गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज दिया।

बताया गया कि अनपरा थाना क्षेत्र के खजुरा निवासी दो सगे भाई निजी व्यक्ति के यहाँ नौकरी करते थे। रविवार की शाम खड़िया से कोयला लेकर ककरी वारफाल आ रही हाइवा ने दोनों भाईयों को कुचल दिया। जिसके चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके से चालक फरार हो गया, पुलिस ने फिरहाल खलासी को पकड़ लिया है। घटना स्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

खबर पाते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। मृतकों की पहचान वीरेंद्र प्रजापति उम्र 24 और राम विशाल उम्र 22 पुत्र भोला, निवासी खजुरा अनपरा के रूप में की गई। चौकी इंचार्ज चन्द्रभान सिंह ने शव को थाने ले आए। इस दोहरे मौत से परिक्षेत्र में मातम का माहौल है। मृतक कुल तीन भाई है, पिता की मौत हो चुकी है। इस घटना से पूरे परिवार में करुण क्रंदन फैल गया।

## भूमि विवाद में हसुआ से प्रहार कर पिता पुत्र को किया जख्मी

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र में शनिवार देर रात एक युवक ने जमीनी विवाद के मामले में हसुआ से मारकर पिता पुत्र को घायल कर दिया। घायलों को रविवार की सुबह डाला पुलिस द्वारा चोपन सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि विमलेश बैगा पुत्र देवराज बैगा निवासी ग्राम चुनियरा ने चोपन थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरे पिता 50 वर्षीय देवराज पुत्र सरजू व भाई 22 वर्षीय मुकेश पुत्र देवराज को जमीनी विवाद को लेकर 27 वर्षीय पिन्टू ऊर्फ शिव शंकर बैगा ने हसुआ से मारकर घायल कर दिया।

इस सन्दर्भ में चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया विमलेश कि तहरीर पर पिन्टू के विरुद्ध संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। नामजद आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नये वर्ष से शुरू होगी हाट कुक्ड योजना

## 2079 आंगनबाड़ी केंद्रों के 64 हजार बच्चों को मिलेगा पौष्टिक आहार

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के 64 हजार बच्चों को फिर से गर्म भोजन मिलेगा। तीन वर्ष से बंद पड़ी हाट कुक्ड योजना को फिंर से चालू किया जा रहा है। जनपद के कुल 2079 आंगनबाड़ी केंद्रों पर करीब 64 हजार बच्चे नामांकित हैं। इन्हें गर्म भोजन का लाभ दिलाने के लिए ग्राम प्रधानों व आंगनबाड़ी कर्मचारियों को संयुक्त खाता संचालन करने का निर्देश दिया गया है।

बता दें कि तीन से छह वर्ष के कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2010 में हाट कुक्ड योजना शुरू किया था। इसके तहत बच्चों को पौष्टिक व गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाता है। वर्ष 2019 में योजना अचानक से बंद कर दी गयी। इसी बीच हाट कुक्ड योजना के संचालन को हरी झंडी प्रदान कर दी गयी है।

परियोजना निदेशक सरनीत कौर के निर्देश के बाद इसे लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि हाट कुक्ड योजना का संचालन जनवरी से शुरू हो जायेगा। इसके बेहतर संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। सभी ग्राम प्रधानों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने संयुक्त खाते को सक्रिय करा लें। हाट कुक्ड योजना शुरू होने से कुपोषण से निपटने के अभियान को मजबूती मिलेगी।

## संक्षेप

### दुकान में घुसा अनियंत्रित ट्रक, पिता-पुत्र घायल



**चोपन।** नगर के मुख्य चौराहा बैरियर के समीप रविवार को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर एक दुकान में घुस गई। इससे अपने दुकान पर खड़े बाप बेटे बुरी तरह से घायल हो गए। ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से कई लोग बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि ट्रक चालक नशे में धुत्त होकर ट्रक चला रहा था। बैरियर चौक से पहले वह दाएं-बाएं करते हुए चलती मारुति को बचाते हुए दुकानदार को बुरी तरह से घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के बैरियर क्षेत्र निवासी ओम प्रकाश मोदनवाल पुत्र राधे मोदनवाल अपने पुत्र के साथ दुकान पर बैठे थे। इसी बीच तेज रफ्तार से आ रहा अनियंत्रित ट्रक टक्कर मारते हुए ओम प्रकाश के दुकान में जा घुसी। चालक नशे की हालत में ट्रक चला रहा था। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। वहीं ओम प्रकाश को चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने उनको जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।

### पुलिस बल ने जंगलों में की कांबिंग



जंगल में कांबिंग करती पुलिस टीम

**बीजपुर।** सीओ दुद्धी आशीष मिश्र के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ ग्राम लिलाडेवा, पिंडारी, महुली, रजमिलान के जंगलों में कांबिंग की। इस दौरान ग्रामीणों से सम्पर्क कर भयमुक्त जीवन यापन करने की सलाह दी गई। बताया गया कि किसी अराजकतत्व द्वारा कहीं अशांति फैलाने की कोशिश की जाय तो इसकी सूचना पुलिस को दें। इस दौरान बच्चों को शिक्षा पर जोर देते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही।

### सांसद प्रतिनिधि के भाई राजीव का लोवर पीसीएस में हुआ प्रयन



**सोनभद्र।** लोवर पीसीएस 2018 के परिणाम में पहले ही प्रयास में राजीव दूबे ने सफलता हासिल की और सहायक चकबन्दी अधिकारी बने। लोकसभा सांसद पकौड़ी लाल कोल के प्रतिनिधि वेद दूबे ने बताया कि राजीव दूबे की प्रारम्भिक शिक्षा आदिवासी इंटर कालेश सिल्थम, इंटर राजा शारदा महेश राबर्ट्सगंज व ग्रेजुएशन इलाहाबाद विश्वविद्यालय से करने के बाद दिल्ली से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इनके पिता सोनभद्र वन प्रभाग मे वन दरोगा के पद से सेवानिवृत्र कृष्ण कुमार दूबे हैं। चाचा रामगोपाल दूबे रेणुकूट वन प्रभाग में बभनी रेंज में कार्यरत हैं। पसही कला निवासी धीरज पाण्डेय, रीना पाण्डेय व मित्र पंकज तिवारी, राजेश शुक्ल ने खुशी व्यक्त की।

### जीएसटी टीम के आने की भनक से दुकानें बंद, सन्नाटा

**बीजपुर।** जीएसटी टीम के आने की सूचना से रविवार को व्यवसाइयों में हड़कंप मचा रहा और वे धड़ाधड़ दुकानों के शटर गिरा कर गायब हो गए। रविवार होने के कारण ग्राहक दुकानें बंद होने से इधर-उधर भटकते रहे। इलाके के बकरिहवां, सेवकामोड़, जरहां, चेतवा, बीजपुर सहित आवासीय परिसर के शॉपिंग कम्प्लेक्स की दुकानों के बन्द रहने से लोग परेशान दिखे। रविवार को बाजारों में जहां चहल पहल पढ़ जाती है, वहीं बाजार बंद रहने से चारो तरफ सन्नाटा पसरा रहा। जीएसटी टीम के डर से बड़े व्यवसाईयों ने दुकानें बंद रखी। व्यवसायी टीम की लोकेशन लेने के लिए मोबाईल से सम्पर्क करते रहे।

### शस्त्रों का करें बेहतर रख रखाव

**बीजपुर।** सीओ दुद्धी आशीष मिश्रा ने शनिवार की शाम स्थानीय थाने का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं को पूर्ण करने व गैंगस्टर, वांछित चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी करने, थाना परिसर की सफाई के निर्देश दिए। सीओ ने माल खाना, अभिलेखों व हवालात का निरीक्षण कर असलहे के रख-रखाव के लिए निर्देश दिए। थाने के बैरक में साफ सफाई को लेकर विशेष ध्यान देने के साथ भोजनालय में खाना बना रहे फालोवर को भी साफ और स्वच्छ तरीके से भोजन बनाने के लिए कहा। वहीं थाने में वांछित चल रहे अपराधियों की धरपकड़ को लेकर थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा और मधुर व्यवहार किया जाए। प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई तत्काल की जाए।

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**चोपन।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस द्वारा गैंगस्टर अधिनियम से सम्बंधित अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र रामलाल, निवासी नेवारी, थाना जुगैल को गिरफ्तार चालान कर दिया।

### भारत विकास परिषद सोनभद्र प्रथम दायित्व समारोह सम्पन्न

**सोनभद्र।** नगर स्थित एक होटल परिसर में रविवार को भारत विकास परिषद काशी प्रदेश प्रात द्वारा सोनभद्र जिले में भारत विकास परिषद सोनभद्र शाखा खोली गई जिसका प्रथम दायित्व समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर संयुक्त महासचिव प्रमोद राम त्रिपाठी, रवि प्रकाश जायसवाल, मुकुल साह, गौरव अग्रवाल, अजीत जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं की भूख हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

**ओबरा।** ओबरा में तहसील बनाने की मांग को लेकर 41 वें दिन धरना के क्रम में आंदोलित अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों का क्रमिक भूख हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रहा। रविवार को एड गजेंद्र यादव व एड पंकज कुमार राव का माल्यार्पण वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील पांडे एवं अमित उपाध्याय द्वारा किया गया।आयोजित सभा को सोनांचल बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमेश मिश्रा, कपूरचंद पांडे, रामपाल शास्त्री, एड अनिल चौधरी, दिनेश दुबे, एड एसके चौबे, नसीम खान, एड पुष्पराज पांडे, एड अवधेश अग्रवाल, राजेश गौतम, अनिल कुमार, ब्रह्मा कुमार, एड सुशील शर्मा, आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि माननीय राज्यपाल द्वारा जारी सरकारी गजट के बावजूद ओबरा तहसील के मुख्यालय हेतु जमीन का चयन बिल्ली मारकुंडी के बाहर किया जाना मा. राज्यपाल के आदेश की अवहेलना है।वही जिला प्रशासन जनआंदोलन की अनदेखी करते हुए विवादित तथा मानक के विपरीत जमीन पर तहसील मुख्यालय का निर्माण करने के लिए आमादा है।वक्ताओं ने तहसील मुख्यालय का सृजन व तहसील की स्थापना बिल्ली मारकुंडी में करने हेतु सरकार द्वारा जारी संबंधित सरकारी गजट के अनुसार किये जाने अथवा ओबरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में संचालित तहसील परिसर में ही सुनिश्चित करने की मांग किया।संचालन एड उमेश शुक्ला ने किया।इस अवसर पर एड बी एन जायसवाल, एड राजेंद्र यादव, सुब्रम सिंह, विनोद गुप्ता, एड कमलेश यादव, डीके जौहरी, सुरेंद्र जौहरी, सलीम कुरेशी, मनीष मिश्रा, एड कौशल पांडे, विनय कुमार, विजय शंकर यादव, श्याम जी पाठक, चंद्र नाथ भगत, नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## ठंड से ठिठुर रहे बेघर, कहीं नहीं जल रहे सार्वजनिक अलाव

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। कड़ाके की ठंड में भी नगर पालिका ने नगर क्षेत्र में सार्वजनिक अलाव की व्यवस्था नहीं की है। फुटपाथ, बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन में अपना अस्थायी घर बसाए लोगों पर ये ठंड आफत बनकर टूट रही है। सड़क किनारों में बसे लोगों की बेबसी समाजसेवी संगठनों को न दिख रही और न ही नगर पालिका या जिला प्रशासन को। वर्तमान में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात का न्यूनतम तापमान गिरते जा रहा है। ऐसे में बेघर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता होगा, यह समझा जा सकता है। इसके अलावा प्रायः रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कचहरी चौक, बढ़ौली चौक के पास अलाव की व्यवस्था की जानी चाहिए। सार्वजनिक जगहों पर बेघर लोगों को सोते हुए या ठंड से ठिठुरते हुए देखा जा सकता है। सप्ताह भर से ठंड का असर बढ़ गया है।

# महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन

जनसंदेश न्यूज




कार्यक्रम में शामिल लोग

**ओबरा।** राजकीय पीजी कॉलेज ओबरा में रविवार को सुब्रमणीय भारती के जन्मदिन के अवसर पर शासन के निर्देश पर भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार के द्वारा की गई।कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक

डा महेन्द्र प्रकाश ने बताया कि वर्तमान में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान से पूरा देश जुड़ गया है।राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति पूरे देश में क्रियान्वित किया गया है।ऐसे में भारतीय भाषा उत्सव की संकल्पना को जनमानस के बीच पहुंचना जरूरी है। सुब्रमणीय भारती स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका में थे।जिन्होंने अपने लेख एवं कविता के माध्यम से लोगो के बीच राष्ट्रीय नवजागरण की चेतना को भरा।उन्होंने नारी अधिकारों,बाल विवाह निषेध पर भी जोर दिया।भारती केवल तमिल के जानकार नहीं थे, अपितु उनकी भाषाई विविधता रोचक थी।प्रोफेसर डा राधा कांत पाण्डेय ने कहा कि भाषा की वैचारिकी का जो भाव भारती में था वह अतुलनीय है।बहुभाषी होना नई शिक्षा नीति की एक विशेषता है।विद्यार्थी जितनी भाषा सीखेगा,उससे देश की एकता को बल मिलेगा।वाणिज्य के प्राध्यापक डा. विकास ने बहुभाषी होने पर जोर दिया और कहा इससे व्यक्तित्व का निर्माण होता है।प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि मातृ भाषा के अतरिक्त अन्य भाषा की जानकारी देश को एकता की ओर ले जाती है।भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन उसी की तरफ बढ़ाया हुआ कदम है।कार्यक्रम में छात्र अभिषेक यादव ने भी अपने विचार रखे।इस अवसर प्राध्यापिका डा. किरन सिंह, प्रमोद केशरी, धर्मेन्द्र, महेश पाण्डेय, सरफुद्दीन आदि छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# धनुष यज्ञ, लक्ष्मण-परशुराम संवाद देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

जनसंदेश न्यूज



रामलीला मंचन करते कलाकार


**चोपन।** ग्राम पंचायत सिंदुरिया में वर्षो से चले आ रहे परम्परागत रामलीला में शनिवार की रात स्थानीय कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। मिथिला के राजा जनक की ओर से आयोजित सीता स्वयंवर में लंकापति रावण समेत दूसरे राजा धनुष नहीं उठा सके तो सभा में सन्नाटा छा गया। राजा जनक ने कहा कि यह पृथ्वी वीरों से हीन हो गई है, राजा जनक की यह बात सुनकर लक्ष्मण क्रोध से आगबबूला होकर बोले जहां रघुवंश का एक भी व्यक्ति मौजूद हो वहां इस तरह की बातें नहीं की जातीं। यदि गुरु की आज्ञा पाऊं तो पूरे ब्राह्मांड को उठाकर कच्चे घड़े की तरह फोड़ डालूं तब लक्ष्मण को राम शांत करते हैं। इसके बाद गुरु महर्षि विश्वामित्र ने श्रीराम को राजा जनक का संताप दूर करने के लिए धनुष उठाने के लिए भेजा। भगवान राम के हाथ धनुष टूटा तो पंडाल में बैठे दर्शकों ने जय श्रीराम के जोरदार जयकारे लगाए। उधर, शिव धनुष टूटते ही शिव भक्त परशुराम का दरबार में प्रवेश होते है। जनक ने अयोध्या नरेश राजा दशरथ को मिथिला आने के लिए निमंत्रण भेजाद्ध राजा दशरथ और उनके पुत्रों का मिथिला में स्वागत किया गया। इस मौके पर व्यास मुरली तिवारी, राम गोपाल शास्त्री, सुरेश पांडेय, उस्मान अली, संजीव त्रिपाठी, विद्या शंकर पांडेय, राम राजानकी पांडेय, रामनारायण पांडेय, दिनेश पांडेय, प्रेम शंकर पांडेय, अशोक पांडेय, विजय शंकर पांडेय, राधारमण पाण्डेय, महावीर प्रसाद पांडेय, कमलेश पांडेय, विशाल पांडेय, अशोक मिश्रा मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे।

## अवैध परिवहन ओवर लोडिंग में 41 वाहनों का चालान

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु चन्द्र विजय सिंह जिलाधिकारी के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 9 व 10 दिसम्बर को विशेष अभियान चलाया गया। इसमें परिवहन व राजस्व कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान सम्बन्धित थाना/बैरियर में बंद किया गया तथा वाहनों का एम चेक के माध्यम से आनलाईन नोटिस निर्गत किया गया। 9 दिसम्बर को खनिज भरे वाहनों की चेकिंग के दौरान 24 वाहनों को एम चेक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन नोटिस जारी किया गया, जिसमें से11 वाहनों को लोढ़ी में खड़ा किया गया है। इसी प्रकार से 10 दिसम्बर को चेकिंग के दौरान 5 वाहन लोढ़ी बैरियर में बंद कर 17 वाहनों का एम चेक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन चालान किया गया।

## अवैध कब्जे की जांच करने पहुंचे डीएफओ ने कर्मियों को लगायी फटकार



अवैध कब्जे की जांच करने पहुंचे डीएफओ

**बीजपुर।** जंगल की जमीन के अवैध कब्जे की शिकायत की जांच करने शनिवार की देर शाम पहुंचे प्रभागीय वनाधिकारी रेनुकूट मनमोहन मिश्र ने निरीक्षण कर अधीनस्थों को फटकार लगाई। उन्होंने वन रक्षक और वन दारोगा को फटकार लगाते हुए कहा कि तीन दिन का समय दे रहा हूं, अवैध कब्जा ध्वस्त कर रिपोर्ट दें। मौके पर उपस्थित लोगों ने डीएफओ को राय कालोनी मोड़ के समीप हुए अवैध कब्जे की जानकारी दी। जिस पर उन्होंने जंगल में किए अतिक्रमण के बाबत कहा कि किसी की रजिस्ट्री भी है तो उसे विभाग से अनुमति के पश्चात ही निर्माण कार्य करना है। इस दौरान लोगों ने स्थानीय कर्मियों पर गम्भीर आरोप लगाया। कहा कि अगर डीएफओ के आदेश का अनुपालन नहीं हुआ तो शासन समेत उच्चाधिकारियों से शिकायत की जाएगी। वहीं डीएफओ की जांच से अवैध अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा रहा।

## स्वावलंबी भारत अभियान समिति की बैठक संपन्न



बैठक में शामिल समिति के पदाधिकारी

**चोपन।** ग्राम वासी सेवा आश्रम में स्वावलंबी भारत अभियान समिति चोपन विकासखंड की बैठक ब्लॉक संयोजक रामेश्वर बैसवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि जिले के एफपीओ संचालक प्रकाश पांडे ने बैठक में उपस्थित ग्राम संयोजक जनों को एफपीओ के महत्व निर्माण एवं संचालन के बारे में बताया। कहा कि किसान एवं बेरोजगारों के लिए उनके जीवन स्तर में वृद्धि का एक पूरा योजना समिति के द्वारा होना है जिसके लिए एफपीओ का निर्माण अति आवश्यक है । जिले से चलकर आए संचालन में आने वाले आर्थिक तकनीकी का काम देखने के लिए सीए रूपेंद्र चौबे ने भी योजना के महत्व पर प्रकाश डाला । बैठक में स्वावलंबी भारत अभियान समिति के जिला सदस्य राजेश अग्रहरि, जनार्दन बैसवार, रावटसगंज ब्लॉक संयोजक मीनू चौबे, रामप्रीत गुर्जर, नित्यानंद दुबे, रामधनी निषाद, संजय चौबे, बद्री मोरिया आदि संयोजक जन उपस्थित रहे। संचालन सह ब्लॉक संयोजक प्रेम पटेल ने किया।

# सप्लायर नहीं दे रहा मैटेरियल, कैसे हो विकास कार्य

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सदर विकास खंड के ग्राम पंचायत कबरी की प्रधान ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र देकर ग्राम पंचायत में मैटेरियल सप्लाई करने का टेंडर लेने वाली फर्म के प्रोपराइटर पर सामान की आपूर्ति नहीं करने का आरोप लगाया है। जबकि भुगतान उक्त फर्म के खाते में जा चुका है वह न तो पैसे ही लौटा रहा है जिसकी वजह से ग्राम पंचायत के सारे विकास कार्य ठप्प पड़े हैं।

प्रधान ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में मैटेरियल सप्लाई करने का टेंडर जिस फर्म को मिला है उसके प्रोपराइटर वर्तमान सत्ताधारी दल की जिले की कमेटी में पदाधिकारी हैं जिसकी धौंस जमाकर वह न तो मैटेरियल ही दे रहे हैं और न ही जो भुगतान ले चुके हैं वह पैसा ही वापस कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि ग्राम प्रधान ने यह पहला पत्र लिखा है अपितु उन्होंने बताया कि पिछले चार पांच माह से लगातार अधिकारियों को पत्र लिख उक्त समस्या के समाधान की गुहार लगा रही हैं पर उक्त फर्म के मालिक उनके प्रार्थनापत्र को कूड़ेदान में डलवा दे रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी को लिखे पत्र में ग्राम प्रधान ने लिखा है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्य हेतु निर्माण सामग्री/मैटेरियल सप्लाई हेतु ठेका रघुवंशी इण्टर प्राइजेज बहुअरा सोनभद्र को वर्ष 2021-22 के लिए मिला है। ग्राम कबरी में सोख्ता गड्ढा एवं नालियों का निर्माण मनरेगा के तहत कई संख्या में कराया जा रहा है जिसमें लगने वाले ईंट, बालू सीमेण्ट आदि मैटेरियल की सप्लाई रघुवंशी इण्टर प्राइजेज को देना है, किन्तु नाली व गड्ढे खोद देने के पश्चात मैटेरियल सप्लाई नहीं किया गया।

कई बार प्रधान व सेक्रेटरी द्वारा कहने पर उनके द्वारा आज कल का आश्वासन दिया गया, लेकिन अभी तक सप्लाई नही दी गयी। सरकार की मंशा के अनुरूप व कार्य समयबद्धता से हो व ग्रामीण जनता को समस्त सुख सुविधा मिले व जनता की भलाई हेतु प्रधान की हैसियत से निर्माण सामग्री ईंट, बालू, सीमेण्ट आदि समय से न देने पर एक दूसरे फर्म श्यामा इण्टर प्राइजेज महेवा नई बाजार से उधार क्रय किया एवं कार्य को पूर्ण करा दिया गया है। कार्यपूर्ति के पश्चात ग्रामपंचायत में रजिस्टर्ड फर्म को बिना मैटेरियल सप्लाई दिये ही एक नाली व एक सोख्ता गड्ढे का करीब 2 लाख रूपया रघुवंशी इण्टर प्राइजेज के खाते में भुगतान विभाग द्वारा कर दिया गया है।

जिसकी जानकारी होने के बावजूद भी रघुवंशी इण्टर प्राइजेज द्वारा न तो मैटेरियल ही दिया जा रहा है न तो पैसा ही दिया जा रहा है, जिसकी वजह से ग्राम सभा के अग्रिम विकास कार्य उनके द्वारा संपादित नहीं हो पा रहे हैं और दूसरे फर्म से लिया गया सामानों का पैसा भी जो उधार लिया गया है वह नहीं अदा हो पा रहा है। रघुवंशी इण्टर प्राइजेज की कार्यप्रणाली ग्राम सभा के प्रति उदासीन है। पता चला है कि फर्म में अग्रिम सरकारी धनराशि भी भेजी जा रही है जिसको रोका जाना बहुत आवश्यक है क्योंकि जो धनराशि मनरेगा के तहत सोख्ता गड्ढा व नाली के मैटेरियल सप्लाई के बाबत है यदि उसकी धनराशि उक्त फर्म के खाते में चली गयी तो अपनी रसूख के चलते वह भी उनके द्वारा हजम कर लिये जाने की सम्भावना है। प्रधान ने उक्त पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त श्रम व रोजगार (मनरेगा), सोनभद्र, जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड रावर्टसगंज को भी भेजा है। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि जब जिसके कंधे पर यह जिम्मेदारी है कि यदि कोई गड़बड़ी हो रही है तो उसे रोका जाए यदि वही लोग विकास के लिए आये धन की बंदरबांट में सम्मिलित हो जाएंगे तो योगी सरकार के जीरो टॉलरेंस का क्या होगा। यदि प्रधान के पत्र का गहराई से अध्ययन किया जाय तो सवाल यही उठ रहा है कि सत्ताधारी दल के जिला कमेटी का सदस्य ही यदि विकास कार्यों के लिए आये धन पर कुंडली मार लेंगे तो निश्चित ही विकास कार्यों की गति अवरुद्ध होगी और इस तरह की गड़बड़ियों पर जनता आखिर गुहार कहाँ लगाएगी? देखना होगा कि कबरी ग्राम पंचायत की प्रधान को न्याय मिलेगा या फिर सत्ता के दबाव में अधिकारियों द्वारा मामले को रफा दफा कर दिया जाता है।

**यह है हाल**

**कबरी ग्राम पंचायत का हाल प्रधान ने अधिकारियों को पत्र लिख लगाई गुहार**

**सप्लायर पर सत्ताधारी दल से जुड़े होने का लगा रहा आरोप**

## भाजपाजनों ने घरों पर ध्वज लगाकर किया नगर भ्रमण

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर निकाय चुनाव को लेकर हर घर भाजपा ध्वज कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामदुलार सिंह गोंड़ एवं चुनाव प्रभारी अरविंद पांडे रहे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला मंत्री दिलीप पांडे के निजी निवास पर विधायक द्वारा भाजपा ध्वज लगाकर किया गया। इसके उपरांत कार्यकर्ता विधायक एवं चुनाव प्रभारी के नेतृत्व में बाइक जुलूस निकालकर कस्बे में भ्रमण कर कस्बे में मोदी योगी जय श्री राम कमल फूल निशान नारे लगाए और घर घर जाकर भाजपा ध्वज लहरा कर नगर निकाय चुनाव का आगाज किया। विधायक ने अपील किया कि इस बार दुद्धी नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाएं और दुद्धी में कमल का फूल खिलाएं, जिससे दुद्धी नगर पंचायत का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में दिलीप पांडे, सुरेंद्र अग्रहरी, रामेश्वर राय, मनीष जायसवाल, मोनू सिंह, राजन चौधरी, बबलू सिंह, सुमित सोनी, सूरज देव सेठ, विशाल चौरसिया, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, चमेली देवी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल भाजपा पदाधिकारी

# पार्टियों के टिकट पर निर्भर हुए भावी उम्मीदवार

**निकाय चुनाव**

### निकाय चुनाव में जीत का आधार बनता दिख रहा दलों का जनाधार

**चंदौली।** नेता अब छुट भइया भी नहीं रहे। निकाय चुनाव के वर्तमान परिदृश्य को देखकर आज इस जुमले को लिखना, पढ़ना व कहना पड़ रहा है। जी हां! स्थानीय राजनीति में छोटे राजनेताओं की प्रतिष्ठा व पहचान इस कदर धूमिल हो गयी है कि उन्हें वार्ड सभासद तक के चुनाव को लड़ने और जीतने के लिए दलों के जनाधार का सहारा है। चेयरमैन पद के लिए तो अलग ही मारामारी है। जबकि कुछ वर्षों पहले चेयरमैन व सभासदी के चुनाव को एकल व्यक्तित्व, प्रतिष्ठा व पहचान का चुनाव माना जाता था, लेकिन वर्तमान में लोकल राजनीति में नेताओं की पहचान इस कर खो गई है कि वे अब बिना दल के चुनाव लड़ने तक की सोच अपने अंदर विकसित नहीं कर पा रहे हैं। वर्तमान निकाय चुनाव-2022 इसका जीता जागता उदाहरण है।

चंदौली नगर पंचायत 15 वार्डों वाला निकाय है। जहां नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पिछड़ी जाति के उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। वहीं वार्डों का अपना आरक्षण है। आरक्षण चक्र स्पष्ट होते ही भावी उम्मीदवारों के नाम व चेहरे भी धीरे-धीरे स्पष्ट हुए। इसके साथ ही चुनावी मैदान में अपनी धाक जमाने की बजाय अधिकांशतः भावी उम्मीदवार सत्ता पक्ष का उम्मीदवार बनने की दौड़ में अंधाधुंध भागे जा रहे हैं। हर कोई सत्ता पक्ष के चुनाव चिह्न पर अपनी जीत को सुनिश्चित देख उसे हासिल करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहा है। पार्टी कार्यालय की गणेश परिक्रमा से लगायत वार्ड प्रभारियों तक की खुशामद की जा रही है। यहां तक की लोग वार्ड सभासदी के टिकट के लिए भी पूरी ताकत लगाने की बात करते व कहते हुए सुने जा रहे हैं।

चंदौली नगर निकाय चुनाव के इतिहास में शायद यह पहला अवसर होगा जब चेयरमैन व वार्ड सभासद का चुनाव लड़ रहे दिग्गजों का खुद पर इतना अविश्वास है। स्थिति यह है कि ये अब अपने व्यक्तित्व के बूते चुनाव लड़ने और उसे जीतने की बात तक नहीं सोच पा रहे हैं। ऐसे में यह आमजन को अपनी जीत का भरोसा कैसे दिला पाएंगे? यह बड़ा प्रश्न है। राजनीतिक परिदृश्य में इसे पहचान व व्यक्तित्व का पतन कहा जाता कहीं से भी गलत नहीं होगा। स्थानीय जानकार व पुरनियों की माने तो वर्तमान में चुनाव लड़ने वाले अधिकांश उम्मीदवार अपरिपक्व व गैरराजनीतिक छवि वाले लोग हैं जो राजनीतिक व सत्ता की चमक-दमक देखकर इसमें अपना भविष्य बनाने व अपनी तकदीर को चमकाने आए हैं जिनका न तो खुद का कोई सामाजिक ताना-बाना है और ना ही इनका कोई राजनीतिक सक्रियता और इतिहास रहा है जो इनके अविश्वास का सबसे बड़ा कारण है। अपनी जीत-हार के प्रति इसी अविश्वास व संशय को दूर करने के लिए इन्हें सत्ता के साथ व ताकत की जरूरत है ताकि उनके जनाधार की पतवार से ये अपनी राजनीतिक नाव को पार लगा सके।

## सभासद पद के उम्मीदवारों ने चुनावी प्रचार में झोंकी ताकत


गौतम नगर वार्ड में चुनाव प्रचार करते उम्मीदवार।

**चंदौली।** निकाय चुनाव की सरगर्मी अब लोग के सिर चढ़कर बोल रही है। चुनावी चर्चाओं से ठंड के मौसम में जहां माहौम गर्म हो गया है। वहीं प्रत्याशियों का चुनावी दौरा पर गति पकड़ने लगा है। चेयरमैन पद के उम्मीदवारों की सक्रियता के सापेक्ष वार्ड सभासद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अबकी बार कुछ ज्यादा ही सक्रिय नजर आ रहे हैं। रविवार को चंदौली नगर के अलग-अलग वार्डों में उम्मीदवारों व भावी उम्मीदवारों ने लोगों से सम्पर्क किया। संवाद स्थापित वोटरों का कुशल-क्षेम जाना। साथ ही चुनाव में उनके साथ व सहयोग की अपेक्षाओं को भी सादगी व संजीदगी के साथ व्यक्त किया और उनका आशीष लेकर अपनी चुनावी जमीन को मजबूत करते नजर आए। इन दिनों चंदौली नगर क्षेत्र के 15 वार्डों में मतदाताओं से मिलने-जुलने और अपने चुनावी प्रचार को गति देने एक-एक उम्मीदवार जुटा हुआ है। सभी अपनी छवि को बेहतर दिखाने व बताने की जुगत में है। इसी कड़ी में नगर के वार्ड नंबर-12 गौतम नगर, वार्ड नंबर-13 राजीव नगर, वार्ड नंबर-14 गांधी नगर के साथ ही वार्ड नंबर-4 नेहरू नगर, वार्ड नंबर-2 शास्त्री नगर समेत अन्य वार्डों में रविवार को चुनावी हलचल व्यापक पैमाने पर दिखी। हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवार उस वक्त असहज महसूस करते दिखे। जब मतदाताओं ने अपने आसपास की समस्याओं से उन्हें रूबरू कराया और यह जताया कि चुनाव में आज उम्मीदवार उनके दर पर है, लेकिन पिछले पांच सालों से वह अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दर-दर भटके हैं। ऐसी स्थिति में खासकर वर्तमान से निवर्तमान हो रहे वार्ड सभासद मतदाताओं के समक्ष निरुत्तर नजर आए। वहीं नए उम्मीदवारों ने नए भरोसे के साथ खुद पर भरोसा जताने की बात कही। नगर के माहौल को देख अब यह प्रतीत होने लगा है कि धीरे-धीरे चंदौली नगर के निकाय चुनाव का माहौल गर्म होने लगा है। पुरुष उम्मीदवारों के साथ ही अबकी बार महिला उम्मीदवारों ने खुद अपने चुनावी प्रचार-प्रसार की कमान संभाल रखी हैं और वे खुद वोटरों से मिलकर अपनी प्राथमिकता व अपने वादों को मजबूती से रखती नजर आ रही है, जो महिलाओं के स्थानीय राजनीति में सक्रियता को दशार्ता है।

# प्रतिद्वंदी नहीं एक-दूसरे की पूरक हैं भाषाएं : डॉ.महेंद्र

**सकलडीहा।** भाषा की दृष्टि से भारत दुनिया का सर्वाधिक संपन्न देश है। यहां पर सौ से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। प्रत्येक भाषा एक दूसरे की पूरक होती है, प्रतिद्वंदी नहीं। उक्त उद्गार भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सकलडीहा पीजी कॉलेज में आयोजित गूगल मीट संगोष्ठी में टीडी कॉलेज, जौनपुर के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने व्यक्त किए। इस गूगल मीट में महाविद्यालय के प्रोफेसर और प्राचार्य द्वारा विचार प्रकट किया गया।

हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.महेंद्र कुमार त्रिपाठी कहा कि उत्तर-दक्षिण के सेतु नाम से विख्यात सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिवस 11 दिसंबर को भारत सरकार ने भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। सुब्रमण्यम भारती ने तमिल और हिंदी भाषा के संगम द्वारा देश में एकता का स्तुत्य प्रयास किया था। उन्होंने राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत होकर ज्वलंत गीत लिखे, जिसने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. त्रिपाठी ने यह भी कहा कि 11 दिसंबर को भारतीय भाषा दिवस घोषित घोषित कर सरकार ने सुब्रमण्यम भारती के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। भारतीय भाषा उत्सव के माध्यम से हम भाषाओं के सह अस्तित्व के बारे में जान सकेंगे। भाषा के ज्ञान के माध्यम से हम समाज के व्यापक एवं नागरिकों के लिए सांस्कृतिक जागरूकता एवं आपसी मेलजोल का भाव विकसित कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि निश्चित रूप से यह विवि अनुदान आयोग का एक सराहनीय कार्य है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में मातृ भाषाओं के संवर्धन एवं विकास के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं, जो यह दिखाता है कि सरकार भाषाओं के संरक्षण के प्रति कितना गंभीर है। प्रो. दया शंकर सिंह यादव ने कहा कि भाषा उत्सव मनाने का उद्देश्य भाषाओं के परस्पर व्यवहार द्वारा समाज व नागरिकों के बीच सांस्कृतिक जागरूकता एवं आपसी मेलजोल का भाव विकसित करना है। मुझे आशा है इस कार्य में इस उत्सव के माध्यम से स्तुत्य प्रयास होगा। मेरा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा के अलावा कम से कम एक अन्य भारतीय भाषा की जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। इससे हमारा लगाव अन्य भाषा-भाषी क्षेत्रों की तरफ बढ़ेगा। कार्यक्रम में स्वागत समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष डा दयाशंकर सिंह यादव व आभार प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार सिंह ने किया।

## तेज रफ्तार बाइक से गिरकर युवक की मौत

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र विशुनपुरा गांव के समीप शनिवार की देर रात बबुरी मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो कर सड़क पर पलट गयी। इस दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। मौके पर जुटे आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर 108 की सहायता जिला अस्पताल पोस्टमार्टम हाउस भेज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई। बताते हैं कि बबुरी थाना क्षेत्र के केवटी गांव निवासी कन्हैया दुबे 21 वर्ष विशुनपुरा गांव की तरफ से अपने घर केवटी जा रहे थे। जैसे ही वो विशुनपुरा चौराहे पर प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचा अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गयी। इससे वह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। हादसे से उसके सिर व हाथ पैर में गंभीर चोट होने से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटनास्थल पर जुटे आस पास ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में कर 108 की सहायता से पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इस बाबत थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होने से युवक सड़क पर गिर गया था गंभीर चोट होने से उसकी मौत हो गई शव के कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पांच वर्ष में दूर नहीं हो पायी जलजमाव की समस्या

**नाकामी**

### समाधान के लिए लगातार फरियाद व शिकायत कर रहे हैं गौतम नगर के लोग


गौतम नगर वार्ड में जलजमाव के बीच से होकर गुजरते लोग।

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है और जनहित से जुड़े मुद्दों की बड़ी-बड़ी बातें और बड़े-बड़े वादे किए जा रहे हैं। लेकिन इसी बीच रविवार को वार्ड नंबर-12, गौतम नगर अंतर्गत फुटिया छौरा स्थित मोती यादव के घर के पास गली की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो पांच साल पहले स्थानीय जनता से किए गए वादे को दरकिनार करने का प्रत्यक्ष प्रमाण है। फिलहाल पिछले पांच वर्षों से स्थानीय इलाके के लोग जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि चार इंजन वाली सरकार जनता के इस छोटे से मसले का समाधान ढूंढ नहीं पायी। अब नए निकाय के गठन के बाद समस्या के समाधान की उम्मीदें स्थानीय लोगों में जगी है।

अमूमन राजनीतिक परिदृश्य में मंच व माइक के जरिए डबल इंजन की सरकार का जिक्र आए दिन होता है। लेकिन वार्ड नंबर-12 गौतम नगर के लोगों के लिए यह सरकार डबल, त्रिपल नहीं बल्कि चार इंजन की रही। मसलन पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा नगर के मुखिया चेयरमैन रवींद्रनाथ के साथ वार्ड सभासद महेश गुप्ता सभी भाजपा से जुड़े हैं। ऐसे में वार्ड के विकास में किसी तरह के बाधा व अवरोध नहीं होना चाहिए।

बावजूद इसके वार्ड की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने में सरकार नाकाम रही। स्थिति यह है कि मोती यादव के घर के पास निकासी के अभाव में पिछले पांच वर्षों से सड़क पर पानी जमा हुआ है। जिससे उठते दुर्गंध व मच्छरों के आतंक से आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। कई बार फरियाद व शिकायत के बाद भी समस्या नहीं हुआ। सबसे अधिक दिक्कत वार्डवासी बारिश के मौसम में झेलते हैं जिससे उनके अंदर जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। उनका आरोप है कि उदासीन नेता, जनता के हितों का ध्यान नहीं रख सकती। इसी बीच रविवार को वार्ड में चल रहे चुनाव प्रचार में जब कुछ लोग उस इलाके में पहुंचे तो उन्होंने जलजमाव के बीच रखी गई ईंटों पर पूरी सावधानी के साथ गुजरना पड़ा। जिससे उन्हें स्थानीय लोगों की दिक्कतों का ऐहसास हुआ।

# भाषण व निबंध के जरिए छात्राओं को किया जागरूक



**कंदवा।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रविवार को भारतीय भाषा दिवस पर अध्ययनरत बालिकाओं के मध्य विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण, निबंध, काव्य, शिक्षा, नारी हिंसा, बाल विवाह, विधवा विवाह, भ्रूण हत्या पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही उसपर अंकुश लगाने के लिए लोगों में जागरूकता लाने की अपील की गयी। बालिकाओं को आत्मनिर्भर, स्वाद लंबी बन विषम परिस्थितियों में सलाह दी गयी।

वार्डेन इन्दु कुमारी ने कहा कि हर नारी को समाज में उचित स्थान मिलना चाहिए। और उसके साथ उनका समान भी जरूरी है। तभी ये समाज का उत्थान होगा। कहा बालिकाओं को उच्च शिक्षा, भाषण, निबंध, काव्य पाठ आदि सुविधाओं पर ध्यान होना चाहिए। सरकार द्वारा बनाए गये उम्र की मानक के अनुसार ही शादी करना चाहिए। तभी इनका शारीरिक एवं मानसिक विकास संभव है। समाज को आगे ले जाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नारियों का समाज में तिरस्कार, उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। इससे समाज की प्रगति बाधित होती है।

जहां नारी खुश है वहां देश समाज खुशहाली की ओर है। निबंध के जरिए दी जाने वाली विषयवार शिक्षा दूर नहीं है। साथ उन्हें समाज में कोढ बनी कुरीतियों दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या आदि का विरोध करना होगा जो समाज में अभिशाप बना है। शिक्षा एवं जागरूकता से ही इसका उत्थान होगा। इस मौके पर वार्डेन इन्दु कुमारी, रीता पाल, सुलमान, संजना कुमारी, बबली, नेहा आदि उपस्थित रहीं।

## डीएम से मिलेगा बुद्ध विहार बचाओ मोर्चा का दल

**चंदौली।** रामनगर (मिल्कीपुर) बुद्ध विहार बचाओ मोर्चा का एक दल 13 दिसंबर को जिलाधिकारी से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भूमि अधिग्रहण अधिसूचना वापस लेने की मांग की। कहा कि मिल्कीपुर में बनाए जा रहे बंदरगाह के तथागत विहार चेरिटेबुल ट्रस्ट द्वारा संचालित बुद्ध विहार का अधिग्रहण किया जा रहा है जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। इसे लेकर एक प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिलकर अपनी मांगों को मजबूती के साथ रखेगा।

## जनपद में धूमधाम से मनी कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती

**चंदौली।** महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज चंदौली के प्रांगण में महान कवि सुब्रमण्यम भारती का अवतरण दिवस मनाया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मनायी गई। सुब्रमण्यम भारती भारत के महान कवियों में से थे, जिन्होंने तमिल भाषा में काव्य रचनाएं कीं। इन्हें महाकवि ञभरतियारञ के नाम से भी जाना जाता है। वह महान् कवि, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु समान थे। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह, उमाकांत सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, नीरज सिंह, उपस्थित रहे। अध्यक्षता ओमप्रकाश पाण्डेय व संचालन प्रेम नारायण सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा भारतीय भाषा उत्सव मनाए जाने हेतु निर्गत शासनादेश के क्रम में रविवार को तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिवस पर सभी परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया और छात्रों के बीच निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# पेयजल के लिए मढ़िया के ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**पड़ाव।** क्षेत्र के मढिया गांव में लगभग एक सप्ताह से पीने का पानी नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को पड़ाव-बहादुरपुर मार्ग को एक घंटे जाम रखा। इस दौरान जल निगम विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया।

ग्रामीणों का कहना है की पानी की सप्लाई वाली पाइप टूट जाने के कारण पानी लोगों के घर तक नहीं पहुंच पा रहा है जिसकी शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत किया गया। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में ग्रामीण लगभग एक हफ्ते से गंदे पानी पीने को विवश हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कई बार अवगत कराया गया। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे जलीलपुर चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित उच्च अधिकारियों से वार्ता कर चक्का जाम समाप्त कराया।

# जिले में 900 से अधिक राशन कार्ड निरस्त

**चंदौली।** जिले में चालू वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से अब तक 900 से अधिक राशन कार्ड निरस्त किए जा चुके है। वही विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अभी ऑनलाइन आवेदन राशन कार्ड के लिए बंद है, लेकिन जल्द ही शुरू होंगे जिनके राशन कार्ड ऑनलाइन आवेदन कर बनवा सकते हैं। जिले में वर्तमान में 328610 राशन कार्डधारक हैं। इनमें अंत्योदय कार्ड धारकों की संख्या 50948 है, जबकि पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों की संख्या 277662 है। समय-समय पर इन सभी कार्ड धारकों की समीक्षा भी जिला पूर्ति विभाग करता रहता है। मार्च के बाद से अब तक कई राशन कार्डधारकों ने शिकायत किया है कि उनका कार्ड निरस्त कर दिया गया है। इसके चलते लोगों को जिला पूर्ति कार्यालय का चक्कर लगाने को विवश होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि एक बार कार्ड निरस्त होने के बाद फिर से कार्ड बनवाने में काफी समय लग जाता है। उधर, जो राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं, उनमें से अधिकतर तीन कारणों से निरस्त हुए हैं। जिन लोगों ने पांच महीने से लगातार राशन का उठान नहीं किया है, उनका कार्ड निरस्त कर दिया जा रहा है। कुछ लोग अपना राशन कार्ड सरेंडर भी कर देते हैं। इसके अतिरिक्त विभागीय जांच में यदि कोई अपात्र पाया जाता है तो उसका राशन कार्ड भी निरस्त कर दिया जाता है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सरेंडर को छोड़कर अन्य मामलों में कार्डधारकों को सूचित करके ही कार्ड निरस्त किया जाता है। यदि कार्ड धारक अपनी पात्रता साबित कर देता है तो कार्ड निरस्त नहीं होता है। जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने के बाद किसी का कार्ड निरस्त किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से राशन कार्ड बनाए जाते हैं अभी शासन की ओर से राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुए जल्द शुरू होने वाली है जिनके पास राशन कार्ड है वह बना सकते हैं।

## बिरना में मोतियाबिंद आपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण कैंप आज

**धानापुर।** सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह के नेतृत्व में बिरना में ठाकुरबाड़ी मंदिर पर निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण कैंप का आयोजन किया गया है। आनंद नेत्रालय मुगलसराय के कुशल नेत्र परीक्षकों द्वारा कैंप में आंख की जांच, नाखूना, मोतियाबिंद, शुगर की जांच किया जाएगा। कैम्प में चिन्हित किए गए इच्छुक मरीजों का ऑपरेशन आनंद नेत्रालय मुगलसराय में किया जाएगा। अंजनी सिंह ने क्षेत्र की जनता से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर नेत्र चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएं। मरीज अपना आधार कार्ड की फोटोकापी, मोबाइल नं. साथ अवश्य लाएं तथा जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड हो वो अपना आयुष्मान कार्ड एवं मोबाइल भी साथ लाएं कैंप में आपरेशन कराने के इच्छुक मरीजों को उसी दिन गाड़ी द्वारा आनंद नेत्रालय भेज दिया जाएगा एवं अगले दिन सुबह आपरेशन के बाद मरीजों को वापस कैंप स्थल पर पहुंचा दिया जाएगा।

# बेटियों की सुरक्षा व शिक्षा को लेकर सरकार गंभीर


कार्यक्रम में प्रस्तुति करती नईबाजार स्थित स्टैनफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल की छात्राएं।

**सकलडीहा।** नईबाजार स्थित स्टैनफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक और कला कौशल से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। डा. संत त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान उपस्थित अतिथि और छात्रों को स्मृति चिन्ह और माला फूल से निदेशक अमित गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश की सरकार शिक्षा के साथ बेटियों की सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ आत्म सुरक्षा को लेकर लगातार प्रेरित कर रही है। विद्यालय की ओर से बेटियों को आत्म सुरक्षा का गुण सिखाना बेहद ही प्रशंसनीय है। वही विशिष्ठ अतिथि डा. संत त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी ने कहा कि बेटिया समाज और परिवार की मान और स्वाभिमान है। इनका आदर और सम्मान मां बाप के साथ देश के सभी नागरिकों का कर्तब्य है।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्राओं और छात्रों द्वारा देश भक्ति, महिला सुरक्षा सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके पूर्व प्रतापगढ़ के सांसद प्रतिनिधि संतोष गुप्ता, रविन्द्र प्रताप सिंह,पोप सिंह, रामअधार गुप्ता, डा.तसलीम, महेन्द्र राजभर, तुफानी सिंह आदि अतिथि व छात्रों को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। अंत में शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा किया। इस मौके पर प्रिंसिपल बी गुंजन,अमित गुप्ता,बृजेश गुप्ता, मुकेश जायसवाल, संजय त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सरकार की स्मार्टफोन योजना से शिक्षा का विस्तार



**सकलडीहा।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण किया जा रहा है। रविवार को खड़ेहरा स्थित हिन्द महिला विद्यापीठ महाविद्यालय में छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। इस दौरान सरकार की इस योजना पर विस्तार से चर्चा किया गया। बतौर मुख्य अतिथि दीनबंधु राजभर प्रधान खड़ेहरा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत स्मार्टफोन और टेबलेट का वितरण शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान है। स्मार्ट फोन से छात्रों को घर बैठे विभिन्न प्रकार की कोर्स और योजनाओं के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त होती है। इसके पूर्व विद्यालय के डायरेक्टर डा. विद्या प्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा के बगैर जीवन की हर सपना अधूरा है। स्मार्ट फोन से बेहतर शिक्षा प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। अंत में योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस मौके पर रामनिवास उपाध्याय, डा. सुमन, रमेश सिंह, गीता देवी, छाया पांडेय, काजोल पांडेय, विद्यावती, मुन्नी, संगम, बेबी यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### फर्नीचर की दुकान से आठ चौकी चोरी

**चंदौली।** ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। शनिवार की रात रात चोरों ने चंदौली मझवार स्टेशन के समीप फर्नीचर के दुकान पर बेचने के लिए रखे पांच चौकी पर हाथ फेर फरार हो गए। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने के लिए आया तो दुकान पर चौकी नदारद देख सन्न रह गया। उसने तत्काल सदर कोतवाली पहुंच कर चोरी की घटना की तहरीर दी। बताते हैं कि नगर के किदवई नगर निवासी कमालुद्दीन चंदौली मझवार स्टेशन के सामने फर्नीचर की दुकान है। प्रतिदिन की भांति शनिवार की शाम दुकान बंद कर अपने घर चले गए। अभी देर रात चोरों ने मौका देखकर दुकान के बाहर राखे पांच चौकी चुरा कर फरार हो गए। वही चोरों ने इलिया मोड़ के समीप भी फर्नीचर के दुकान से तीन चौकी लेकर फरार हो गए। भुक्तभोगी ने चोरी की लिखित तहरीर सदर कोतवाली में दी है।

### हरिओम अस्पताल के चिकित्सा कैम्प में लाभान्वित 196 मरीज



**चंदौली।** हरिओम हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में रविवार को एमडी वैभव सिंह की देख रेख में कठौरी गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने 196 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही मरीजों को मुफ्त दवा एवं परामर्श देने का भी कार्य किया। वहीं आयुष्मान कार्ड धारक जिनका सूची में नाम था उनका गोल्डन कार्ड बनाया गया। इस बाबत हॉस्पिटल के संचालक डा. विवेक कुमार सिंह ने बताया कि डॉक्टरों की टीम द्वारा शिविर में आए हुए कुल 196 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें स्वस्थ रहने के लिए उचित चिकित्सकीय परामर्श व जरूरी दवाएं दी गई। महिला मरीजों को डा.ममता राय द्वारा परामर्श दिया गया। बताया कि खान-पान, रहन-सहन और साफ-सफाई के बारे में सावधानी बरतें। ठंड में गर्भवती महिलाएं अपना विशेष ध्यान रखें। वहीं नवजात को ठंड से बचाने की भी सलाह दी। इसके बाद उन्होंने महिलाओं में सेनेटरी पैड बांटा। इस दौरान राजेश तिवारी, करन यादव, विकास चौहान, अमरेन्द्र, संदीप शर्मा रितेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, शालिनी कुमारी, सपना बानो,दयानंद राजभर, छाया कुमारी, सरिता कुमारी, राजेश तथा राम अजोर चौहान सम्मिलित रितेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### बलुआ थाने में किशोरियों को दी मानव अधिकारों की जानकारी




**टाण्डाकला।** अमर ज्योति सेवा केंद्र द्वारा बलुआ थाना प्रांगण में किशोरी अभिभावक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह, शशि सिंह महिला दरोगा, संस्था के निदेशक ज्ञान प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रामीण अंचल से 80 किशोरियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। किशोरियों के सशक्तिकरण और उनके मानव अधिकारों के प्रति, मिशन शक्ति अभियान, बाल विवाह, दहेज, भ्रूण हत्या, लिंग भेदभाव, हेल्पलाइन नंबर 1090 तथा एफआईआर से संबंधित कानून की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने कहा कि महिलाओं को अपने हक व अत्याचार से लड़ने के लिए खुद ही आगे आना होगा। चुप रहने से अत्याचार या फिर अपराधियों का हौसला बुलंद होता है। उन्हें समाज मे पनपने न दे। संस्था के निदेशक ज्ञान प्रकाश ने कहा कि ये संस्था महिलाओं व युवतियों को जागृत करती है। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर सुजीत कुमार, सुपरवाइजर संध्या, आकाश मौर्य, कालिंदी, कविता व अन्य उपस्थित रहे।

### परिषदीय विद्यालयों को उच्चीकृत कर बनाया जाएगा मॉडल

**चंदौली।** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों को उच्चीकृत कर मॉडल बनाया जाएगा। शासन ने बीएसए से सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों का स्थलीय सत्यापन और आवश्यकताओं का आकलन कर कार्य योजना तैयार कर उपलब्ध करा दिया है। इसी के आधार पर जनपद में 4 उच्चीकृत मॉडल विद्यालय बनाए जाएंगे। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है और इसकी रिपोर्ट भी शासन को भेजी गई,ताकि इन विद्यालयों को सर्वश्रेष्ठ व उच्चीकृत किया जा सके। बेसिक शिक्षा की इस योजना में कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों को उच्चीकृत करने के लिए चयन करने की मंशा है। इन विद्यालयों में कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय व स्टाफ रूम आदि की स्थापना कर आधुनिक शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग के महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद की तरफ से बीएसए को भेजे गए पत्र में सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों का चयन कर ऑपरेशन कायाकल्प के तहत गैप एनालिसिस करते हुए आवश्यकताओं का आकलन कराने के निर्देश दिए थे, ताकि अगर वहां पर शौचालय, टायल्स, रंगाई पुताई, चहारदीवारी आदि में कुछ कमी है तो उसको पूरा कराया जा सके। इसके तहत जनपद के 4 विद्यालयों को चयनित किया गया।जिसमें धानापुर विकासखंड से सिसौड़ा कला, नियमताबाद विकासखंड से दुल्हीपुर, चकिया विकासखंड से भभौरा और सकलडीहा विकासखंड से रैयपुरा शामिल है। यह सभी विद्यालय उच्चीकृत करने के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाए जाएंगे।

### मयूरी को बीएचयू के दीक्षांत समारोह में मिला 6 स्वर्ण पदक



**चंदौली।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय में शनिवार देर रात्रि तक चले 102वें दीक्षांत समारोह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की बेटी मयूरी कुमारी ने बीएससी व एमएससी (स्टैटिस्टिक्स) में प्रथम स्थान आने पर 6 गोल्ड मेडल व 2 नकद पुरस्कार प्राप्त कर नगर सहित अपने परिवार का मान बढ़ाया है। मयूरी कुमारी प्रारंभिक शिक्षा डीडीयू नगर से पूरी की। वहीं स्नातक व स्नातकोत्तर की शिक्षा काशी हिंदू विश्वविद्यालय से प्राप्त की। बीएचयू में आयोजित 102वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में शामिल मयूरी ने बीएससी में प्रथम स्थान आने पर कुल चार गोल्ड मेडल जिसमें बीएचयू गोल्ड मेडल, मनोरमा मेडल, डायमंड जुबली गोल्ड मेडल, शांति उपाध्याय स्मृति गोल्ड मेडल के साथ 1000 रुपये का गोल्डन जुबिली मेरी कैश अवार्ड व 500 रुपये का श्रध्दा कुमारी श्रीवास्तव मेमोरियल कैश अवार्ड प्राप्त किया। एमएससी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रोफेसर एन बालाकृष्णन गोल्ड मेडल व बीएचयू मेडल से सम्मानित किया गया। मेडल पाने से मयूरी के साथ साथ परिजनों व उसके मित्रों में हर्ष व्याप्त हो गया। मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के ओबरा की निवासी सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता की होनहार पुत्री मयूरी ने काफी विषम परिस्थितियों में अपने मामा के घर रहकर शिक्षा ग्रहण की है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सम्मान की लड़ेंगे लड़ाई : राजेश



**सैयदराजा।** नगर में रविवार को कांग्रेस की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र राजेश पति त्रिपाठी थे। उन्होंने लोगों को कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सुख-दुख में हमेशा साथ रहेंगे। उनकी लड़ाई लड़ने के लिए जो भी कदम उठाना पड़ेगा उसकी पहल होगी। कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान हम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बैठक में रजनीकांत पाण्डेय, रामानंद यादव, मुनीर खान, तौफीक खान, धनंजय सिंह, बैजनाथ सिंह, मधु राय, टुनटुन राय, संजय तिवारी, श्रीराम यादव, शक्ति सिंह, राघवेंद्र मौर्य, सैयद अंसारी, जुगल किशोर, अख्तर अंसारी, भूपेंद्र सिंह, अध्यक्षता आनंद पांडेय व संचालन दुर्गादत्त त्रिपाठी ने किया।

# स्पोर्ट्स

## क्रिकेटर मयंक बने पिता, बेटे का नाम रखा अयांश



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे बैटर मयंक अग्रवाल पिता बन गए हैं। उन्होंने फैंस को यह जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया के सामने बेटे के नाम का खुलासा किया। मयंक ने तस्वीर ट्विटर पर शेयर की जिसमें पत्नी और वहां अपने बेटे को हाथ में थामे नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा हम दिल कृतज्ञता से भरा हुआ है और हम आयांश को आपने सामने ला रहे हैं। प्रकाश की पहली किरण हमारा हिस्सा और ईश्वर का उपहार। मयंक के बेटे का जन्म 8 दिसंबर को हुआ और उन्होंने अब बेटे की पहली तस्वीर शेयर की है। मयंक ने अपनी बचपन की दोस्त आशिता सूद से जून 2018 में शादी की थी जो पेशे से वकील हैं। स्कूल के दिनों से दोनों दोस्त थे और धीरे-धीरे यह दोस्ती प्यार में बदल गई। आशिता के पिता प्रवीण सूद फिलहाल कर्नाटक के डीजीपी है।

# बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में भारत का रिकॉर्ड बेहतर, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए जीत जरूरी

## सीरीज का पहला टेस्ट मैच 14 दिसंबर से चटगांव में जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में होगा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम वनडे सीरीज हार के बाद मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ अगामी 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारियों में जुटी है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 14 दिसंबर से चटगांव में जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में होगा। रिकॉर्ड की बात करें तब भारतीय टीम टेस्ट क्रिकेट में अभी तक कोई भी मैच बांग्लादेश खिलाफ नहीं हारा है। हालांकि भारत के लिए, बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 की जीत बेहद जरूरी है। टीम इंडिया मेजबान टीम का टेस्ट सीरीज में सफाया कर अगले साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रख सकती है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जून 2023 में खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप समीकरण की बात करें तब भारतीय टीम मेजबान के खिलाफ एक भी टेस्ट में रिजल्ट ड्रॉ नहीं चाहेगी। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 टेस्ट मैच खेले गए हैं जिसमें से भारत ने 9 जीते हैं। दो टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। बांग्लादेश के खाते में एक भी जीत नसीब नहीं हुई है। दोनों टीमें साल 2000 से एक-दूसरे के खिलाफ टेस्ट मैच खेल रही हैं। बांग्लादेश की टीम भारत के खिलाफ अभी भी पहली जीत की तलाश कर रही है। हालांकि इस दौरान उसने कुछ टेस्ट ड्रॉ कराने में सफलता जरूर हासिल की है। बांग्लादेश के लिए अच्छी बात यह है कि वह इस समय अपने घर में खेल रही है। जहां उसने पहले दो टेस्ट मैच ड्रॉ कराए हैं। हाल में वनडे सीरीज में बांग्लादेश ने भारत को 2-1 से हराया था। वनडे सीरीज जीतने के बाद बांग्लादेश के हौसले बुलंद हैं। इसके बाद उसकी कोशिश भारत के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 की राह में रोड़ा बनने की होगी।

## हाय-तौबा के बावजूद...कोहली के खराब फॉर्म से बेफिक्र था परिवार : बड़े भाई विकास बोले- घर में कभी क्रिकेट पर बात नहीं होती थी



टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को 1214 दिन बाद वनडे शतक (113) जमाया। यह उनका 72वां इंटरनेशनल शतक है। कोहली ने 44 वनडे, 27 टेस्ट और एक टी-20 शतक जमाए हैं। 34 साल के पूर्व भारतीय कप्तान को यह कामयाबी करीब 3 साल की घोर निराशा के बाद मिली है, लेकिन क्या आपको पता है कि जहां क्रिकेट जगत में कोहली की खराब फॉर्म पर हाय-तौबा मची हुई थी, वहीं दूसरी ओर उनका परिवार उनकी फॉर्म से बेफिक्र था। यहां तक कि उनके घर में कभी भी क्रिकेट पर बात नहीं होती थी। यह बात विराट कोहली के बड़े भाई विकास कोहली ने कही। विकास ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ आए शतक के बाद विराट के उस दौर को साझा किया, जब विराट आउट ऑफ फॉर्म थे। कोहली की पारी पर विकास ने कहा- 'प्रोफेशनल क्रिकेटर है वो...प्रोफेशनल स्पोर्ट्स पर्सन। जिसमें ये सब चलता रहता है, क्रिटिसिज्म वगैरह...उसका फोकस गेम पर है। ऐज अ फैमिली हम एक नॉर्मल एटमॉस्फियर बनाकर रखते हैं और जो चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं हैं, हम उस पर डिस्कशन नहीं करते हैं ताकि उसका फोकस अपने गेम और प्रायोरिटीज पर रहे।'

## पुर्तगाल की शर्मनाक हार पर टीम मैनेजर पर भड़की रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जिना



**दोहा।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 से पुर्तगाल की हैरान करने वाली विदाई हो गई है क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मोरक्को ने पुर्तगाल को हराकर वर्ल्ड कप जीतने का सपना तोड़ दिया। स्टार प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का यह आखिरी वर्ल्ड कप था उनका यह खिताब जीतने का ख्वाब अधूरा रह गया। हैरानी की बात ये रही कि आखिरी दो मैच में रोनाल्डो स्टार्टिंग-11 का हिस्सा नहीं थे। वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद जब हर कोई गम और गुस्से में है तब रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जिना रोड्रिगेज ने अपना रोष जाहिर किया है। जॉर्जिना का गुस्सा पुर्तगाल टीम के मैनेजर पर निकलकर उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई। जॉर्जिना ने कहा कि आज आपके कोच और दोस्त ने गलत फैसला किया वहां दोस्त जिसपर आपने खूब भरोसा किया और सम्मान किया। आपके आने के बाद मैच किस तरह बदला था लेकिन तवतक काफी देर हो चुकी थी। जॉर्जिना ने लिखा कि दुनिया का सबसे बेहतरीन प्लेयर सबसे खतरनाक हथियार को इस तरह हल्के में नहीं लिया जाता है। आप उसके साथ खड़े नहीं हो सकते हैं जो आपको डिजर्व नहीं करता है। आज हम हारे नहीं हैं बल्कि सीखे हैं।

# 20 वर्ष के यश ढुल होंगे दिल्ली के रणजी कप्तान भारतीय अंडर-19 टीम को जिता चुके विश्व कप

## ईशांत शर्मा और आईपीएल स्टार नीतिश राणा भी टीम में शामिल



**नई दिल्ली।** भारत को अंडर-19 का विश्व खिताब दिलाने वाले 20 वर्षीय यश ढुल दिल्ली के नए रणजी कप्तान होंगे। वहीं, 100 टेस्ट खेल चुके वरिष्ठ खिलाड़ी ईशांत शर्मा और आईपीएल स्टार नीतिश राणा भी टीम में शामिल हैं। पिछले वर्ष रणजी में पदार्पण करने वाले यश दिल्ली के कप्तान बनने वाले सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। यश ने आठ मैचों में 74.54 के औसत से 820 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल हैं।

टीम इस प्रकार है : यश ढुल (कप्तान), हिम्मत सिंह (उपकप्तान), ध्रुव शोरी, अनुज रावत (विकेटकीपर), वैभव रावल, ललित यादव, नीतिश राणा, आयुष बदोनी, ऋतिक शोकीन, शिवांक वशिष्ठ, विकास मिश्रा, जॉन्टी सिद्धू, ईशांत शर्मा, मयंक यादव, हर्षित राणा, सिमरजीत सिंह, लक्ष्य थरेजा (विकेटकीपर), प्रांशु विजयरन।

अंडर-19 विश्व कप के बाद से यश ढुल का फॉर्म शानदार रहा है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वह टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। उन्होंने आठ मैचों में 72.60 की औसत और 131.52 के स्ट्राइक रेट से 363 रन बनाए थे। वहीं, विजय हजारे ट्रॉफी में सात मैचों में 38.20 की औसत से 191 रन बनाए थे। इसमें एक अर्धशतक शामिल है।

## बॉलीवुड न्यूज

### जीक्यू ने अल्लू अर्जुन के लिए होम टाउन में होस्ट किया इवेंट



**मुंबई।** मेगास्टार अल्लू अर्जुन भारत के उन गिने चुने स्टार्स में से एक हैं, जिनके लिए कोई कुछ भी करने के लिए तैयार है। हाल में इंटरनेशनल पॉप कल्चर की तर्ज पर जीक्यू मैगजनी ने भी अल्लू के लिए इसी तरह की एक शाम होस्ट की उनके अपने शहर हैदराबाद में। पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन को हाल ही में जीक्यू द्वारा 'लीडिंग मैन' का टैग दिया था और जिसने इस प्रेस्टीजियस मैगजीन के कवर पेज पर काफी प्रभाव डाला। दिलचस्प बात यह है कि जहां 'मेन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड्स को हर साल मुंबई में एक ग्रैंड सेरेमनी के दौरान होस्ट किया जाता था, वहीं, अब पहली बार मैगजीन सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को इस अवॉर्ड से नवाजने के लिए खास हैदराबाद पहुँची है, जोकि उनके स्टारडम और लोकप्रियता के बारे में बहुत कुछ बताता है। जीक्यू ने अल्लू अर्जुन को व्यक्तिगत रूप से 'लीडिंग मैन' अवॉर्ड देने के लिए शानदार ताज फलकनुमा पैलेस में अपनी तरह की एक उल्लेखनीय शाम की मेजबानी की। जीक्यू का ये खास जेस्चर अल्लू अर्जुन के दिल को छू गया है, क्योंकि उनके होम सिटी आकर उनकी फैमिली और फ्रेंड्स के सामने खास उन्हें ये अवॉर्ड पेश करना वकाई एक बड़ी बात है। ऐसे में शाही माहौल और सुहावने मौसम ने पूरे समारोह का आकर्षण और बढ़ा दिया। बता दें कि सिनेमा के सबसे मशहूर अभिनेता अल्लू अर्जुन ने इस साल कई कारणों से सुर्खियां बटोरी हैं। सबसे पहले पुष्पा: द राइज की जबरदस्त सफलता इसकी वजह बनी जिसने बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड्स तोड़े और डिजिटल की दुनिया में तूफान ला दिया। फिल्म में अर्जुन के किरदार का इतना क्रेज था कि एक एंड एंड वी, फायर क्रैकर्स लेकर धार्मिक मूर्तियों तक सब पुष्पा के रंग में रंगी नजर आई। फिल्म के डायलॉग्स और गानों ने हर तरफ खूब धमाल मचाया और सोशल मीडिया पर लाखों रीलों को प्रेरित किया, जिसमें कई मशहूर हस्तियां और स्पोर्ट्स पर्सन भी शामिल नजर आए। पैन इंडिया फिल्मों की एक नई लहर शुरू करने के लिए "इंडियन ऑफ द ईयर" जीतने के साथ ही हर अवॉर्ड सेरेमनी में छा जाने के बाद, अल्लू अर्जुन ने न्यूयॉर्क में 75वें स्वतंत्रता दिवस में वार्षिक भारतीय दिवस परेड में ग्रैंड मार्शल के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। ऐसे में यह जरा भी हैरानी की बात नहीं है कि क्यों अल्लू अर्जुन हर किसी की विश लिस्ट में हैं और अब वह स्टारडम की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि वह जल्द ही पुष्पा 2 में अपनी आइकॉनिक भूमिका में फिर से नजर आने वाले हैं।

# अनुष्का-विराट की शादी को 5 साल पूरे : कपल ने दिलचस्प अंदाज में एक-दूसरे को किया विश, फोटो देख फैंस ने लुटाया प्यार



**मुंबई।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी को पांच साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर कपल ने बेहद अनोखे अंदाज से एक-दूसरे को विश एनिवर्सरी विश की है। जहां विराट ने अपनी लाइफ पार्टनर के साथ रोमांटिक फोटो साझा की, तो वहीं अनुष्का मीम्स और फोटोज के साथ विराट को यूनिक अंदाज में विश किया है। कपल की एनिवर्सरी की फोटोज बेहद सुर्खियों में हैं।

अनुष्का शर्मा ने शेयर की खास तस्वीरें अनुष्का ने एक साथ कुल 7 तस्वीरें पोस्ट की, हर फोटो के साथ उन्होंने एक-एक कैप्शन भी मेंशन किया। अनुष्का ने इस खास पोस्ट में लिखा- हमारे प्यार को सेलिब्रेट करने और प्यारी तस्वीरों को पोस्ट करने का इससे बेहतर दिन भला क्या हो सकता है? माय लव फोटो 1- मुझे पता है कि आपने हमेशा मेरे पीछे खड़े हो। फोटो हमेशा हमारे दिलों में एक-दूसरे के लिए प्यार रहना, हम दोनों एक दूसरे के लिए लकी हैं। आप मेरे लंबे और दर्दनाक लेबर पेन के एक दिन बाद हॉस्पिटल में आराम करते हुए। तस्वीर हम चीजों में अच्छा स्वाद रखते हुए। तस्वीर 5- कोई रैंडम साथी की फोटो। तस्वीर आप अपने अतरंगी एक्सप्रेशन्स से मेरी ज्यादातर फोटोज को अन पोस्टेबल बनाते हुए। हमारी शादी की साल गिरह मुबारक हो। मेरे प्यार- आज, कल और हमेशा। अनुष्का के इस पोस्ट पर विराट ने रिएक्ट करते हुए लिखा- निश्चित ही आपके पास मेरी सबसे बेहतरीन तस्वीरें हैं। अनुष्का द्वारा शेयर की गई इन फोटोज पर फैंस जमकर रिएक्टर कर रहे हैं। सभी कपल को उनकी शादी की 5वीं एनिवर्सरी पर उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।

विराट ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी और अनुष्का की बेहद रोमांटिक तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे हुए नजर आ रहे हैं। विराट ने पोस्ट में लिखा- हाअनंत काल की यात्रा के 5 साल। मैं तुम्हे पाकर बहुत लकी महसूस करता हूं, तुम्हें पूरे दिल से प्यार करता हूं।

अनुष्का और विराट ने 11 दिसंबर 2017 को शादी के बंधन में बंधे थे। अनुष्का ने 11 जनवरी 2021 के दिन एक बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम वामिका है।

अनुष्का जहां चकदा एक्सप्रेस से फिल्मों में वापसी करने जा रही हैं, वहीं विराट क्रिकेट की दुनिया में बड़ा नाम हैं। दोनों सालों से एक-दूसरे की सक्सेस को एंजॉय करते आ रहे हैं।

## संक्षेप

### पिकअप का टायर फटा, आधा दर्जन दूधिया घायल




**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के गंजख्वाजा गांव के समीप नेशनल हाईवे पर रविवार को पिकअप का टायर फटने से पीछे बैठे आधा दर्जन दूध के व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दिए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। दूध व्यापारी पिअकप से बाल्टे में दूध लेकर वाराणसी बेचने के लिए जा रहे थे। जैसे ही पिकअप गंजख्वाजा नेशनल हाइवे के समीप पहुंची तभी अचानक पिकअप का टायर फट गया, जिससे पिकअप नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में परासी खुर्द गांव निवासी धर्मराज 60 वर्ष, परासी खुर्द निवासी रमेश कुमार 40 वर्ष मझवार निवासी बलवंत 36 वर्ष, मसौनी गांव निवासी अनिल यादव 35 वर्ष, जमोखर गांव निवासी बासुदेव 56 वर्ष, परासी खुर्द जयप्रकाश 50 वर्ष को गंभीर चोट आई है। वहीं अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घटनास्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दिए घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### गंदे नाले में गिरा नशे में धुत्त युवक

**कमालपुर।** कस्बा स्थित काशी गोमती संयुक्त बैंक के पास रविवार को नशे में धुत युवक गन्दा नाला के पुल से नाले में गिर गया। यह ग्रामीणों ने उसे नाले से बाहर निकाला। बताते हैं कि कस्बे में गल्ले की आढ़त का काम करने वाले बीरू गुप्ता 28 वर्ष दोपहर में शराब के नशे में गन्दा नाला की पुलिया पर बैठा था, तभी नीचे आठ फिट कीचड़युक्त नाले में गिर गया। देखते ही देखते वहां राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो कर देखते रहे। अचानक उसी रास्ते से पूर्व प्रधान दयाराम यादव वही जा रहे थे। पुलिया पर भीड़ देख रुक गए देखा कि एक व्यक्ति नाले में गिरा पड़ा। पूर्व प्रधान गांव के युवकों के साथ नाले में उतरकर युवक को बाहर निकाला और पुलिस चौकी पर फोन किया। मौके पर पहुंचे पुलिस के जवानों ने युवक को पानी से साफ कराकर नींबू पानी पिलाया होश में आने पर अपना नाम पता बताया पुलिस ने परिजनों को सूचना दे कर बुलाया और सौंपा।

# जीएसटी टीम की छापेमारी की सूचना से व्यापारियों में मचा हड़कम्प



**नगरा।** जिले के अन्य क्षेत्रों में जीएसटी टीम द्वारा दुकानों पर की जा रही छापेमारी की सूचना से नगरा के व्यापारियों में दो दिनों से हड़कंप मचा हुआ है। नगरा में टीम के आने की अफवाह से शनिवार से दुकानदारों के होश उड़ा रही है। रविवार को जीएसटी टीम द्वारा छापेमारी की अफवाह से बाजार में हड़कंप मच गया। दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर गायब हो गए। बाद में कुछ दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें खोली। वहीं बड़े कारोबारी दुकाने दिन भर बन्द रखी। जनपद में जीएसटी विभाग की टीम दुकानों पर छापेमारी करते हुए जीएसटी से संबंधित कागजातों की जांच व दुकानदारों से पूछताछ करने व एफआईआर दर्ज करने की अफवाह रही है, जिससे व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। कई बार तो बाजारों में टीम के आने की अफवाह भी उड़ने से व्यापारियों में दहशत का माहौल साफ नजर आ रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे कारोबारियों व अपना धन्धा करके जीवन यापन करने वाले बेरोजगार युवाओं के ऊपर पड़ी है। रविवार को भी ऐसा ही हुआ, बाजार में सुबह ही अफवाह फैल गयी कि जीएसटी की टीम दुकानों पर छापेमारी कर रही है, फिर क्या था, दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर गायब हो गए। मुख्यरूप से बाजार में कपड़े, रेडीमेड, कापी किताब आदि दुकानों पर ताले लटके रहे। दुकानदार दिन भर अपने दुकानों का शटर गिरा कर गायब रहे।

## सैदपुर पुल पर चन्दौली प्रशासन की तरफ लाइटिंग नहीं

**चहनियां।** चन्दौली गाजीपुर जनपद को जोड़ने वाले पुल पर गाजीपुर प्रशासन की तरफ लाइटिंग की व्यवस्था तो कर दी गयी है किंतु चंदौली प्रशासन की तरफ से लाइटिंग की कोई व्यवस्था नहीं किया गया। जबकि इस मार्ग से हजारो लोगो का आगमन होता है। रात्रि में आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चंदौली-गाजीपुर जनपद को जोड़ने वाला तीरगांवा-सैदपुर के बीच करीब ढाई किलोमीटर का लम्बा पुल बनाया गया है। जिसपर से गाजीपुर, मऊ, जौनपुर, आजमगढ़, गोरखपुर आदि जनपदों के लोग हजारो की संख्या में आते जाते है। पुल पर गंगा बालू ढुलाई के कारण दोनो साइड बालू ज्यादा मात्रा में गिरा है। गाजीपुर प्रशासन की तरफ से पुल पर अपने बार्डर तक लाइटिंग की व्यवस्था किया है किन्तु चन्दौली प्रशासन की तरफ से लाइटिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि ज्यादातर पुल का पार्ट चन्दौली जनपद में पड़ता है। लाइटिंग न होने से पुल पर अंधेरा रहता है। जो बालू बिखरी होने के कारण बाइक से लोग अक्सर गिरकर घायल होते है।

# पक्षी महोत्सव के दूसरे दिन पर्यटकों से गुलजार रहा सुरहा ताल

**बलिया।** सुरहाताल पक्षी विहार महोत्सव के दूसरे दिन पर्यटकों की भीड़ से सुरहा ताल गुलजार रहा। लोगों ने खूब नौकायन का आनंद लिया। बच्चों ने भी झूले और अन्य मनोरंजन के साधनों के जरिए खूब मस्ती की। वहीं युवाओं के बीच सेल्फी लेने की होड़ देखने को मिली। पक्षी महोत्सव के दूसरे दिन भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सुरहा ताल को पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में प्रयास काफी सराहनीय है। प्रवासी पक्षियों के लिए यहां शुद्ध और उनके अनुकूल वातावरण है। प्रवासी पक्षी यहां की सुंदरता में एक हैं। दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का नाटक रहा सबसे खास

पक्षी महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उच्च प्राथमिक विद्यालय, शेरवा कलां के छात्र-छात्राओं का नाटक सबसे खास रहा। सीमित संसाधनों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक में इनकी शानदार प्रतिभा देखने को मिली। प्रधानाध्यापक शंकर रावत के नेतृत्व में सीख रहे इन बच्चों के नाटक की सराहना हर किसी ने की। नाटक के बाद प्रस्तुत करने वाले बच्चों के साथ लोगों ने खूब सेल्फी ली।

### नौकायन के लिए दिखी लम्बी लाइन

सुरहा ताल पक्षी महोत्सव के दूसरे दिन लोगों ने नौकायन का खूब आनंद लिया। दिन में नौकायन करने वालों की भीड़ इतनी बढ़ गई कि लोगों को काफी देर तक इंतजार भी करना पड़ा। वहीं इस भीड़ से नाविकों के चेहरे भी गुलजार दिखे। सुरहा ताल के बीच लाइफ जैकेट पहनकर नौकायन करने वालों की भीड़ इस महोत्सव की सुंदरता में चार चांद लगा रही थी।

**भाषण पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता के जरिए पर्यावरण संरक्षण को किया गया जागरूक:** सुरहा ताल पक्षी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डॉ. इफ्तेखार खान के निर्देशन में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर कला प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता हुई। सभी प्रतियोगिताएं प्राकृतिक वनस्पति, जीव जंतुओं और पर्यावरण पर आधारित रही। तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# सुब्रमण्यम भारती की रचना के केंद्र में था राष्ट्रवाद : डॉ. राजेश सरकार

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में रविवार को भारतीय भाषा उत्सव दिवस के अवसर पर जनसंचार विभाग और भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय भाषा के उन्नयन में महाकवि सुब्रमण्यम भारती का योगदान विषयक एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती समारोह पर आयोजित था।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राजेश सरकार ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती की शिक्षा उनकी इच्छा के विपरीत पिता के दबाव में हुई। इसके बावजूद उन्होंने भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार में विशेष भूमिका निभाई। उनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई थी। वह एक कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज

**भारतीय भाषा उत्सव दिवस**

**समाज, प्रांत और राष्ट्र से जोड़ती है भाषा : प्रो. निर्मला एस. मौर्य**

**भारतीय भाषा के उन्नयन में महाकवि सुब्रमण्यम भारती का योगदान विषय पर हुआ वेबिनार**

सुधारक, पत्रकार के साथ उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु के रूप में काम किया, इसलिए उन्हें महाकवि भारतियार के नाम से जाना जाता है। भारतीय भाषा के उन्नयन में उनका विशेष योगदान था। उन्होंने कविता और रचना के माध्यम से सभी भारतीय भाषाओं को छूने की कोशिश की। अध्यात्मिक और वैदिक ग्रंथों का तमिल में अनुवाद कर उन्होंने दक्षिण के लोगों तक राष्ट्रवाद और अध्यात्म को पहुंचाया। यही उनकी रचना के केंद्र में भी रहता था। वह नारी शिक्षा के पक्षधर थे। इस पर उन्होंने पांचाली शपथम में भी



विस्तार से बताया है।

बतौर अध्यक्ष विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती दूरदृष्टि वाले थे। 100 वर्ष पहले ही उनके चिंतन में जो बात थी वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अब आई है। उनकी कविता और रचनाएं सामाजिक सरोकार राष्ट्रवाद और अध्यात्म से जुड़ी होती थी। उन्होंने कहा था कि राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप की भाषा के साथ अगर हिंदी नहीं जुड़ी है तो आपका ज्ञान अधूरा है। उन्होंने कहा कि भाषा हमें समाज, प्रांत और राष्ट्र से जोड़ती है। इस अवसर पर प्रभारी भाषा केंद्र भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की डॉक्टर सुसान वर्गीस ने भारतीय भाषा उत्सव दिवस के उद्देश्य एवं दृष्टिकोण पर समग्र रूप से प्रकाश डाला। इस वेबीनार में प्रदेश की अन्य विश्वविद्यालयों में स्थापित भाषा केंद्र के सभी समन्वयक भी प्रतिभाग कर रहे थे। वेबिनार में स्वागत, संचालन और विषय प्रवर्तन कार्यक्रम संयोजक एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र और आभार आयोजन सचिव डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर ढाका की डॉ. पूनम गुप्ता, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. मुराद अली, प्रो. राकेश यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. पुनीत धवन, मंगला प्रसाद यादव, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ. वनीता सिंह और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# अतिक्रमण हटवाने पहुंचे अधिकारी पर दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

**नाराजगी**

**मौके पर पहुंचे विधायक रमेश सिंह ने मामले को कराया शांत**

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** थाना क्षेत्र के पाराकमाल गांव में रविवार की सुबह नायब तहसीलदार अमित सिंह उच्च न्यायालय के आदेश पर एक जनहित याचिका का निस्तारण करने पहुंचे। आरोप है कि पुलिस बल के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बुलडोजर से एक अतिक्रमण को ढा दिया। इस दौरान ग्रामीणों से गाली गलौच करने का वीडियो भी वायरल हो गया। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे विधायक रमेश सिंह ने अधिकारी और ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसी तरह मामले को शांत कराया।

जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी युवक ने गांव में 132 की भूमि पर अतिक्रमण होने को लेकर दर्जनों लोगों पर उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल किया है। न्यायालय ने तहसील प्रशासन को अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया।



सप्ताह भर से हो रही पैमाइश में कोई हल नहीं निकला तो रविवार को भारी फोर्स के साथ नायब तहसीलदार राजस्व टीम के साथ बुलडोजर लेकर गांव में पहुंच गए। एक निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करने पर इसका विरोध हुआ तो अधिकारी गाली गलौच करने लगे जिससे गांव का माहौल गरमा गया। सूचना पाकर पहुंचे विधायक रमेश सिंह ने किसी तरह मामले को शांत कराया। ग्रामीणों की मांग है कि गांव की सरहद से सरहद तक पैमाइश हो तब जाकर स्पष्ट होगा कि किस गाटे पर अतिक्रमण है। अधिकांश ग्रामीणों के चक का रकबा कम है उसको पहले पूरा किया जाए लेकिन तहसील प्रशासन मनमाने तरीके से नापजोख करके निस्तारित कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मनमाने तरीके से पैमाइश करके अवैध वसूली के लिए दवाब बनाया जा रहा है। जबकि पैमाइश गांव की सरहद से सरहद तक होनी चाहिए।

# बहुसंख्यकों को अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी : पल्लवी

**मुंगराबादशाहपुर।** आत्म सम्मान से जीने के लिए अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी। सरकारें आपको कुछ नहीं देंगी। इसके लिए कमेरा समाज को एकजुट होकर मजबूती के साथ आगे आना होगा। ये बातें डाक बंगले में सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच कही।

उन्होंने कहाकि अपना दल स्वयं मजबूत पार्टी है। डॉ. सोनेलाल पटेल की विचारधारा को लगातार आगे बढ़ाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता तन-मन-धन से लगे हुए हैं। आगे कहा कि आगामी होने वाले निकाय चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी। निकाय चुनाव 2024 लोकसभा चुनाव का सेमी फाइनल होगा। कार्यकर्ता अभी से ही कमर कस लें। कहा कि रोजगार, शिक्षा, रोड याद तभी होगा जब हम लोग संगठित होकर सत्ता में पहुंचेंगे।

अपना दल राष्ट्रीय मंच के महासचिव दिलीप पटेल, दूधनाथ पटेल, शालिकराम पटेल, शेष नारायण पटेल, उमेश पटेल व रामचंद्र पटेल ने अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल पार्टी को अकेले चलकर लोगों की मदद से ऊंचाइयों तक पहुंचाने पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामचंद्र पटेल तथा संचालन प्रदेश सचिव उमेश पटेल ने किया।

इस अवसर पर शेष नारायण पटेल, शैलेंद्र साहू, शालिकराम पटेल, वीरेंद्र पटेल नीलू, प्रधान राजमणि पटेल, संजीत यादव, बृजेश पटेल आदि लोग मौजूद रहे।



# सरस्वती संघ का 22वां स्थापना दिवस संपन्न



**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के सरोज विद्या शंकर कन्या इंटर कॉलेज बालवरगंज के परिसर में सरस्वती संघ का 22वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें सरस्वती संघ के पदाधिकारियों द्वारा सीनियर, जूनियर बच्चों का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराया गया। विजेता बच्चों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी शालू सोनी द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र, सरस्वती प्रतिमा एवं संविधान बुक देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि शालू सोनी ने अपने संबोधन में बताया कि सरस्वती संघ की ही देन है कि हम जैसे क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में विभिन्न पदों पर रहकर सरकारी सेवा दे रहे हैं। उसी कड़ी में मैं भी सरस्वती सघ्र की छात्रा रहकर कठिन परिश्रम कर आज इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। उन्होंने अभिभावकों से कहाकि अपने बच्चे को मोटीवेट करें आप जो भी करना चाहते हैं एक लक्ष्य बनाकर कार्य करे, सफलता अवश्य मिलेगी। सरस्वती संघ के पदाधिकारी द्वारा आए हुए सभी गणमान्य लोगों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ताओं में आलोक सिंह, विनय कुमार त्रिपाठी प्राचार्य, संतोष द्विवेदी, माता फेर पटेल, डॉक्टर प्रमोद के सिंह, अमित गुप्ता, सुरेश कुमार सरोज खंड शिक्षा अधिकारी आदि रहे। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित विद्या शंकर तिवारी तथा संचालन शिवम सोनी ने किया।

# लोक कलाओं से संरक्षित होती है भारतीय संस्कृति

**बोले रमेश सिंह**

**विधायक ने की सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये निधि से मंच बनवाने की घोषणा**

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** विकासखंड स्थित अमारी गांव में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अवधी लोक संगीत एवं कला का तीन दिवसीय महोत्सव सर्वांगीण विकास सेवा अकादमी के सौजन्य से प्रारंभ हुआ। महोत्सव में प्रथम दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण अंचल में अवधी लोक संगीत एवं कला के आयोजन एवं संरक्षण से हीं हमारी संस्कृति और प्राचीन परम्परायें संरक्षित हैं। आज के परिवेश में विलुप्त हो रहे कजरी, सोहर, बिरहा आदि लोकगीतों को संरक्षित करने की आवश्यकता है। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि की प्रेरणा से विधायक ने अपने निधि सें मंच बनवाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि लोक रंग महोत्सव कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति का डंका बज रहा है। लोक महोत्सव के माध्यम से भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने के साथ ही अपनी विरासत को आने वाली पीढ़ी को प्रदान कर रहे है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व संयुक्त निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ ने कहा कि लोकगीत लोकजीवन का दर्पण है।



महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार

लोकगीतों में लोकमानस की सहज अभिव्यक्ति के साथ साथ हमारी सामाजिक परम्परायें भी जीवन्त हो उठती है। लोककलाओं के संरक्षण में सर्वांगीण विकास अकादमी संस्थान के अध्यक्ष पं. दयाशंकर पाण्डे तथा सचिव इंदु प्रकाश मिश्र का प्रयास सराहनीय है। महोत्सव में अम्बेडकर नगर से पधारे प्रतिमा यादव के सांस्कृतिक दल के लोक कलाकारों ने लोकगीत एवं नृत्य की अनुपम प्रस्तुति से उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिमा यादव ने कइसे खेलइ जइबू सावन में कजरिया व मैं फिरू श्याम तेरे नाम की जोगन बनके की अपूर्व प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

प्रदेश की राजधानी से ही आये हुए जादूगर सुरेश ने संयुक्त रूप से अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बंगाल का काला जादू दिखा कर उपस्थित लोगों को सम्मोहित कर लिया।

क्षेत्रीय कलाकारों में गायक कार्यक्रम के प्रभारी ब्रजेश पांडेय, लालता प्रसाद विश्वकर्मा, प्रिन्स, दिलीप, विजय, सौरभ पाण्डेय, गौरव पाण्डेय, अंकित आदि ने अपने -अपने लोक संगीत एवं कला के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष दया शंकर पाण्डेय तथा संचालन इन्द्र कुमार ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार सचिव इन्दु प्रकाश मिश्र ने व्यक्त किया। महोत्सव में अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्न द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उमाकांत पाण्डेय, इन्द्रमणि पाण्डेय, दिलीप श्रीवास्तव, रीजन सिंह, अज्जू तथा भारी संख्या में लोकसंगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

# निकाय चुनावः चुनावी सरगर्मी में पार्टियों को है चेहरों की तलाश

**हलचल**

**अध्यक्ष के लिए कई महारथी ठोंक रहे दावेदारी**

**पोस्टर्स पर समाजसेवियों की बौछार**

महर्षि सेठ

**जौनपुर।** लगातार चार बार से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की कुर्सी पर टण्डन परिवार का वर्चस्व स्थापित है। पूर्व में तीन बार दिनेश टण्डन तो वही वर्तमान में उनकी धर्म पत्नी माया टंडन अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान हैं। आरक्षण में ये सीट एक बार फिर सामान्य हो गयी। हर कोई अपना मुकाबला टण्डन परिवार से मान रहा है। वहीं सत्ताधारी दल भाजपा से कई महारथी अपनी दावेदारी ठोंक रहे हैं और पार्टी भी अबकी इस सीट को अपने पाले में लेने के लिए पूरी तरह से रणनीति तैयार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। किस चेहरे को वो सामने लाये लगातार इस पर मंथन चल रहा है। फिलहाल कौन सत्ताधारी पार्टी का प्रत्याशी होगा ये तो वक़्त ही





बताएगा।

इसी क्रम में सपा भी इस सीट को लेकर पूरे तेवर में है और हो भी क्यों न? भाजपा की सरकार रहते हुए पिछली बार समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी रहीं पूनम मौर्य ने भाजपा की प्रत्याशी स्व. किरन श्रीवास्तव को शिकस्त दी थी। समाजवादी पार्टी से भी अनगिनत भावी प्रत्याशियों के बैनर-पोस्टर दीवारों, पोल आदि पर देखने को मिल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष पद की लालसा रखने वालों ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डेरा डाल रखा है और टिकट पाने के लिए पूरी एड़ी-चोटी लगा दी है। मजे की बात तो ये है कि कुछ को छोड़ दें तो कुछ नए चेहरे पोस्टर्स पर पहली बार दिखाई दे रहे हैं और जिनका समाजसेवा से कोई लेना देना नहीं है वो भी अपने नाम के आगे भावी प्रत्याशी के साथ समाजसेवी जैसे जिम्मेदार शब्द को जोड़ने में संकोच नहीं कर रहे हैं। कुल मिलाकर ये चुनाव बड़ा दिलचस्प होने वाला है।

**प्रशासन की लापरवाही या पूर्व चेयरमैन का दबदबा**



जौनपुर। पांच साल से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की कुर्सी पर पूर्व चेयरमैन दिनेश टंडन की पत्नी माया टण्डन विराजमान हैं लेकिन सद्भावना पुल पर स्थित नगर पालिका परिषद के पोल के अनुसार आज तक अध्यक्ष पद पर दिनेश टण्डन ही स्थापित हैं। न तो वर्तमान चेयरमैन का नाम वहां अंकित हुआ और न ही सभासदों का। अब इसे पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन का दबदबा कहें या प्रशासन की लापरवाही। गैर जनपद से आने जाने वाले लोग इस पोल को देखकर यही समझते हैं कि अब भी यहां के चेयरमैन दिनेश टण्डन ही हैं।


# चौदह फुट का अजगर देख ग्रामीण भयभीत

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के महमदपुर गुलरा गांव के गोमती नदी तट पर उगे घास फूस के बीच रविवार को एक चौदह फुट लंबे अजगर को देख ग्रामीण सहम गये। मौके पर लाठी डंडा लेकर पहुंचे ग्रामीणों को देख अजगर नदी में कूद गया। उक्त गांव के कुछ बच्चे नदी के किनारे बकरी चरा रहे थे। तभी उन्हें घास फूस व सरपत के झुरमुट से सरसराहट की आवाज के साथ हलचल दिखाई दी। जब पास जाकर देखा तो एक विशाल अजगर दिखा। उनके शोर मचाने पर तमाम ग्रामीण लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए। शोरगुल सुन अजगर नदी की धारा में कूद गया।



## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थिति में लगी आग, छप्पर, कार सहित बाइक खाक



**सुइथाकला।** बीती रात क्षेत्र के चेतरहां गांव में संदिग्ध हालात में छप्पर में आग लग गई जिसमें खड़ी कार और बाइक जलकर खाक हो गई। किसी तरह मौके पर जुटे लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के चेतरहां निवासी रामसिह के घर के सामने उनके रखे छप्पर में शनिवार की देर रात संदिग्ध हालत में आग लग गयी। आग लगने की जानकारी पर इलाकाई लोगों का जमावड़ा हो गया। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया पर उसमें खड़ी आल्टो कार और एक बाइक जलकर खाक हो गयी। हालांकि मामले में पीड़ित द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गई। बहरहाल पीड़ित को मामले में लाखों का नुकसान हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष ने मामले में जाँच करवाने की बात बताई।

### सन्त फक्कड़ बाबा का निधन

**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक के राजेपुर रामेश्वरम धाम के मुख्य सन्त फक्कड़ बाबा का रविवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर आसपास के हजारों लोग मौके पर पहुंच गए। वर्ष 1986 से राजेन्द्र सिंह उर्फ फक्कड़ बाबा रामेश्वरम नाथ मंदिर पर भगवान रामेश्वरम का पूजन अर्चन तथा देखरेख कर रहे थे। उन्होंने मंदिर के प्रांगण में अपना आश्रम बना लिया था। उनके दौर में मंदिर की व्यवस्था काफी सुदृढ हुई। मंदिर में अनवरत रामचरित मानस का पाठ बिना रुके कई वर्षों से चल रहा है। फक्कड़ बाबा आसपास के लोगों में काफी लोकप्रिय रहे। सूत्रों के अनुसार मंदिर के पास ही उनको समाधी दी जाएगी।

### मदरसे के बच्चों को स्वेटर व टोपी वितरित



**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के मुहल्ला मिश्राना स्थित हाजी जाहिद अली शाह सोसायटी के मदरसे के बच्चे बच्चियों को गरम स्वेटर, हीटर, टोपी महाराष्ट्र के उघोगपति फतेह मोहम्मद शाह द्वारा मौलाना तौफीक की अध्यक्षता में वितरण किया गया। इस औसर पर मेराज, ईशा फारुकी, हाजी अनीस कुरैशी, कारी शराफत, वकार अहमद, हाजी नसीम अहमद, डा. असगर अंसारी सहित नगर के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

### घर छोड़कर भागी युवती को लाया गया वापस

**जफराबाद।** क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीय युवती परिवार से नाराज होकर घर छोड़कर भाग निकली। घर वालों ने उसको जफराबाद स्टेशन से पकड़ा और काफी समझाने के बाद वह वापस घर लौटी। बताया जाता है कि उक्त गांव की युवती बीफार्मा की पढ़ाई कर रही है। उसका पिछले एक वर्ष से किसी युवक से प्रेम सम्बन्ध चल रहा था। युवती के परिवार के लोग इस जानकारी के मिलने के बाद उसे कालेज जाने से रोक दिया और उसकी शादी करने के लिए कहने लगे। युवती ने दूसरी जगह शादी करने से इंकार कर दिया। परिवार के लोग लगातार दबाव बनाने लगे। युवती रविवार की सुबह घर से भाग गयी। घर वाले उसको ढूंढते हुए स्टेशन पहुंचे और किसी प्रकार से समझा-बुझाकर घर ले आये।

### स्पीड ब्रेकर से टकराया बाइक सवार, दो घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के बमैला गांव निवासी जगदीश शनिवार की देर शाम अपनी बाइक पर गांव के ही दीपचंद को बैठाकर किसी कार्य से जौनपुर शहर की तरफ जा रहा था। बाइक सवार जगदीश जौनपुर-आजमगढ़ हाइवे पर थाना क्षेत्र के कुकूहां मोड़ पर पंहुचा ही था तभी सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर से असावधानीवश टकरा गया। टक्कर की आवाज सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और डायल 112 की पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार हेतु सीएचसी चोरसंड भेजवाया। बाइक से गिरने की वजह से बाइक सवार जगदीश 19 व दीपचंद 22 निवासी बमैला को सिर में व पैर में चोट आई है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दो सौ जरूरतमंदों का हुआ उपचार



**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मुन्नन राम इंटर कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब पौने दो सौ जरूरतमंदों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर का आयोजन इंटर कॉलेज के संयोजक अवनीश यादव के नेतृत्व में किया गया जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार यादव व न्यूरोसाईकैटरिस्ट डा. एके यादव, डा. पुनीत सिंह ने आये हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी बीमारियों के हिसाब से उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जो भी गंभीर मामले हैं उन्हें जांच के बाद अच्छे इलाज की सलाह भी दी गई। इस दौरान डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि मौसम जब परिवर्तन होता है तो मौसमी बीमारियों का इजाफा होता है, इसलिए इसमें थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। ठंड के दिनों में सावधानी की जरूरत है। गर्म कपड़े पहने और इम्यूनिटी बूस्टर के लिए गर्म पानी व काढ़े का सेवन करें। आए हुए लोगों को मौसमी बीमारियों से बचे रहने की सलाह दी गई। सर्दी जुकाम से बचने की जानकारी दी गई। शिविर का संचालन नंद हास्पिटल की ओर से किया गया। मौके पर डॉ. रामानंद यादव, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, श्याम बहादुर प्रजापति, नखड्डू, सुभाष चंद्र, अनिल कुमार, परशुराम, उमेश कुमार, जितेंद्र, शुभाशीष समेत काफी लोग मौजूद रहे।

### नपं अध्यक्ष प्रत्याशी के चयन के लिए की गयी सभा



**गौराबादशाहपुर।** पिलखीनी गांव में रविवार को एक सभा का आयोजन कर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए योग्य प्रत्याशी के चयन हेतु प्रबुद्ध जनों के बीच विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को समाजसेवी अरविंद सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार प्राप्त है परंतु यदि सब लोग आपसी सहमति से किसी योग्य प्रत्याशी का चयन करें जो कि पार्टी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ें तो ऐसा प्रत्याशी अवश्य ही नगर पंचायत का विकास कर सकता है। सभा में आए लोगों को नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्ध जनों ने भी संबोधित किया तथा एक आम प्रत्याशी पर सहमति बनाने का प्रयास करने की बात भी कही। सभा में रामू कश्यप, वसीम अहमद, रमेश त्यागी, इनायतुल्लाह, सभापति गौड़, रामू सोनकर राजकुमार गौतम इत्यादि मौजूद रहे। अंत में सम्मेलन में आए लोगों के प्रति अरविंद ने आभार व्यक्त किया।

### प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल व बैडमिंटन खेल का चयन परीक्षण 13 दिसंबर को

**करंजाकला।** सिद्दीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में 13 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक व बालिका वॉलीबॉल तथा बैडमिंटन प्रतियोगिता का चयन परीक्षण किया जाएगा। खेल निदेशालय उप्र, लखनऊ एवं उप्र वॉलीबाल संघ के संयुक्त समन्वय से क्रमशः प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 दिसंबर तक गोरखपुर में व प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका वालीबॉल का आयोजन 18 से 21 दिसंबर तक पीलीभीत में किया जा रहा है जिसके लिए इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में सब जूनियर बालक स्टेट वॉलीबाल प्रतियोगिता एवं सब जूनियर बालिका स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु जनपदीय चयन परीक्षण 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे किया जायेगा। प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक व बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 से 19 दिसंबर तक अयोध्या में आयोजित की जा रही है जिसके लिए जनपदीय चयन परीक्षण 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे आयोजित किया जा रहा है। क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा ने बताया कि जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही मण्डल स्तरीय चयन परीक्षण में सम्मिलित हो पायेंगे। उक्त सभी खेलों का मंडलीय चयन परीक्षण 15 को सुबह 10 बजे से सिगरा स्टेडियम वाराणसी में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र तैयार कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं। पात्रता प्रमाण के साथ आधार कार्ड एवं जन्मतिथि प्रमाणित की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं मूल प्रति अपने साथ लेकर अवश्य आयें या अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

# चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती ने अंग्रेजों के खिलाफ किया माहौल तैयार : धीरज सिंह


प्राथमिक विद्यालय फत्तूपुर में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनाते शिक्षक व बच्चे


प्राथमिक विद्यालय मरियादपट्टी नगर में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनाते शिक्षक और बच्चे

**जन्म दिवस**

**भारतीय भाषा दिवस पर परिषदीय विद्यालयों में हुआ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन**

**भदोही।** दक्षिण भारत के लोकप्रिय राष्ट्रभक्त कवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती का जन्म दिवस रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर जिले के परिषदीय विद्यालयों में भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके द्वारा भारत के विकास में किए गए अमूल्य योगदान की चर्चा की गई और छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। प्राथमिक विद्यालय फत्तूपुर भदोही में महाकवि सुब्रमण्यम भारती का जन्म जयंती भारतीय भाषा उत्सव के रूप मनाते हुए एसआरजी धीरज सिंह ने बताया कि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती तमिल भाषा के कवि थे और अपनी कविताओं के माध्यम से उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ माहौल तैयार करने महत्वपूर्ण योगदान दिया। साहित्य में जो स्थान उत्तर भारत में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त और रामधारी सिंह दिनकर का है वही स्थान दक्षिण भारत में राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत कविताएं लिखने और युवाओं में उर्जा का संचार करने वाले कवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती का है।

प्राथमिक विद्यालय मरियादपट्टी के प्रधनाध्यापक ने तमिल भाषा के कवि के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुब्रमण्यम भारती की शिक्षा प्रयागराज और वाराणसी में भी हुई थी. जहां पर डॉ. एनी बेसेंट, भगिनी निवेदिता के संपर्क में आकर वे राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े तथा अंग्रेजों के खिलाफ जनमानस को तैयार करने के लिए उन्होंने अपनी मातृभाषा तमिल में राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत कविताएं लिखी। सन 1908 में अंग्रेजों ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया, जिसके कारण वे पुडुचेरी चले गए। उनका जन्म सन 1882 में तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के एटटायपुरम में हुआ था और मात्र 38 वर्ष की आयु में सन 1921 में दिवंगत हो गए।

# किडजी स्कूल के एनुअल फंक्शन में नन्हे मुन्नों ने मोह लिया मन

**भदोही।** नन्हे मुन्नों को एक आकर्षक भविष्य देने की पहली सीढ़ी बने हुए किडजी स्कूल भदोही का शनिवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भदोही विधायक जाहिद बेग ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के किया। वार्षिकोत्सव में अपने नन्हे मुन्नों की प्रस्तुति देख अभिभावक और शिक्षक भावविभोर हुए बिना नहीं रह सके। मुख्य अतिथि विधायक जाहिद बेग ने स्कूल की कार्यशैली की तारीफ की। नन्हे मुन्नों की कलाकारी का भरपूर आनन्द लिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह नन्हे मुन्नों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत जैसे मुद्दों पर हमें एक राह दिखाने की कोशिश की है, उसको ध्यान में रखते हुए शिक्षक अभिभावक सभी इन पर अमल करें और दूसरों को भी करवाये। शानदार प्रस्तुति करने पर फहद मोईन अंसारी की पुत्री जाइरा फहद को विधायक जाहिद बेग ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर किड्जी स्कूल के डायरेक्टर नाहिद अंसारी, प्रिंसीपल प्रियंका, हाजी मोइन अंसारी, फहद मोइन सहित बच्चों के अभिभावक आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।


शानदार प्रस्तुति करने पर जायरा फहद को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते विधायक जाहिद बेग

## संक्षेप

### नगर पंचायत कार्यालय के नाक के नीचे गंदगी का अंबार

**सुरियावां।** नगर के प्रसिद्ध रामलीला मैदान जो नगर पंचायत कार्यालय सुरियावा के ठीक सामने है और वहां जो है उस मैदान पर पूरी तरह से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कार्यालय के ठीक बगल में आयुर्वेदिक चिकित्सालय है उसके पीछे भी गन्दगी है। जहां नगर पंचायत सफाई अभियान चलाकर जगह-जगह कार्य किया है वही अपने नाक के सामने कि जो है गंदगी को छोड़ दिया है। रामलीला मैदान सफाई को लेकर व्यवस्था सही ना होने से रामलीला समिति के पदाधिकारी अवधेश कुमार उमर वैश्य, समाजसेवी जतन गुप्ता, विशाल, राकेश कुमार, रवि कुमार, सुरेंद्र कुमार, मोहनलाल आदि लोगों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर पंचायत के सामने स्थित रामलीला मैदान की सफाई कराने की मांग की है।

### जरूरतमंदों को किया गया कंबल वितरण

**ज्ञानपुर।** ठंड की दस्तक शुरू हो गयी है। गरीब, बेसहारा, जरूरतमंदों के लिए यह कठिन समय होता है। लेकिन कहते हैं न कि ईश्वर इस धरती पर किसी न किसी को निमित्त बनाकर जरूरतमंदों का ख्याल रखते हैं। बता दें कि गोपीगंज थाना क्षेत्र के खानापुर गाँव में निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव जोगेंद्र बिंद ने असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे करीब दो सौ महिलाओं बुजुर्गों को कंबल वितरण किया गया। जोगेंद्र बिंद ने बताया कि गरीब असहाय लोगों की सेवा करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. जेएस बिंद, पवन पांडेय, अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि राज कुमार बिंद, जहपट बिंद सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### टोल प्लाजा पर संचालक ने सर्विस लेन के साथ बंद कराया कट प्वाइंट

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के लाला नगर स्थित टोल प्लाजा प्रबंधन द्वारा सर्विस लेन के साथ अगल बगल गांव की ओर से आने वाले कट प्वाइंट को बंद करा देने से लोकल वाहनों को भी अब फास्ट टैग की मार झेलना पड़ेगा। टोल प्रबंधन द्वारा की गई इस कार्रवाई से लोगों मे नाराजगी बढ़ रही है। टोल प्लाजा प्रबंधन द्वारा टोल बूथ पर लोकल वाहनों के साथ वी आई पी के लिए बना सर्विस लेन रविवार को अचानक बंद करा दिया गया जो विवाद का कारण बन गया है। सर्विस लेन बंद कर देने से लोकल वाहनों को फास्ट टैग वाले बूथ से जाना होगा, जिसके चलते उन पर अनावश्यक बोझ बढ़ जाएगा। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा स्थानीय वाहन के लिए मासिक पास की व्यवस्था की गयी है। अब सर्विस लेन बंद करने से अनावश्यक विवाद का कारण बन जाएगा।

### गीतांजलि ने बच्चों में किया ऊनी वस्त्रों का वितरण



**जौनपुर।** जनपद की रचनात्मक एवं सामाजिक संस्था गीतांजलि जौनपुर अपने विगत सामाजिक कार्यों के 51 वर्षों की परंपरा की कड़ी में इस वर्ष भी ऊनी वस्त्रों का वितरण पूर्वांचल विश्वविद्यालय के निकट जासोपुर चकिया (वनवासी बस्ती) में गरीब बच्चों को गीतांजलि संस्था के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदान किया गया। इसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष ब्रजेश शुक्ला, महासचिव अमन सहगल, कोषाध्यक्ष पवन सोनी सांस्कृतिक सचिव अशोक मौर्य, पूर्व अध्यक्ष शशि श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज शाह, रूपनारायण माली, मनोज तिवारी, प्रमोद गुप्ता, विनोद पाठक, संतोष साहू, अमित सोनी, रमन सोनी, धर्म सेन सिंह, उद्धव शाह आदि संस्था के सभी सदस्यों का विशेष योगदान इस कार्यक्रम में रहा। संचालन पूर्व अध्यक्ष महेंद्र देव विक्रम ने किया।

### वालीबॉल में ऊंज ने सीतामढ़ी को पटखनी देकर बने प्रथम विजेता

**भदोही।** ऊंज क्षेत्र के गोपालपुर कलिजगरगांव में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एक दर्जन टीमों ने अपना नामांकन कराया। वालीबाल खेल प्रारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल जरूरी है। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। खेलों से हमें अनुशासन की शिक्षा सीख मिलती है। हर खेलों में वालीबाल खेल का अलग आनंद है। अच्छा प्रदर्शन कर गांव प्रदेश का नाम रोशन करें। खेल प्रारंभ कवलापुर व समराध के बीच मुकाबला चला। जिसमें कवलापुर विजेता बना। इसी तरह बरईपुर बनाम सरपतहा के बीच मुकाबला हुआ। सरपतहा विजेता बना। ऊज बनाम सीतामढ़ी के बीच मुकाबला हुआ जिसमें ऊज विजेता बना। इस मौके विजेता टीम को आयोजक संजय कुमार मिश्रा व राम अवध मिश्रा प्रथम एव द्वितीय टीम को पुरस्कृत किया। वालीबाल संघ के जिलाध्यक्ष सृष्टि नारायण सिंह, सुभाष चंद्र यादव, अरुणा कुमार मिश्रा, महेंद्र तिवारी, माता स्वरूप शुक्ला, कोमल मिश्रा, अमित सिंह, छोटे लाल मिश्रा, शोभनाथ तिवारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### भाषा लोगों को जोड़ने का भी माध्यम : जिला विद्यालय निरीक्षक



**जौनपुर।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में जनक कुमारी इंटर कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती का जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि हमारे मुख में जो जिह्वा है वही हमारी भाषा का स्रोत है, भाषा लोगों को जोड़ने का भी माध्यम है। भाषा के विकास को हम सुदृढ़ एवं समृद्ध नहीं बना पा रहे हैं। कई ऐसे व्यक्ति हैं जो इस को सुदृढ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं इन्हीं में से एक थे। सुब्रह्मण्यम भारती जिन्होंने अनेक भाषाओं पर अल्प समय में ज्ञान प्राप्त किया। सुब्रमण्यम भारती एक समाज सुधारक, चिंतक, स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले एवं महाकवि थे। इनके जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने उत्तर भारत और दक्षिण भारत को जोड़ने के लिए एक सेतु का कार्य किया, क्योंकि बाद में उनका कुछ समय वाराणसी व इलाहाबाद में व्यतीत किया। कार्यक्रम में जनपद के अनेक विद्यालय के छात्र-छात्राएं अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे। जन्मदिन पर जनक कुमारी इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जौनपुर के छात्र छात्राओं एव अध्यापक अध्यापिकाओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। जैसा कार्यक्रम का नाम भारतीय भाषा उत्सव तो उपस्थित लोगों में अनेक लोगों ने अलग-अलग भाषाओं में भी अपने विचार व्यक्त किए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की डॉक्टर सूचि श्रीवास्तव ने संस्कृत में, आदर्श वर्मा अंग्रेजी में, मोहम्मद हसन इंटर कालेज के अनवर अल्वी ने उर्दू में अपने विचार व्यक्त किए। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जंग बहादुर सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया एवं सुब्रमण्यम भारती के जीवन चरित्र से उनके मार्ग पर चलने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में जनक कुमारी इण्टर कॉलेज के अध्यापक जवाहर सरोज, विजेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, मोहम्मद जकरिया, तेज बहादुर प्रजापति, आरती श्रीवास्तव, संयुक्तलता श्रीवास्तव, सुहासिनी मिश्रा व अनेक अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जनक कुमारी इंटर कॉलेज के अध्यापक विपनेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।

### सौ छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा देने में पंकज ने बढ़ाया हाथ

**बदलापुर/सिंगरामऊ।** मुम्बई के उद्योगपति मरगुपुर निवासी पंकज सिंह बन्टी ने रविवार को सिंगरामऊ बाजार में स्थित मेजर अमर बहादुर सरस्वती सिंह गर्ल्स इंटर कालेज में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ एक कक्ष का शिलान्यास किया। इसके पूर्व के विद्यालय परिसर में पहुंचने पर माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। मेजर अमर बहादुर सरस्वती सिंह गर्ल्स इंटर कालेज के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञानंजय सिंह अमित द्वारा विद्यालय की हाईस्कूल की सौ छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा देने के अभियान में पूर्णतया सहयोग करते हुए मरगुपुर निवासी व मुम्बई के उद्योगपति पंकज सिंह (बंटी) ने बालिकाओं के लिए डिजिटल रूम बनाने के लिए एक कक्ष का शिलान्यास किया। उन्होंने बालिकाओं को डिजिटल क्लास को बढ़ावा देने के लिए दान स्वरूप एक लाख रुपये विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संजय सिंह को प्रदान किया। युवा नेता व उद्योगपति के इस कार्य की लोगों ने भरपूर प्रशंसा की। हाईस्कूल में सौ बालिकाओ की निःशुल्क शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए सिंगरामऊ स्टार्स व विद्यालय परिवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस आयोजन में सिंगरामऊ प्रधान विनय सिंह पिंटू, जिमी बरनवाल, संतोष, पिंकू जायसवाल, आशू सोनी, अरविंद दुबे सहित विद्यालय परिवार के अन्य लोग उपस्थित रहे।



# कार्पेट डिजाइनिंग कोर्स के लिए संपन्न हुई परीक्षा



**भदोही।** नगर के बाजार सलावत खां मोहल्ले में स्थित कला आश्रम मे कार्पेट डिजाईनिंग कोर्स के लिए प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमे पैतीस प्रतियोगियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था उसमे से बत्तीस प्रतियोगी परीक्षा मे शामिल हुए। संस्था मे साढ़े नौ बजे से परीक्षा प्रारम्भ हुई जिसमे तीन पेपर का लिखित और उसके बाद मौखिक परीक्षा हुआ। जिसका परिणाम कल सायंकाल तक घोषित किया जायेगा। उसमे से कुल 9 छात्रो का चयन किया जायेगा। प्रतियोगिता शुरु होने से पहले संस्था के अध्यक्ष आशिफ बसर का फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नसीर इकबाल, संस्था के उपाध्यक्ष सरफराज अहमद अंसारी, महासचिव शहाबुद्दीन अंसारी ने प्रतियोगिता मे शामिल छात्रो का हौसला बढाते हुए कला आश्रम के प्रयासो का सराहना किया। संस्था के प्रबंधक कलीम उल्लाह अंसारी ने कहा कि मंदी के दौर से गुजर रहे कालीन उद्योग को अच्छे डिजाइनर की जरूरत है। कला आश्रम का यही प्रयास है इस तरह से प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभावान गरीब बच्चो को कम्पयूटर डिजाईनिंग के क्षेत्र मे दक्ष किया जाये। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने मे सर्वश्री अब्दुल नवील, शेरूल कलाम, अरविंद यादव, नौशाबा इलियास, आरिफा अंजुम, शायम अशफाक, अब्दुल राशिद, हाफिज सादिक, सुहैल अंसारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महिलाओं के अधिकार के प्रति ऊंज महिला पुलिस ने किया जागरूक

**ज्ञानपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं सुरक्षा अपराध रोकने के लिए मिशन शक्ति के तहत उनके अधिकार के बारे में जागरूक गांव-गांव महिला पुलिस भेज कर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में ऊंज थाना के महिला पुलिस यादव मुस्लिम बस्ती ऊंज गांव में सुरक्षा अपराध रोकने के लिए चौपाल लगाकर उन्हें जागरूक किया। महिलाओं को अपराध रोकने के लिए 112, 1090, 181, 1076, 1930 टोल फ्री नंबर आपातकाल में इन नंबरों को फोन कर पुलिस की मदद ले सकती है। महिला बस्ती के महिलाओं नगीना बेगम, मोमिना, शाहिदा बेगम, शबाना, अनीशा आदि ने महिला पुलिसकर्मियों से गांव में बस्ती में कब्रिस्तान ना होने तथा रास्ते मार्ग में होने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस पर पुलिस कर्मियों ने कहा कि इस बस्ती की समस्या को हल निकालने के लिए जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक को अवगत कराएं तभी समस्या का हल हो सकता है।

# कार से चुराई गई 97 भेड़ें चित्रकूट से बरामद

**पांच गिरफ्तार**

**गोपीगंज पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम को मिली सफलता**

**पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर एसपी ने किया खुलासा**

**बरामद की गयी भेड़ों की अनुमानित कीमत पांच लाख**


गिरफ्तार आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करते एसपी डॉ. अनिल कुमार

**ज्ञानपुर।** कभी नेताओं की भैंस और बकरियां खोजने वाली यूपी पुलिस ने अब भदोही में गरीब पशुपालकों की चोरी हुई भेड़ बरामद करते हुए भेड़ चोर गिरोह के अंतरजनपदीय पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 97 भेड़ों को चित्रकूट के जंगल से बरामद किया गया है। यह सफलता क्राइम ब्रांच और जिले के गोपीगंज पुलिस टीम को मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा किया।

बीते एक माह के अंदर जिले में कई गरीब पशुपालकों के काफी संख्या में हुई भेड़ चोरी ने पुलिस की नींद उड़ा रखी थी। एसपी के निर्देश पर भेड़ चोरी का मामला दर्ज कर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बताया जाता है कि लग्जरी कार से चोर भेड़ों की चोरी करते थे। पुलिस ने अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर चित्रकूट के जंगलों से चोरी की 97 भेड़ बरामद कर लिया। आरोपियों के पास से एक तमंचा और एक टीयूवी वाहन बरामद किया गया है। यह गिरोह बरामद लग्जरी वाहन से भेड़ चोरी करता था। बीते माह जिले के ज्ञानपुर, गोपीगंज और औराई इलाके से भेड़ चोरी की गई थी। गिरफ्तार आरोपी खुर्शीद अंसारी जिला रीवा मध्य प्रदेश, मोहम्मद सोहराब गौसपुर थाना गोपीगंज, निगम अली निवासी कंधरा थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट हाल पता गढ़रवा जनेह रीवा मध्य प्रदेश, समीम कुरेशी थाना बरगढ़ जनपद प्रयागराज, जिन्नत खाँ पुत्र कल्लू खाँ निवासी हरदीकलां थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट के निवासी हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज सदानंद सिंह मय हमराह, स्वाट प्रभारी प्रदीप कुमार मय हमराह शामिल रहे।

# 2027 में अखिलेश के नेतृत्व में बनेगी सपा की सरकार

**बोले जावेद आब्दी**

**पत्रकार वार्ता में सपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा**

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सैय्यद जावेद आब्दी ने कहाकि मैनपुरी की जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि विपक्ष की एकता अगर रही तो 2024 में भाजपा की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहेगी। वह जिला पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

मौलाना आब्दी ने कहा कि आज जिस तरह से बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश ने पूरी ताकत के साथ भाजपा का सूपड़ा साफ करने का इरादा किया है उसे यह बात साबित हो रही है की 2024 में भाजपा की मोदी सरकार के अब कुछ ही दिन बाकी रह गये हैं। जावेद आब्दी ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है क्योंकि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आज पूरा विपक्ष आगे बढ़ रहा है।

अपने चाचा शिवपाल यादव की पार्टी का विलय सपा में करवा कर जो सम्मान दिया उससे भाजपा के पैरों तले जमीन खिसकती हुई भी नजर आ रही है। प्रदेश में जीएसटी के नाम पर अधिकारियों के द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने कहाकि आज पूरा प्रदेश त्राहिमाम कर रहा है और व्यापारियों के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय नमक लगाने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार जीएसटी के छापे के द्वारा कर रही है। जावेद आब्दी ने कहाकि रामपुर उपचुनाव ने एक नया तरीका हम लोगों को बताया किस तरह से हम लोग अपने बूथ को मजबूत करें, और लाठी-डंडे के दम पर लोकतंत्र पर कब्जा करने वालों को कैसे जवाब दिया जाए, यह हम लोग आने वाले चुनाव में बताएंगे। इससे पूर्व जावेद आब्दी का पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप पूर्व विधायक अरशद खान, श्याम बहादुर पाल, हिसामुद्दीन शाह, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, पूनम मौर्या, श्रवण जायसवाल, रुक्सार अहमद, अनवारुल गुड्डू, शहंशाह आब्दी, अलमाश सिद्दीकी, अली मंजर डेजी, शाहनवाज सभासद, मजहर आसिफ आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बने शारदा प्रसाद

**सुरियावां।** ब्लॉक के सेवाश्रम इंटर कॉलेज सुरियावां में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद भदोही (चेत नारायण गुट) के जनपदिय कार्य समिति का चुनाव अशोक श्रीवास्तव पर्यवेक्षक के देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के पद पर शारदा सिंह को चुना गया। उपाध्यक्ष के पद पर अहमदुल्लाह खान, ज्ञानचंद भारतीय,राजेश मौर्य, पंडित राम तवंकल, मंजेश सिंह पंडित, गुलाब धर मिश्र गोपीगंज, नीतम कुशवाहा, राधा त्रिपाठी, अखिलेश यादव, बृजेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र गुप्ता, मंत्री ऋषि सहाय पाठक, संगठन मंत्री हरिमोहन यादव, प्रचार प्रसार मंत्री गोस्वामी, संयुक्त मंत्री संजय यादव, चंदन मौर्य, मनोज सिंह, प्रेम शंकर, नीलम सिंह आय-व्यय निरीक्षक डॉक्टर सुनील सरोज व जिला कार्यसमिति व कार्यकारिणी में चुने गए। सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। प्रधानाचार्य डॉ. दिनेश प्रसाद गुप्त ने आए हुए सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर हुआ कार्यक्रम



**सुइथाकला।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की कड़ी में शासन के निर्देश पर रविवार को महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयन्ती पर भारतीय भाषा उत्सव के तहत क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की कड़ी में क्षेत्र के शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारी जहांगीर पट्टी में एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्रधानाध्यापक महेश दूबे ने भाषा व राष्ट्र के उत्थान में महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती के योगदान को साझा किया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों से महाकवि के आदर्शों को अपनाने पर बल दिया। कक्षा 8 की छात्रा ममता ने अपने राष्ट्रवादी काव्य पाठ के माध्यम से लोगों को भाव विभोर कर दिया। संचालन शिक्षक राजेश चौबे ने किया। इस दौरान राम सजीवन मौर्य समेत विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे। इसी कड़ी में रामनगर, भटौली, एकडला, बुमकहा परिषदीय विद्यालयों में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# एसडीएम ने वापस लिया मतदाता सूची का प्रभार

**शाहगंज।** निकाय चुनाव निष्पक्ष निष्पादन हेतु विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की ओर से मतदाता सूची में संशोधन के नाम पर गड़बड़ी के आरोपों पर उपजिलाधिकारी अंकित कुमार ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम ने शिकायत का केंद्र रहे रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार श्रीवास्तव से मतदाता सूची का प्रभार वापस लेकर अशोक मिश्रा के सुपुर्द कर दिया। बीते गुरुवार को सपा नेता वीरेंद्र सिंह बंटी के नेतृत्व में सभासद और अध्यक्ष पद के दावेदारों ने एसडीएम अंकित कुमार से रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार श्रीवास्तव की शिकायत की थी। आरोप था कि उनके द्वारा मतदाता सूची में पालिका क्षेत्र के बाहरी लोगों के नामों को जोड़ने और मौजूदा मतदाताओं के नाम हटाने का काम किया जा रहा है। एसडीएम से जांच कराकर रजिस्ट्रार कानूनगो से मतदाता सूची का कार्य वापस लेकर किसी और को देने की अपील की थी। एसडीएम ने बताया कि कुछ प्रत्याशियों को रजिस्ट्रार कानूनगो को लेकर आपत्ति थी। इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए अशोक मिश्रा को मतदाता सूची के संबंधित जिम्मेदारी दी गई है। अशोक मिश्रा पहले संग्रह अमीन थे और अब उन्हें रजिस्ट्रार कानूनगो का पद दिया गया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# मिठाई की दुकान में लगी आग, हड़कम्प

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गोपपुर तिराहे के पास गैस सिलेंडर में रिसाव के चलते आग लगने के कारण हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि गोपपुर मिजार्पुर चौराहे पर बउ मोदनवाल की मिठाई की दुकान स्थित है। जहां देर रात सिलेंडर लीकेज होने के कारण उसमें आग पकड़ लिया और देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया, जिससे पूरा दुकान आग की चपेट में आ गया। आग लगने से जहां हजारों रुपए मूल्य के सामान जलकर राख हो गए। दुकान में रखे अन्य सामान भी जलकर खाक हो गए। घटना की जानकारी होते ही आसपास के व्यापारी राहगीरों ने किसी तरीके से आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद फायर बिग्रेड के जवान भी मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया। अगलगी की घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि दुकानदार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है ऐसे में प्रशासन द्वारा मदद की मांग की गयी है।

# संगत पंगत ने आयोजित किया सम्मान समारोह



**जौनपुर।** संगत पंगत द्वारा कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित ऑडिटर शिवशंकर श्रीवास्तव एडवोकेट का रविवार को सम्मान समारोह तारापुर कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया तथा संचालन जिला महासचिव सुलभ श्रीवास्तव ने किया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कायस्थ कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष व संगत पंगत के संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव डीओ ने कहा कि समाज में जो जिस क्षेत्र में आगे बढ़ता है उसका सम्मान करने से पूरे समाज का सम्मान बढ़ता है। संरक्षक आरडी श्रीवास्तव ने कहाकि आज विभिन्न क्षेत्रों में कायस्थ समाज के लोग चुनाव जीतकर लोग आगे आ रहे है जो हर्ष की बात है। राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के अध्यक्ष दयाशंकर निगम ने कहा कि संगत पंगत के लोग जो समाज के सुख-दुःख में शामिल होकर एक मिसाल कायम कर रहे है। दीवानी अधिवक्ता संघ के ऑडिटर अतुल ने कहा कि अधिवक्ता समाज ही समाजहित के लिए कार्य करता है। संरक्षक दयाल सरन ने कहा कि आज समय की मांग है सभी संगठनों को एक मंच पर आना होगा। जिलाध्यक्ष पंकज ने कहा कि संगत पंगत समाजहित के लिए कार्य कर रहा है व करता रहेगा। पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित ऑडिटर शिवशंकर को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व माल्यापर्ण कर जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में मनोज श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट, अनिल श्रीवास्तव, अनीस, हरिशंकर श्रीवास्तव, महेंद्र गुप्ता, अरविंद सिंह एडवोकेट, राहुल सिन्हा, राकेश श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## सुधाकर जिलाध्यक्ष व प्रमोद जिला मंत्री निर्वाचित

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपदीय कार्यकारिणी का चुनाव नगर पालिका इंटर कालेज में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ जिसमें सुधाकर सिंह जिलाध्यक्ष तथा प्रमोद कुमार सिंह को जिलामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। निवर्तमान कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने सुधाकर सिंह को अध्यक्ष एवं प्रमोद कुमार सिंह को मंत्री पद पर पुनः निर्वाचन का प्रस्ताव किया जिसका उपस्थित शिक्षक प्रतिनिधियों ने समर्थन किया। परिणाम को घोषित करते हुए चुनाव अधिकारी वाराणसी मंडल मंत्री वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पचास से अधिक शाखा इकाई द्वारा व्यक्त राय के आधार पर जिला अध्यक्ष एवं जिलामंत्री को निर्वाचित घोषित किया गया है। मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह तथा प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह ने नयी कार्यकारिणी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षा के साथ सामाजिक ज्ञान का दूसरा नाम गुरुनानक कॉलेज

**मंजीत सिंह नय्यर से खास मुलाकात**

**चेन्नई के गुरुनानक कॉलेज ने कोविड कॉल में पूरी तल्लीनता के साथ लगभग ढाई हजार लोगों को कॉलेज में स्थान देकर उनकी देखभाल की**

**पारदर्शिता का संदेश देते हुए इस कॉलेज ने प्रवेश प्रक्रिया में फॉर्म जमा करने से लेकर प्रवेश लेने तक के सिस्टम को ऑनलाइन किया**

**कॉलेज की कोर टीम में शामिल सभी एक्सपर्ट की बेहतरीन कार्यशैली से शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार इजाफा हो रहा**



मंजीत सिंह के साथ गुरुनानक कालेज की कोर टीम के सदस्य

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** चेन्नई स्थित गुरुनानक कॉलेज में शिक्षा के साथ छात्रों को सामाजिकता का ज्ञान भी उसी पद्धति के साथ दिया जाता है। जिससे की वह समाज को शिक्षा व सामाजिकता के साथ एक सूत्र में पीरो सकें। गुरुनानक कॉलेज के के महासचिव और संवाददाता मंजीत सिंह नैय्यर ने रविवार को जनसंदेश टाइम्स के साथ इस बात का साझा किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कॉलेज में कुल सात हजार आठ सौ छात्र हैं जो सैकड़ों छात्र शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न कंपनियों में कार्य करते हुए समृद्ध राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहें हैं।



जनसंदेश टाइम्स के खास मुलाकात कार्यक्रम में वार्ता करते हुए मंजीत सिंह ने बताया कि शिक्षा की नई दिशा के साथ समाज को गति देने के उद्देश्य से वर्ष 1971 में गुरु नानक कॉलेज की स्थापना की गई थी। कॉलेज स्थापना का मुख्य उद्देश्य का नेक मिशन सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि, जाति, पंथ या धर्म के बावजूद सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना था। उन्होंने भारतीय उच्च शिक्षा के भविष्य और गुरु नानक कॉलेज की भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताया, और कहा कि मेरा मानना है कि किसी भी कॉलेज में शिक्षा के साथ सामाजिकता का ज्ञान बेहद जरुरी है, जीवन में सिर्फ किताबी ज्ञान से कोई भी अपने जीवन को मार्ग दर्शित कर सकता है लेकिन सामाजिक ज्ञान से वह समाज को नई दिशा देने की पहल कर सकता है।

### छह सौ बच्चों को नि:शुल्क भोजन

मंजीत सिंह बताते हैं कि कॉलेज परिसर में एक गुरुद्वारा भी जहां अरदास सहित शबद कीर्तन की पूरी परम्परा निभायी जाती है। बताया कि इस स्थान पर लंगर के लिए कॉलेज का पूरा सहयोग है। कॉलेज की ओर से ही इस लंगर को चलाया जाता है जहां लगभग छह सौ बच्चों को रोजाना नि:शुल्क भोजन कराया जाता है।

### कोर टीम ने बढ़ाया कॉलेज का मान

मंजीत सिंह बताते हैं कि गुरुनानक कॉलेज को आज नई दिशा देने में उनही कोर टीम का विशेष सहयोग है। टीम के सदस्यों के कंधे पर जिसकी जिम्मेदारी है, उसे वह बाखूबी निभाते हैं। उनकी कोर टीम में डा.स्वाति पॉलिवाल हैं जो कालेज के डीन स्कूल आफ लैंग्वेज और आईक्यूएसी की समन्वयक हैं। डा.सावित्री है जो डीन ऑफ एकेडमिक हैं इसके साथ ही वाइस प्रिन्सीपल की भी जिम्मेदारी डा.सावित्री भली भांति निभा रही हैं। डा.डॉली नोडल के रुप में कॉलेज की सभी जिम्मेदारियों को निभाती हैं डा डॉली कॉलेज में हिन्दी विभाग में प्रोफेसर हैं। हिन्दी भाषियों के लिए इनकी सहभागिता विशेष है। इसके साथ ही डा.मनोज कुमार पांडेय, डा.प्रेम का भी विशेष सहयोग है।

### कोविड में कॉलेज ने दिया सामाजिकता का संदेश

मंजीत सिंह बताते हैं कि कोविड का वह दौर जब लोगों ने हिम्मत हार कर अपनी सुरक्षा को ही धर्म और कर्तव्य समझ रहे थे तब गुरुनानक कॉलेज की टीम ने 45 दिनों तक कुल ढाई हजार लोगों की सेवा की वह भी पूरे तन और मन के साथ, बताया कि उस दौर में जहां जहां से लोग आये सभी को कॉलेज में आश्रय दिया गया। इतना ही नहीं खाना, नाश्ता, रहने के साधन सहित दैनिक दिनचर्या के सभी साधन कॉलेज की ओर से उपलब्ध कराया गया। इतना ही नहीं उस दौर में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती लगभग तीन हजार लोगों को भी भोजन, नाश्ता उपलब्ध कराया गया। कॉलेज के पूरे माहौल को ऐसी दिशा दी गयी कि रुके हुए लोगों को एक घर सरीखा लगे। गुरुनानक कॉलेज के इस सार्थक कदम के लिए मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय मंत्रियों ने सराहना की थी। वह बताते हैं कि वर्ष 2015 में चेन्नई में आये प्राकृतिक आपदा में भी उनकी टीम ने लोगों के मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया था।

### 72 तरह के स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम

मंजीत सिंह बताते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से चलाये जा रहे स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम को गुरुनानक कॉलेज में तीन वर्ष पूर्व से ही संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी छात्रों को उनके स्किल के विकास के अनुरुप शिक्षा दी जाती है। वर्तमान समय में देश के हर हिस्से में छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है।

# लीजिए, आ गई दुनिया की सबसे महंगी दवा



**हाल ही में अमेरिकी के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने हेमजेनिक्स नाम की दवा को देश में बिक्री की अनुमति दे दी है। यह एक जीन थेरेपी है जो 'हीमोफीलिया बी' बीमारी के इलाज के लिए दी जाती है। हीमोफीलिया बी बहुत अनजान लेकिन बहुत खतरनाक बीमारी है जो खून के जमने को मुश्किल बना देती है। इसे बनाने वाली कंपनी सीएसएल बेहरिंग ने अमेरिका में इसकी एक डोज की कीमत 35 लाख डॉलर (करीब 28.84 करोड़ रुपये) तय की है।**

करीब चालीस हजार लोगों में एक इंसान को 'हीमोफीलिया बी' बीमारी होती है। ये बीमारी पुरुषों में अधिक होती है क्योंकि अधिकांश महिलाओं में इसके लक्षण नहीं पाए जाते। हीमोफीलिया दो प्रकार का होता है ए और बी। ये जेनेटिक कोड में गड़बड़ी के चलते होता है। हीमोफिलिया एक जेनेटिक बीमारी है जिसके कारण खून ठीक से नहीं जमता। इसकी वजह से बीमार व्यक्ति के शरीर में खून जमने के लिए जरूरी प्रोटीन नहीं बन पाता, जो कि जानलेवा रक्तस्राव का कारण हो सकता है। इस प्रोटीन का नाम है फैक्टर 9 जो ब्लड प्लाज्मा में होता है। अब तक ऐसे मरीजों को कई हफ़्ते तक फैक्टर 9 के इंजेक्शन लेने पड़ते थे। नई थेरेपी में लैब में बने एक वायरस का इस्तेमाल किया जाता है जिसमें ऐसा जीन होता है जो फैक्टर 9 का निर्माण करता है। हीमोफीलिया के कम गंभीर, गंभीर और अति गंभीर 57 मरीजों पर किए गए दो अध्ययनों में पता चला है कि सिंगल डोज वाली हेमजेनिक्स दवा इस बीमारी से लड़ने में कारगर है। सीएसएल बेहरिंग के अनुसार, जिन लोगों का हेमजेनिक्स से इलाज किया गया, उनमें दो साल तक फैक्टर 9 में वृद्धि और घाव के प्रति सुरक्षा देखी गई है। हालांकि इसकी पुष्टि करने में दशकों लगेंगे कि यह इलाज स्थाई है। फिलहाल इन नतीजों को ठोस माना जा रहा है। एफडीए ने कहा है कि नई दवा हीमोफीलिया बी के मरीजों में फैक्टर 9 बढ़ाने में मदद करेगी, और रक्तस्राव के खतरे को कम करेगी। इसकी एक डोज की कीमत 35 लाख डॉलर ने इसे दवा की दुनिया में सबसे महंगा बना दिया है। इंस्टीट्यूट फॉर क्लीनिकल एंड इकोनॉमिक रिव्यू एक स्वतंत्र संस्था के रूप में दवाओं और अन्य मेडिकल उत्पादों की कीमत का आंकलन करती है। इसके मेडिकल डायरेक्टर डेविड रिंड के मुताबिक, बाजार में उपलब्ध अन्य सिंगल डोज वाली जीन थेरेपी दवाओं, जैसे जाइनटेग्लो (28 लाख डॉलर) और जोल्गेंज्मा (21 लाख डॉलर) के मुकाबले हेमजेनिक्स कहीं ज्यादा महंगी है। जाइनटेग्लो बीटा थैलेसीमिया के लिए जबकि जोल्गेंज्मा स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी के इलाज में दी जाती है। उनके मुताबिक, हेमजेनिक्स की कीमत हमारे हिसाब से 29.3 लाख डॉलर से 29.6 लाख डॉलर के बीच होनी चाहिए। रिंड के अनुसार, ये देखने में आता है कि जीन थेरेपी के लिए कंपनियां ऊंचे दाम लेती हैं, खासकर उन दवाओं के लिए जो असरदार हैं। लेकिन कुछ भी हो, क्या कारण है कि इस दवा का दाम इतना अधिक है? फोर्ब्स मैग्जीन के मुताबिक, साल 2020 में सीएसएल बेहरिंग ने इस थेरेपी के लाइसेंस और मार्केटिंग के लिए इसके शुरूआती डेवलपर यूनीक्योर को 45 करोड़ डॉलर दिए थे। कंपनी ने 2026 तक इस दवा की बिक्री से 1.2 अरब डॉलर कमाने का लक्ष्य रखा है। बॉयोटेक कंपनी ने अपने एक बयान में कहा है, ₹इस दवा की कीमत इसके क्लीनिकल, सामाजिक, आर्थिक और इनोवेटिव वैल्यू को देखते हुए रखी गई है। कंपनी का कहना है कि चूंकि यह सिंगल डोज थेरेपी है, इसकी कीमत बीमारी के इलाज में पहले से इस्तेमाल किए जा रहे इंजेक्शन से कम ही है। अनुमान है कि एक मरीज की पूरी ज़िंदगी में पुरानी पद्धति के इलाज पर दो करोड़ डॉलर का खर्च आता है। कंपनी का कहना है कि पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था पर इस बीमारी से पड़ने वाले आर्थिक बोझ को ये बहुत हद तक कम कर देगा। सीएसएल बेहरिंग ने अमेरिकी बाजार में अगले सात सालों तक इस दवा के वितरण का अधिकार सुरक्षित करा लिया है। असल में इतनी अधिक कीमत आम तौर पर सरकार और हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां वहन करेंगी। उत्तर अमेरिकी देश में फार्मास्युटिकल कंपनियों को दुर्लभ बीमारियों के इलाज खोजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और इसके एवज में दामों पर कोई नियंत्रण नहीं रखा जाता। इस क्षेत्र में विशेषज्ञ संस्था साइंस अलर्ट के मुताबिक, इसका मतलब ये हुआ कि अमेरिका दुनिया के किसी अन्य देश के मुकाबले दवाओं पर दो से छह गुना अधिक खर्च करता है। हालांकि अन्य देशों में हेमजेनिक्स की कीमत नहीं तय की गई है लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि वहां इससे तो कम ही कीमत होगी। (बीबीसी से साभार)

**हेमजेनिक्स है नाम, कीमत है 29 करोड़ रुपए प्रति डोज**

**'हीमोफीलिया बी' जैसी लाइलाज बीमारी में रामबाण है**

# सात घंटे चली शूटिंग, अस्पताल के बाहर जमी भीड़

**मण्डलीय अस्पताल में सात घण्टे तक चला कैमरा, एक्शन व कट**

**फिल्म भोला की शूटिंग लोगों ने देखी, शिवाला में भी शूट हुई फिल्म**

**वाराणसी।** मण्डलीय अस्पताल में रविवार को फिल्म भोला में एक डॉक्टर बनी हीरोइन से अजय देवगन उर्फ भोला के प्यार होने और डॉक्टर से मिलने आने की सीन को दिखाने के लिए सात घण्टे तक कैमरा, एक्शन-कट के पश्चात पूरा हुआ। इस दौरान सुबह से ही अस्पताल के आसपास लोगों की भारी भीड़ लगी थी। बनारस में कई दिनों से अजय देवगन की फिल्म भोला की शूटिंग चल रही है। जिले के दशाश्वमेघ, गंगा उस पार जेटी, रामनगर समेत तमाम जगहों पर फिल्म का शूटिंग किया जा चुका हैं। रविवार को कबीरचौरा स्थित मण्डलीय अस्पताल फिल्म भोला की शूटिंग में हीरोइन अमला पाल एक ऑर्थो (हड्डी की डॉक्टर) की भूमिका में है। वह अस्पताल के बहिरंग विभाग के कमरा नंबर ग्यारह जो रियल में हड्डी के डॉक्टर का ही कक्ष है। उसमें बैठकर मरीज देख रही थी। उसके प्यार में दीवाना भोला यानी हीरो अजय देवगन उससे मिलने के लिए कमरे में जाते हैं। इसी सीन को दिखाने के लिए सुबह सवा छह बजे से 300 शूटिंग कर्मियों ने सात घण्टे तक कैमरा, एक्शन कट का सामना करते हुए फिल्माया गया। इस दृश्य को देखने के लिए लोगों का हुजूम अस्पताल के आस-पास घन्टों लगा रहा। कई बार भीड़ को नियंत्रित करने को पुलिस को लाठी भी भांजनी पड़ी।



कबीरचौरा मंडलीय चिकित्सालय में



शूटिंग के बाद फिल्म यूनिट गोदौलिया स्थित एक होटल पहुंची। यहां से सायंकाल शिवाला घाट पर फिल्म की शूटिंग की गई।

# मुझे सीएम योगीजी से मिलना है...

काशी परिक्रमा

**राधेश्याम कमल**

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर सिगरा में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज कार्यक्रम में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आने वाले थे। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के सभागार के बाहर पुलिस वालों ने इलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया वालों को यह कह कर रोक दिया कि मीडिया नॉट एलाउड। अगला आदेश आने पर आप सभी की इंट्री दी जायेगी। लिहाजा मीडियाकर्मी गेट पर खड़े होकर इंतजार कर रहे थे। इस बीच वहां एक बालिका पहुंची और पुलिस कर्मियों की ओर मुखातिब होकर कहा-मुझे सीएम योगी से मिलना है। उसके सहज भाव को देख कर सभी पुलिस कर्मियों के साथ ही मीडिया कर्मियों को भी हंसी गई। पुलिसकमर्यिों ने कहा कि बेटा वापस लौट जाओ योगी जी मिलना इतना आसान नहीं है। लेकिन बालिका भी अपनी जिद पर अड़ी रही। उसकी जिद को देख कर मीडियाकर्मियों ने पुलिसकर्मियों से रिक्वेस्ट किया कि कम से कम बालिका को तो अंदर जाने दीजिये। बालिका भी मीडिया कर्मियों से कहने लगी कि आप लोग मेरा सपोर्ट कीजिये। मुझे भी जर्नलिस्ट बनना है। काफी देर तक खड़े होने पर भी पुलिसकर्मियों ने उसे अंदर नहीं जाने दिया।

### लगता है सभी को बड़ी भूख लगी है...

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर सिगरा में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी का रूख भोजन की थाली की ओर हो गया। भोजन के लिए महिलाओं व पुरुषों के अलावा युवतियों की लंबी कतारें लग गई। हर कोई प्लेट व चम्मच लेने की जुगत में था। कई लोग इसमें ऐसे भी थे जो बीच में ही लाइन में लग जा रहे थे। कोई कचौड़ी-जलेबी लेने के लिए जद्दोजहद कर रहा था तो कोई दाल-चावल, सब्जी, मलइयो व आइसक्रीम की जुगाड़ में था। बहरहाल इतनी भीड़भाड़ को देख कर किसी ने कमेंट किया- लगता है सभी को बड़ी भूख लगी है। भई, लंच का टाइम तो हो ही गया है।

### ये फिल्म की शूटिंग नहीं, नौटंकी है

गोदौलिया पर फिल्म एक्टर अजय देवगन की फिल्म भोला की शूटिंग चल रही थी। चारों तरफ पुलिसकर्मियों का बोलबाला रहा। किसी को उस रास्ते से जाने भी नहीं दिया जा रहा था। एक तरफ गंगा घाट जाने वाले स्नानार्थी बेचारे भी परेशान थे। वहीं दूसरी तरफ स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी यह सोच कर परेशान थे कि आज वह समय से स्कूल नहीं पहुंच पायेंगे। लिहाजा डांट तो सुननी ही पड़ेगी। इस शूटिंग के दौरान एक महिला अपने छोटे बच्चे का हाथ पकड़ कर गोदौलिया चौराहे से पैदल ही ले जा रही थी। बच्चा भी पीठ पर बैग लटकाये थे। लड़का बोला-मम्मी इ सब क्या हो रहा है। इस पर उसकी मम्मी ने कहा कि बेटा ई फिल्म की शूटिंग नहीं नौटंकी चल रही है। तुम जल्दी-जल्दी पैर बढ़ाओ। स्कूल भी पहुंचना है।